रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹78,380 10 ग्राम
₹1,07,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,402.29 -662.87
डॉलर 84.095 +0.026

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, रविवार, 27 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक-263, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 पीएम के नेतृत्व में पश्चिम एशियाई...

## एक नजर

### एक मंच पर फिर होंगी सुनीता और कल्पना सोरेन

**रांची/नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के समर्थन में चुनाव प्रचार कर सकती हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से अभी इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन राजनीति के गलियारों में चर्चा है कि जिस तरह से कल्पना सोरेन ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली आकर सुनीता केजरीवाल का हौसला बढ़ाया था, अब उसी दोस्त के लिए सुनीता भी झारखंड विधानसभा में प्रचार कर सकती हैं। अगर ऐसा होता है तो यह दूसरी बार होगा जब दोनों मंच साझा करेंगी।

### डॉ. रवींद्र राय बने प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

**रांची।** भाजपा ने शनिवार को



पूर्व सांसद डॉ. रवींद्र कुमार राय को झारखंड में भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह की तरफ से जारी पत्र में यह जानकारी दी गई है। पत्र के अनुसार डॉ. रवींद्र कुमार राय की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद डॉक्टर राय भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे यहां चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। राय को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, डॉक्टर प्रदीप वर्मा, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## आज | कल




## मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर बयान से मचा बवाल

# भाजपा के बाद कांग्रेस पहुंची आयोग

### जामताड़ा सीट से नामांकन के बाद मंत्री ने कथित तौर की थी अमर्यादित टिप्पणी

### जामताड़ा में मामला दर्ज, एनसीएसटी ने लिया स्वतः संज्ञान, 3 दिन में मांगी रिपोर्ट

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के मंत्री और जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. इरफान अंसारी के बयान पर सियासी बवाल मचा है। जामताड़ा से बीजेपी उम्मीदवार सीता सोरेन के खिलाफ दिए गए विवादित बयान को लेकर इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में एफआइआर दर्ज (कांड संख्या 208/24) किया गया है। यह मामला आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में दर्ज किया गया है। वहीं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने राज्य के चीफ सेक्रेट्री, डीजीपी, होम सेक्रेट्री और जामताड़ा एसपी और डीसी से इस मामले की जांच कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट मांगा है। वहीं इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। मालूम हो कि इरफान अंसारी ने 24 अक्टूबर को जामताड़ा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के बारे में कथित तौर पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। उनसे पत्रकारों ने जामताड़ा सीट पर सीता सोरेन की ओर से मिलने वाली चुनौती के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा, वह बॉरो खिलाड़ी हैं। भाजपा ऐसे लोगों को हाईजैक कर उम्मीदवार बना देती है, जो रिजेक्टेड.... हैं। इरफान अंसारी के इस बयान का वीडियो वायरल हुआ, तो सीता सोरेन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी ने नामांकन के तुरंत बाद मीडिया के सामने मेरे लिए जिस अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। पहले भी उन्होंने मेरे बारे में व्यक्तिगत बातें बोली हैं, लेकिन इस बार उन्होंने सारी सीमाएं लांघ दी हैं।



### मेरे वीडियो को काट छांट कर गलत तरीके से पेश किया : इरफान

इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा और सीता सोरेन द्वारा मेरे वीडियो को काट-छांट कर गलत तरीके से पेश किया गया है। ओरिजिनल वीडियो में मैंने सीता सोरेन का नाम तक नहीं लिया, फिर भी भाजपा की चालबाजियों में मेरे खिलाफ झूठ फैलाने के लिए वीडियो को क्रॉप कर पेश किया जा रहा है। यह मुझे बदनाम करने का प्रयास है। यह न सिर्फ मेरी प्रतिष्ठा पर आघात है, बल्कि सच्चाई को दबाने का षड्यंत्र भी है। सीता सोरेन और भाजपा के इन प्रयासों के खिलाफ मैं कोर्ट में 100 करोड़ का मानहानि का दावा करूंगा।



*भाजपा महिला मोर्चा ने शनिवार को रांची स्थित इरफान अंसारी के आवास पर जोरदार प्रदर्शन कर सीता सोरेन के खिलाफ उनके अमर्यादित बयान पर विरोध जताया।*

### भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले को लेकर शुक्रवार को सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पास पहुंचा और उन्हें ज्ञापन सौंपकर इरफान अंसारी को विधानसभा चुनाव तक राज्य बदर करने, उनका नामांकन रद्द करने और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की।

### कांग्रेस भी आयोग की शरण में



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिल कर एक ज्ञापन और पेन ड्राइव सौपा। कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता, राजन वर्मा एवं प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शहदेव ने कहा कि डॉ इरफान अंसारी हमेशा से भाजपा नेताओं के निशाने पर रहते है। भाजपा सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो प्रसारित कर रही है।

### इरफान के अमर्यादित बयान पर एनसीएसटी का स्वतः संज्ञान

जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के द्वारा आदिवासी महिला और भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किये जाने को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। जानकारी के अनुसार, आयोग ने मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, जामताड़ा के उपायुक्त कुमुद सहाय और एसपी डॉ. एहतेशाम वकारिब को आयोग ने नोटिस जारी कर तीन दिनों के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट आयोग को देने कहा है। तीन दिन के अंदर रिपोर्ट नहीं मिली तो इसके बाद अनुसूचित जनजाति आयोग अपने स्तर पर भी को समन कर जानकारी लेगी।

### वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मंइयां सम्मान की ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार की महिला सदस्य के अपमान की चिंता नहीं है। राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी कुर्सी बचाने के लिए, वोट बैंक के लिए कितना नीचे गिरेंगे। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी और एक जनप्रतिनिधि हैं। फिर भी मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गए अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं।

### इरफान को मंत्रिमंडल से निकालें हेमंत : शिवराज



जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी ने आदिवासी महिला सीता सोरेन को 'रिजेक्टेड...' बोला है। यह केवल सीता सोरेन का अपमान नहीं, बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान है। यह भारत की नारी शक्ति का अपमान है। यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शर्म आती है तो इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से बाहर निकाल देना चाहिए।

### सरकार बनी तो इरफान के घर चलेगा बुलडोजर : भानु



इस बीच भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि मंत्री इरफान मियां के घर पर बुलडोजर चलेगा। आपने जिस सीता का अपमान किया है, वो मेरी भाभी हैं। सरकार बनते ही इसका जवाब आपके घर पर बुलडोजर चला के दूंगा।

### पिता जीवित होते तो किसी की इतनी हिम्मत नहीं होती : राजश्री सोरेन

मंत्री इरफान अंसारी के कथित बयान पर सिता सोरेन की बड़ी बेटी राजश्री सोरेन ने एक्स पोस्ट में कहा है कि आज मेरे पिता दुर्गा सोरेन जीवित होते तो मेरी मां के लिए ऐसी नीच टिप्पणी करने का हिम्मत किसी का नहीं होता।

## फर्जी निकासी मामला

## एसआईटी ने 37.18 लाख किया बरामद, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विभाग से 100 करोड़ की फर्जी निकासी मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एसआईटी की टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 37.18 लाख रूपया बरामद किया है। इस मामले में रांची के ओबरिया रोड स्थित एकता नगर निवासी अवशेष लकड़ा को गिरफ्तार किया है। एसआईटी की टीम ने इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक 1. 23 करोड़ रूपया नगद और 16.70 लाख के गहने बरामद किए हैं। इसके अलावा अभी तक 350 विभिन्न बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है। झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोलकर उसमें 10.40 करोड़ ट्रांसफर करने का मामला सामने आया था। इसे लेकर धुर्वा थाना में गिरजा प्रसाद, आलोक




कुमार और अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज है। वहीं तीन अक्टूबर को झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के जीएम फाइनेंस द्वारा 10.4 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की धोखाधड़ी कर फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद चार अक्टूबर को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड ने 40.5 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट ने 56.5 करोड़ की राशि का फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी थी।

## केंद्र ने बम की झूठी धमकियों के संबंध में सोशल मीडिया के लिए जारी की एडवाइजरी

- *मीडिया प्लेटफॉर्म को फर्जी बम धमकी संदेशों का डेटा साझा करने के लिए कहा*
- *व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए गैरकानूनी सामग्री तुरंत हटाना आवश्यक*

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की जिसमें विभिन्न एयरलाइनों को मिल रही बम की फर्जी धमकियों के प्रसार को रोकने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित सभी मध्यस्थों की जिम्मेदारी तय की गई है और इन अफवाहों को रोकने में विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से एयरलाइनों को फर्जी बम धमकी संदेशों के बारे में डेटा साझा करने के लिए कहा है और ऐसी गतिविधियों के पीछे के लोगों की पहचान करने के लिए कहा है।



गुरुवार को 80 से अधिक विमानों को उड़ाने की धमकियां मिलीं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि सोशल मीडिया मध्यस्थों को आईटी अधिनियम 2000, आईटी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 का पालन करना चाहिए।

मंत्रालय ने कहा है कि इन प्लेटफार्मों को सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए गैरकानूनी सामग्री को तुरंत हटाना आवश्यक है। उसने कहा कि इससे सार्वजनिक व्यवस्था और राज्य की सुरक्षा के लिए संभावित खतरा पैदा होता है। इस तरह की झूठी बम धमकियां बड़ी संख्या में नागरिकों को प्रभावित करने के साथ-साथ देश की आर्थिक सुरक्षा को भी अस्थिर करती हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉरवर्डिंग, री-शेयरिंग, री-पोस्टिंग, री-ट्वीट के विकल्प की उपलब्धता के कारण इस तरह की झूठी बम धमकियों के प्रसार का पैमाना खतरनाक रूप से अनियंत्रित पाया गया है। इस तरह की झूठी बम धमकियां ज्यादातर गलत सूचनाएं होती हैं, जो सार्वजनिक व्यवस्था, एयरलाइनों के संचालन और एयरलाइन यात्रियों की सुरक्षा को बड़े पैमाने पर बाधित करती हैं।

### गुजरात: राजकोट के 10 बड़े होटलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**राजकोट।** राजकोट के 10 प्रख्यात होटलों को बम से उड़ाने के बारे में धमकी भरे ई-मेल मिलने के बाद पुलिस समेत सभी जांच एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। सभी होटलों में डॉग स्क्वॉड समेत बम निरोधक दस्ते के साथ तलाशी ली जा रही है। राजकोट के फाइव स्टार होटल इम्पीरियल पैलेस समेत सयाजी होटल, सिजन्स होटल, होटल ग्रांड रेजन्सी समेत इन 10 होटलों को एक साथ ई-मेल भेजा गया है। राजकोट में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान जिस इम्पीरियल पैलेस और सयाजी होटल में क्रिकेट खिलाड़ी रुकते हैं, वहां भी ई-मेल से धमकी दी गई है। मामले में ए डिवीजन के पीआई आर जी बारोट ने बताया कि क्राइम ब्रांच से हमें सूचना मिली है कि इस प्रकार का ईमेल आया है। इसके बाद हमने ए डिवीजन क्षेत्र के भाभा होटल, ज्योति होटल, इम्पीरियल होटल में चेकिंग की कार्रवाई की है। होटलों को दिन के 12.45 बजे ई-मेल भेजा गया। इसमें अंग्रेजी में लिखा गया था कि मैंने तुम्हारे होटल के सभी स्थानों पर बम रखा है, बम कुछ घंटों में ब्लास्ट होगा। आज कई निर्दोष लोगों की जान जाएगी, जल्दी करो और होटल खाली करो। ई-मेल करने वाले ने अपना नाम केन दिन बताया है। ई-मेल मिलने के बाद होटलों में हड़कंप मंच गया।

### मोदी व स्पेन के पीएम सांचेज कल करेंगे विमान सुविधा का शुभारंभ

**गांधीनगर।** पीएम मोदी और स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज सोमवार को गुजरात के वडोदरा दौरे के दौरान सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। यह देश में सैन्य विमानों के लिए निजी क्षेत्र की पहली अंतिम असेंबली लाइन होगी। इसमें विमान के निर्माण से लेकर संयोजन, परीक्षण और योग्यता, डिलीवरी और विमान के रखरखाव तक एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र का पूर्ण विकास शामिल होगा। सी-295 कार्यक्रम के तहत कुल 56 विमान बेड़े का हिस्सा बनेंगे, जिनमें से 16 स्पेन से एयरबस द्वारा सीधे डिलीवर किए जाएंगे और बाकि 40 भारत में निर्मित होंगे। विमानों का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) कैंपस में किया जाएगा। टाटा के अलावा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड जैसे अग्रणी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के साथ ही निजी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कंपनी भी इस कार्यक्रम में योगदान देंगे।

## इंडिया

## परिवार प्रथम की राजनीति देश या वर्चस्व के लिए

भारतीय कहावत है कि मतदाताओं की स्मरण शक्ति बहुत कम होती है या जान बूझकर अनजान बने रहने का स्वांग रचते हैं पर सोशल मीडिया और स्मार्टफोन ने इसे उलट दिया है ।भारतीय राजनीति में



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

परिवारवाद को लेकर ब्रिटिश लेखक पेट्रिक फ्रेंच ने एक दिलचस्प अध्ययन किया है। उनके अनुसार 15वीं लोकसभा में 545 सांसदों में से 156 सांसद अर्थात 28.6 प्रतिशत राजनैतिक परिवारों से थे। प्रसिद्ध समाजवादी डॉ राममनोहर लोहिया ने भारतीय राजनीति में सुधार के लिए चेताया था कि जिसमें नेतृत्व क्षमता हो, वे आगे आएं। राजनीति में वंशवाद को कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

हमारे देश में राजनीति एक लाभकारी व्यवसाय बनती जा रही है, जिसमें न तो किसी शैक्षणिक योग्यता की जरूरत होती है और न ही किसी विशेषज्ञता की। उम्र का कोई बंधन नहीं और रिटायरमेंट के लिए कोई जगह नहीं। आरक्षण की तरह राजनीति में अत्यंत संपन्न पृष्ठभूमि वालों को परिवारवाद से दूर रहने की सबसे अधिक आवश्यकता अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्ग के नेतृत्व की है। लेकिन दुखद यह है कि जाति के नाम पर गोलबंदी की बिसात पर दलित से लेकर पिछड़े या अल्पसंख्यकों की भी राजनीति करने वाले पहले अपने परिवार को ही अपनी विरासत सौंपते हैं। इसी के चलते संविधान की मूल भावना के अनुरूप गरीबी तो दूर नहीं हो रही है पर नेताओं का राजतंत्र बन रहा है। राजनीति में राजनैतिक परिवार से जुड़ा होना योग्यता का मुख्य मापदंड हो गया है। परिवारवाद के चलते योग्य व्यक्तियों को आगे आने का मौका नहीं मिलता। कर्मठ कार्यकर्ता भीड़ का हिस्सा



बनते रह जाते हैं। ब्रांडिंग के बदौलत राजनीतिक परिवारों के अयोग्य और हास्यास्पद गतिविधियों वाले कथित नेता प्रमुख पदों तक पहुंच जाते हैं जिससे गरीबी, आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, सामाजिक भेदभाव, अपराध दूर करने और राजनीति में गलत लोगों के प्रवेश जैसे शब्द निरर्थक हो रहे हैं। इसमें उत्तर दक्षिण और पार्टी में कोई भेदभाव नहीं तमिलनाडु में एक ही राज्य में पिता सीएम और बेटा डिप्टी सीएम। हालांकि यह किसी एक दल की बात नहीं लेकिन क्षेत्रीय दलों में परिवारवाद काफी हावी है। बंगाल, बिहार, झारखंड, यूपी, हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र, महाराष्ट्र समेत ऐसे कई और राज्य हैं जहां परिवारवादी पार्टियों का बोलबाला है। यहां एक ऐसी राजनीति प्रथा दिखेगी जहां राजनीतिक सत्ता एक परिवार से दूसरे परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रहती है। भारत की बात करें तो तमिलनाडु में डीएमके, कर्नाटक में जेडीएस, तेलंगाना में बीआरएस, आंध्र में टीडीपी, यूपी में सपा और लोकदल, बिहार में आरजेडी,झारखंड में जेएमएम, पश्चिम बंगाल में टीएमसी, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी, जम्मू में पीडीपी और नेशनल कॉफ्रेंस, हरियाणा में चौटाला परिवार, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस में परिवारवाद के साथ ही इस बार जीत की दौड़ में महाराष्ट्र और झारखंड भी इसमें शामिल हैं। राजनीतिक पार्टियों का कहना है कि यदि उनके बच्चों या परिजन में योग्यता है तो क्यों वंचित रखा जाए। जिस प्रकार व्यवसाय या हुनर पारिवारिक स्तर पर सभी सीख जाते हैं तो इसमें बुरा क्या है? पर इसमें आपत्ति इस बात की है कि फिर समाजवाद का क्या होगा जिसकी दुहाई लोग देते हैं ? क्या राजतंत्र की तरह राजा का बेटा ही राजा होगा? क्या योग्यता राजनीति में मापदंड नहीं होगा? यहां बहुत सारे मामले गड्डमड्ड हो जाएंगे जिससे नेता बचना चाहते हैं।

## 12 दिन में 57.66 करोड़ की अवैध सामग्री व नकदी जब्त

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड में



विधानसभा चुनाव में रुपयों और संसाधनों के दुरुपयोग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पिछले 12 दिनों में 57 करोड़ 66 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने शनिवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि स्वच्छ चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान में केंद्र और राज्य की 24 से अधिक एजेंसियां लगी हैं। सबसे ज्यादा 47 करोड़ से भी अधिक की राशि और सामग्री की बरामदगी पुलिस विभाग की कार्रवाई में बरामद की गई है, जबकि राज्य के वाणिज्य कर विभाग ने 4 करोड़ 46 लाख से अधिक बरामदगी की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शनिवार को इस मुद्दे पर राज्य में सभी प्रवर्तन एजेंसियों के अफसरों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने अफसरों से कहा कि रुपये के अवैध लेनदेन, अवैध शराब, प्रतिबंधित सामग्री और वैसी सभी सामग्री को जब्त करने का अभियान जारी रखें। उन्होंने कहा कि केवल कैश (नकदी) ही नहीं, अपितु अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है। इन सभी गतिविधियों को हर हाल में रोकना है।

### कांग्रेस ने झारखंड की बहनों-बेटियों का किया अपमान, बोले शिवराज

# इरफान को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें हेमंत

### सीता सोरेन पर अमर्यादित टिप्पणी का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी का सीता सोरेन पर दिए अमर्यादित बयान पर भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध किया है। शनिवार को भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन से इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है। शिवराज सिंह ने इरफान के बयान का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन जी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। क्या इरफान अंसारी को शर्म नहीं आती है? आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है। उनको शर्म करनी चाहिए। भाजपा महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

शिवराज सिंह ने आगे कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। वे



*महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा*

झारखंड भाजपा की सम्मानित नेता हैं। इरफान अंसारी ने सीता सोरेन जी के लिए भद्दी शब्दों का इस्तेमाल किया। कांग्रेस नेता इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन का अपमान नहीं किया, बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। यह भारत की नारी शक्ति का अपमान है। अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शर्म आती है, तो इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से बाहर निकाल देना चाहिए।

## कांग्रेस नेता इरफान का टिकट रद्द करें राहुल : अन्नपूर्णा

कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री



अन्नपूर्णा देवी ने सीता सोरेन पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान का घोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए बहुत ही अपमानजनक टिप्पणी की है। महिलाओं के लिए कांग्रेस की क्या सोच है, कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के बयान से स्पष्ट हो गया है। कांग्रेस महिला और युवा विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में महिलाओं के लिए ओछी मानसिकता हमेशा से रही है। इसे आज कांग्रेस के इरफान अंसारी ने सीता सोरेन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर स्पष्ट कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने कहा कि मैं इरफान अंसारी के टिप्पणी का विरोध करती हूं। झारखंड में कांग्रेस ने एक आदिवासी महिला सीता सोरेन का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं की पूजा की जाती है, उनका सम्मान किया जाता है। लेकिन महिलाओं के प्रति कांग्रेस गलत और ओछी मानसिकता का परिचय इरफान अंसारी के बयान से साफ हो गया है। अगर कांग्रेस महिलाओं की इतना ही चिंता करती है, तो कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इरफान अंसारी के टिकट को वापस ले लेनी चाहिए। सांसद अन्नपूर्णा ने प्रियंका गांधी से भी इरफान अंसारी के बयान का जवाब मांगा। अन्नपूर्णा ने कहा कि महिलाओं को कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के अमर्यादित बयान का विरोध करना चाहिए। ऐसी ओछी मानसिकता वाले लोगों और ऐसे मंत्री को हटाना चाहिए और इरफान अंसारी के टिकट को वापस लेना चाहिए। लेकिन, कांग्रेस ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करती है।

## वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत सोरेन : बाबूलाल



बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान की ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार के महिला सदस्य के अपमान की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि अपनी कुर्सी बचाने केलिए, वोट बैंक के लिए कितना नीचे गिरेगे हेमंत सोरेन। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी, एक जनप्रतिनिधि हैं। फिर भी मुख्यमंत्री जी अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गए अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं।

# रांची विस क्षेत्र में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

- *सुरभि सिंह के नेतृत्व में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चला कैंपेन*
- *बूथ संख्या 17 और 22 सबसे कम मतदान का क्षेत्र*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वीप के तहत नोडल पदाधिकारी पीडब्ल्यूडी कोषांग, रांची, सुरभि सिंह के नेतृत्व में रांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका आयोजन मेट्रो गली (बिड़ला मैदान, रातू रोड) बूथ संख्या 17 और 22 में पड़ने वाले अपार्टमेंट (बालाजी अपार्टमेंट, ऋषिकेश अपार्टमेंट एवं निजी घरों) में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया गया। बिड़ला मैदान से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था।

मैदान में लगे सब्जी बाजार में सब्जी विक्रेता एवं अन्य विक्रेता, जो स्थानीय मतदाता हैं, उन्हें मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके पश्चात उस क्षेत्र में पड़ने वाले अपार्टमेंट, निजी घरों, स्कूल से वापस आ रहे छात्रों एवं उनके अभिभावकों के साथ-साथ स्थानीय दुकानदारों को भी आमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम में 150 आंगनबाड़ी सेविकाएं वाद्य यंत्र के साथ स्थानीय भाषा में स्वयं द्वारा निर्मित लोकगीतों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता पैदा किया।

### मतदान करने के लिए निमंत्रण

इस कार्यक्रम में मतदान के लिए आमंत्रण देने को मतदाताओं के घर तक पहुंच कर उन्हें आमंत्रण दिया गया। आमंत्रण मिलने पर मतदाताओं द्वारा उत्साहपूर्वक आमंत्रण स्वीकार करते हुए मतदान दिवस पर मतदान केंद्र जा कर मतदान करने का संकल्प लिया गया।

### हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

मतदाताओं द्वारा इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम मतदान के समय लगातार चलाते रहने का सुझाव भी दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम से उक्त इलाके में महौल मतदान मय हो गया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए भालू, बंदर का पोशाक पहने हुए कलाकार को भी टीम के साथ भ्रमण कराया गया।

## पुलिस आब्जर्वर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चुनाव आयोग के पुलिस आब्जर्वर ने शनिवार को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। ऑब्जर्वर आईपीएस राहुल मलिक ने रांची के पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कई दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता एवं अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित थे।

झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होना है। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में 13 जिलों की 43 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 16 जिलों की 38 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। पहले चरण के नॉमिनेशन की प्रक्रिया संपन्न हो गई है।

43 विधानसभा सीटों पर 804 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। सबसे अधिक जमशेदपुर पूर्वी से 32, जमशेदपुर पश्चिमी से 31 और हटिया विधानसभा क्षेत्र से 30 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। 18 अक्टूबर को पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी हुई थी। 25 अक्टूबर पहले चरण के नॉमिनेशन करने की अंतिम तारीख थी। 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं, 30 अक्टूबर प्रत्याशियों के नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन होगा।

## जयराम महतो दो जगहों से लड़ेंगे चुनाव

**रांची (हि.स.)।** जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने अब तक 74 सीटों पर उम्मीदवारों की नामों की घोषणा कर दी है। इस



सूची में जयराम महतो खुद बेरमो सीट से भी चुनाव लड़ेंगे। इस तरह जयराम ने डुमरी और बेरमो दोनों सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इसके अलावा, रांची सीट से प्रत्याशी को भी बदला गया है। अब रांची सीट से प्रेम नायक की जगह राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। शनिवार को जयराम की पार्टी ने दस उम्मीदवारों की घोषणा की। इसमें बेरमो से जयराम महतो, चंदनक्यारी से अर्जुन रजवार, खिजरी से सरिता तिर्की, गोमिया से अमरेश महतो, लिट्टीपाड़ा से मार्क बास्के, सारठ से अजहर अंसारी,जामा से देबिन मुर्मू, मांडू से बिहारी महतो, शिकारीपाड़ा से अविनाश हेंब्रम और रांची से राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया है।

# विस के प्रथम चरण के चुनाव के लिए 805 लोगों ने किया नामांकन

### अब तक 57.66 करोड़ की अवैध सामग्री व नकदी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को किसी की भावना को आहत करने वाले बयान से बचना चाहिए। ऐसा बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में ही एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। चुनाव आयोग के इन दिशा-निर्देशों को दोबारा राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश में मुख्य रूप से कहा गया है कि मतदाताओं की जातिगत, सांप्रदायिक भावानाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मतदाताओं को गुमराह करने के उद्देश्य से राजनीतिक दल और



कार्यकर्ता बगैर तथ्यात्मक आधार के कोई गलत बयानबाजी नहीं करेंगे। बगैर प्रमाणित आरोप के तोड़-मरोड़ कर अन्य दलों या दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं की आलोचना नहीं करनी है। नेताओं या कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के किसी पहलू, जो सार्वजनिक गतिविधियों से संबंधित नहीं हों, की आलोचना नहीं की जाएगी। कहा कि अपने विरोधी को अपमानित करने के लिए व्यक्तिगत आक्षेप के निम्नतम स्तर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए पूजा स्थलों का उपयोग नहीं किया जाएगा। खासकर धार्मिक उपहास और निंदा के संदर्भ नहीं दिए जा सकते। राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को किसी भी ऐसे कृत्य बयान से परहेज करना है, जिन्हें महिलाओं के सम्मान और प्रतिष्ठा के प्रतिकूल माना जा सकता है। मीडिया में असत्यापित एवं भ्रामक विज्ञापन नहीं दिए जाएंगे। समाचार सामग्री के रूप में छद्म तरीके से विज्ञापन नहीं दिए जाएंगे। सोशल मीडिया में विरोधियों को अपमानित या तिरस्कार करने वाले, गरिमा से नीचे के पोस्टों को डालना, साझा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। बताया कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 805 नामांकन दर्ज किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक 32-32 नामांकन पूर्वी और पश्चिमी जमशेदपुर में हुए हैं। सबसे कम नामांकन सिमरिया और खूंटी में 11-11 दर्ज किए गए हैं। साथ ही, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ अब तक 19 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा का विलंब से लिया गया फैसला, पर सटीक : सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद, झारखंड स्वशासी परिषद (जैक) के पूर्व उपाध्यक्ष एवं झारखंड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ सूरज मंडल ने आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव की जारी प्रक्रिया के बीच भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पूर्व सांसद रवींद्र राय को झारखंड प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति को विलंब से लिया गया, पर सही-सटीक फैसला करार दिया है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए डॉ मंडल ने कहा कि यदि यही निर्णय एक महीना पहले भी लिया जाता, तो इसका भाजपा के पक्ष में बहुत बेहतर परिणाम होता। सभी पिछड़े वर्ग एवं अन्य समुदायों के बीच भी अच्छा संदेश जाता, जिसका कहीं अधिक फायदा भाजपा को चुनावों में मिलता। परंतु, देर से ही सही पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कार्यकताओं की बात सुनकर सराहनीय कार्य किया है। डॉ मंडल ने कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय की नियुक्ति की तरह ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल



*रवींद्र राय की नियुक्ति की तरह ही ओबीसी के सभी वर्गों को तत्काल प्रतिनिधित्व दे भाजपा*

सभी जातियों को भी प्रमुखता से पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर प्रमुखता से प्रतिनिधित्व देना चाहिए, न कि केवल एक्का-दुक्का जातियों को ही ओबीसी के नाम पर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में जिनकी आबादी मात्र दो प्रतिशत है, उन्हें पांच-पांच सीट दी गई है, जबकि वैश्य समाज का कुल 42 प्रतिशत वोट है और उसे भी पांच सीट ही दिया गया है। वैश्य समाज न केवल भाजपा का कोर मतदाता है, बल्कि ओबीसी में भी महत्वपूर्ण है।

### भाजपा की कोख से झारखंड का जन्म हुआ है, बोले डॉ रवींद्र राय

## हम इसे बर्बाद होते नहीं देख सकते

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के कार्यकारी



अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ रवींद्र राय ने कहा कि भाजपा में 1984 से हम सब साथ काम कर रहे हैं। राजनीतिक सूझबूझ, कार्यकर्ता के नाते क्या भाव होना चाहिए, यह सब हम लोगों के संस्कार में आया है। अनेक अवसर पर चुनाव लड़ने का, चुनाव लड़ाने का, पार्टी का नेतृत्व करने का प्रदेश स्तर पर भी अनुभव थोड़ा बहुत मुझे रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर झारखंड को फिर से राजनीतिक संक्रमण काल से मुक्त कराने के लिए पार्टी ने जो हमारे ऊपर विश्वास किया, इसके लिए मैं पीएम, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का प्रति आभार व्यक्त करता हूं। राय ने कहा कि चुनाव के मौके पर उन्होंने मुझे एक खास जिम्मेदारी दी है। चुनाव में किसी प्रकार का कार्यकर्ता और संचालन के बीच गैप ना हो, उसे हम पूरा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं यह मानता हूं कि अटल, आडवाणी के सपनों का झारखंड बनना चाहिए। भाजपा की कोख से झारखंड का जन्म हुआ है। हम इसे बर्बाद होते नहीं देख सकते। झारखंड आने वाले समय में कैसे बेहतर करें, इस दिशा में मैं काम करूंगा। भारतीय जनता पार्टी जब तक है, झारखंड को सुरक्षित रखने का काम हम करेंगे। पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद डॉ राय भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई नेताओं ने उनका स्वागत अंगवस्त्र देकर और मिठाई खिलाकर किया।



## झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी : मीरा मुंडा

**पोटका।** पोटका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी मीरा मुंडा ने शनिवार को जादूगोड़ा में स्थित रंकिनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने आज के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मीरा मुंडा ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ सोहदा पंचायत, कलिकापुर पंचायत और मानपुर पंचायत समेत कई जगहों पर जनसंपर्क कर जनता से संवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में यहां पर सिर्फ शिलान्यास करने का काम किया गया। यही कारण है कि जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी।

# जेएमएम और जेएलकेएम के सैकड़ों युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/पेटरवार।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो पर आस्था व्यक्त करते हुए जेएमएम एवं जेएलकेएम के सैकड़ों युवाओं ने मिलन समारोह में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पेटरवार स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न पंचायत से आए इन युवाओं का स्वागत करते हुए डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि जिस प्रकार से युवाओं ने अपना उत्साह दिखाया है और



आजसू पार्टी में शामिल हुए हैं, उससे यह प्रतीत होता है कि युवा गोमिया विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में अव्वल बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह समझ बन गई है की राज्य में एनडीए की सरकार बनाना आवश्यक हो गया है। युवाओं में इस बात की चर्चा है कि राज्य की मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार से युवाओं का भला होने वाला नहीं है। इस सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आए युवाओं से आजसू पार्टी को एक नई ऊर्जा मिलेगी। यह युवा विभिन्न टोलों व गांवों में जाकर संगठन को जहां सशक्त करेंगे, वहीं लोगों को भी गोल बंद करेंगे। मिलन समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा छोड़ ओमप्रकाश भोक्ता, सिकंदर भोक्ता, नारायण भोक्ता, नतरू भोक्ता, तुरन भोक्ता, अकलू गंझू, सीताराम भोक्ता, राजू भोक्ता, सुंदर भोक्ता, तुपेश भोक्ता ,सुरेश भोक्ता, सुभाष भोक्ता आदि ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### सीईओ ने सभी डीईओ के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

# एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने शनिवार को कहा कि एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित नहीं रहे। इसके लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक या वैसे दिव्यांग मतदाता जो घर से मतदान करना चाहते हैं, उन्हें फॉर्म 12-डी उपलब्ध करा दें। रवि कुमार ने ये बातें निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) और जिलों के पुलिस पोस्टल बैलेट एवं पोस्टल बैलेट सेल के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित वोटर, जो पोस्टल बैलट से मतदान की अर्हता रखते है और इच्छुक हैं, उन मतदाताओं को फॉर्म 12 या 12-डी अवश्य उपलब्ध करा दिया जाए। उन्होंने समीक्षा के क्रम में कहा कि सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक



*बैठक में पुलिस पोस्टल बैलेट एवं पोस्टल बैलेट सेल के नोडल पदाधिकारी भी थे*

करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए इच्छुक मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दें। रवि कुमार ने कहा कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कार्य में लगे सहायक पुलिस कर्मियों के मतदान की भी व्यवस्था करा ली जाए, जिससे कर्तव्य पर रहते हुए वे मताधिकार से वंचित न हों। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी जिले में मतदान कर्मियों का राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के जरिये प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ट्रेनिंग की भौतिक समीक्षा अवश्य करें एवं इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि मतदान कर्मियों को ईवीएम क्लोजिंग डाटा संग्रहण का संपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो, जिससे मतगणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि या संशय की स्थिति उत्पन्न न हो। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी जिले में होम वोटिंग एवं निर्वाचन में लगे मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया का कलेंडर जारी किया गया है। इस कैलेंडर का अनुपालन करते हुए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक के या दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने में असक्षम हैं, उनके लिए होम वोटिंग की व्यवस्था करनी है। इसके लिए बीएलओ के जरिये चिह्नित मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए एक टोल फ्री नंबर दे दें, जिससे होम वोटिंग के लिए यदि कोई इच्छुक मतदाता है, तो वह संपर्क कर फॉर्म उपलब्ध कराने को कह सकें।

## 'इंटेलिजेंस से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर करें छापेमारी'

सीईओ के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में प्रवर्तन एजेंसियां रुपये के अवैध लेन-देन, अवैध शराब, प्रतिबंधित सामग्री अथवा वैसे सभी फ्री बीज पर नजर रखते हुए जब्त करें, जिनसे मतदान को प्रभावित करने की संभावना हो। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कर रही हैं। इसके बाद भी कुछ क्षेत्रों में अभी भी बेहतर प्रदर्शन करना अपेक्षित है। वह शनिवार को राज्य के सभी प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन से संबंधित समीक्षा कर रहे थे। कुमार ने कहा कि केवल कैश ही नहीं, अपितु अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है।

## नाला विस क्षेत्र में पार्टी को मैंने खड़ा किया, पर मेरा ही टिकट कटा : बाटुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद, हर दिन किसी न किसी विधानसभा सीट में कोई ना कोई किस्से बाहर आ रहे हैं। इन्हीं किस्सों में एक किस्सा है, नाला विधानसभा क्षेत्र की है। नाला विधानसभा क्षेत्र में झारखंड अलग राज्य बनने के बाद केवल एक बार ही भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई है। सरकारी नौकरी का त्याग कर सत्यानंद झा बाटुल ने भाजपा का प्रसार प्रचार किया था। हालांकि, इस मेहनत का फल उन्हें पार्टी ने टिकट दे कर दिया। वर्ष 2009 में सत्यानंद झा ने नाला विधानसभा ना केवल जीत हासिल की, बल्कि उन्हें मंत्री भी बनाया गया।

वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में वे दूसरे स्थान पर रहे। नाला विधानसभा क्षेत्र के कुलडंगाल के लोग बताते है कि सत्यानंद झा बीजेपी की दिन रात प्रचार में लगे रहते थे। रात होने



पर किसी के घर में खा लेते थे और कहीं भी सो जाते थे।

इस बार के चुनाव में सत्यानंद झा को टिकट नहीं दिया गया, इससे वे काफी नाराज हैं। उन्होंने निर्दलीय चुना लड़ने की घोषणा की है। इस बार बीजेपी ने माधव माहतो को मैदान में उतारा है। माधव माहतो इससे पहले अलग-अलग पार्टियों से चुनाव लड़ चुके हैं। जानकार यह भी कहते है कि माधव माहतो के चुनाव लड़ने से सत्यानंद झा को हार का सामना करना पडता था, क्योंकि वोट बंट जाया करता था। अब इस चुनाव में देखना है कि जनता किसे पंसद करती है।

वर्ष 2000 के विधानसभा चुनाव में सीपीआई के टिकट पर विशेसर खां विधायक बने थे। 2005 के चुनाव में रवींद्र नाथ महतो ने जेएमएम के टिकट पर जीत हासिल की, 2009 के चुनाव में बीजेपी के टिकट पर सत्यानंद झा ने जीत का परचम लहराया था। वहीं, 2014 और 2019 के चुनाव में फिर से रवींद्र महतो चुनाव जीत कर विधायक बने, वहीं 2019 के पंचम विधानसभा के अध्यक्ष भी बने। सत्यानंद झा बाटुल ने कहा कि मैंने पार्टी के लिए बहुत मेहनत किया। नाला विधानसभा में पार्टी को खड़ा किया है। जब कोई नहीं था, तब मै था और आज एक पार्टी के बाहर के आदमी को टिकट दे दिया गया है। आज मेरे साथ ये ठीक नहीं किया। मेरे जगह उसे टिकट दे दिया गया है, जो हर बार अलग अलग पार्टियों से चुनाव लड़े हैं।

## हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमिया डीलरशिप नेटवर्क का किया विस्तार

# रांची में पहली बार हुआ हीरो प्रीमिया डीलरशिप का शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता रांची। मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने शनिवार को रांची में अपनी पहली प्रीमिया डीलरशिप का शुभारंभ किया। रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ की पत्नी नीता सेठ, जोनल हेड ईस्ट, हीरो मोटोकॉर्प, कैलाश सिंघानिया, विभोर सिंघानिया डीलर प्रिंसिपल ने आउटलेट का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

## भारत की सांस्कृतिक धरोहर है संस्कृत : डॉ प्रकाश सिंह

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के संस्कृत विभाग में शनिवार को दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके संभाषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और विशेष आमंत्रित अतिथियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत भारती के महानगर अध्यक्ष डॉ प्रकाश सिंह ने कहा कि संस्कृत भारत की सांस्कृतिक धरोहर है और यह विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है। उन्होंने इसे एक संपूर्ण भाषा बताते हुए कहा कि इसमें न केवल हमारे ग्रंथों का ज्ञान निहित है, बल्कि यह विज्ञान, चिकित्सा, गणित, ज्योतिष और अन्य कई विषयों का समृद्ध भंडार भी है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में जब आधुनिकता के नाम पर लोग अपनी भाषाओं और परंपराओं से विमुख हो रहे हैं, ऐसे में संस्कृत का अध्ययन और संभाषण हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखता है।

## 68 कंपनियों ने टेंडर डाला है, पर अब तक यह खुला नहीं

# रांची विवि में बिना टेंडर प्रक्रिया पूरी किए बहाल हो गए सुरक्षाकर्मी!

रजनीश




15 सुरक्षाकर्मी कर रहे हैं काम, पांच विवि मुख्यालय में, 10 कैंपस में हैं तैनात

रांची। राजधानी रांची ही नहीं, बल्कि झारखंड का सबसे पुराना विश्वविद्यालय रांची यूनिवर्सिटी भ्रष्टाचार का भी रिकॉर्ड बनाने पर तुला है। ताजा मामला यह है कि पीआरडी एएसके सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के 15 सुरक्षाकर्मी बिना टेंडर के रांची विश्वविद्यालय में बहाल किए गए हैं। सुरक्षा कर्मियों की बहाली के लिए जो टेंडर निकला था, उस टेंडर में 68 कंपनियों ने टेंडर डाला है। अब तक यह टेंडर खुला नहीं है। कौन एल-वन होगा, इसकी भी जानकारी नहीं है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय मुख्यालय और विश्वविद्यालय के विभागों में सुरक्षा कर्मी कार्यरत हैं। बिना टेंडर के सुरक्षा कर्मी कैसे बहाल किए गए हैं, इसकी सही जानकारी संबंधित अधिकारी को भी नहीं है। जिस कंपनी का सुरक्षा कर्मी रखा गया है, उस कंपनी ने टेंडर डाला है या नहीं, यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय सलाहकार रांची विश्वविद्यालय में है ही नहीं, या जान-बूझकर नहीं रखे गए हैं। कार्यरत सुरक्षाकर्मी ने कहा, हमलोग कुल 15 सुरक्षाकर्मी काम कर रहे हैं। हम में से पांच विश्वविद्यालय मुख्यालय में हैं और बाकी विश्वविद्यालय के कैंपस में काम कर रहे हैं। इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से पक्ष लेने के लिए फोन किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं रिसिव किया। ना ही वापस कॉल किया। विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ प्रकाश कुमार झा से इसके बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अभी टेंडर खुला नहीं है। 68 लोगों ने टेंडर डाला है। टेंडर की प्रक्रिया लगभग पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में इन्हें ऐसे ही रख लिया गया है। विश्वविद्यालय में गार्ड को ले कर दिक्कत हो रही थी, इसलिए रखा गया है।



## त्योहारों में होने वाले व्यवसाय को ऑफलाइन प्रमोट करें : आस्था किरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड चैंबर की महिला उद्यमिता उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक में वोकल फॉर लोकल को प्रमोट करने के लिए महिलाओं, युवाओं एवं स्टार्टअप बिजनेस से संबंधित उद्यमियों को बुलाकर चैंबर के मार्गदर्शन से उनके व्यापार को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। ऑनलाइन व्यापार से स्थानीय व्यापारियों को हो रही कठिनाई पर चिंता व्यक्त करते हुए चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि ऑफलाइन व्यापार को प्रोत्साहित किया जाना बेहद आवश्यक है। यह भी कहा कि यदि हम वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ देश में बने उत्पादों का उपयोग करें तो न सिर्फ भारत एक मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उप समिति चेयरपर्सन आस्था किरण ने कहा कि दिवाली एवं अन्य त्योहारों में होने वाले व्यवसाय को ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन के मंच पर प्रमोट करना चाहिए, ताकि छोटे उद्यमियों को एक बाजार उपलब्ध हो और और उनका व्यापार बढ़ सके। इसी संदर्भ में टेफी के मैनेजिंग डायरेक्टर रंजीत रंजन एवं सदस्य अर्चना श्रीवास्तव ने चैंबर अध्यक्ष को 27 अक्टूबर को होने वाले व्यापारिक मेले में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

## इस दिवाली भी नहीं जलेंगे अतिथि शिक्षकों के घर दिये

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों के घरों में इस दीपावली भी दीये नहीं जलेंगे। वहीं, उनके घरों में पिछले 17 महीने से आर्थिक अंधकार छाया हुआ है। दरअसल, रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को पिछले 17 महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, सभी की आर्थिक स्थिति दयनीय हो चुकी है। इसे लेकर शनिवार को अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात करने के लिए पहुंचा, परंतु कुलपति के अनुपस्थिति के कारण उनकी मुलाकात नहीं हो पाई और वे मायूस होकर वापस लौट गए। इस पर संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि कब तक हम लोग अपने वेतन के लिए भीख मांगते रहेंगे, शिक्षकों के साथ इस तरह की उत्पीड़न अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, डॉ सतीश तिर्की ने कहा कि एक ओर हमें वेतन नहीं दिया जा रहा है, दूसरी ओर कक्षा लेने से भी रोका जा रहा है, इस पर राजभवन भी मौन है। ज्ञात हो कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को झारखंड सरकार के वित्त विभाग से राशि दे दी गई है, लेकिन एचआरडी द्वारा विश्वविद्यालय को राशि उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ अर्चना शेफाली, शिवकुमार, आलिया परवीन, डॉ हैदर अली, दीपशिखा, राजू हजाम, डॉ साबिर, डॉ सतीश तिर्की, विकास कुमार, पूनम कुमारी आदि शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के चौधरी बगान केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम आज

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड, रांची में दीपावली पर्व के पूर्व सप्ताह में रविवार (27 अक्टूबर) को आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन प्रातः 8:30 बजे से होगा। यह जानकारी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

## रांची स्टेशन से शराब के साथ एक गिरफ्तार



रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से एक आरोपी को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अभिषेक कुमार बताया गया है। वह बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ आरपीएफ बेहद अलर्ट है। ऑपरेशन सतर्क के तहत अभियान चालू है। इसी क्रम में आरपीएफ ने ट्रेन नंबर 18622 एक्सप्रेस के आगमन के समय रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने देखा कि एक पुरुष ट्रेन नंबर 18622 में एक पिट्ठू बैग के साथ सवार हुआ। संदेह के आधार पर उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके बैग से कुल 12 बोतल शराब बरामद हुई। इसके बाद आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया गया।

## सीसीएल में विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत शिकायत निवारण शिविर का आयोजन



रांची। विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत शिकायत निवारण शिविर का आयोजन शनिवार को केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर, सीसीएल, रांची में अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के लिए किया गया। केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर से कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं। सभी शिकायतों में से अधिकांश क्वार्टर रख-रखाव, पीएफ एवं पेंशन दावों के निपटारे से संबंधित थीं। जबकि अन्य सेवा पुस्तिका से संबंधित मामले थीं। अधिकांश मामलों का या तो समाधान कर दिया गया या सभी अभ्यर्थियों को उनकी शिकायतों का समयबद्ध एवं विशिष्ट समाधान सुनिश्चित किया गया, जो उन्हें दिए गए जवाब से संतुष्ट थे। इस अवसर पर एनके झा, महाप्रबंधक (सीसीएमसी), कविता गुप्ता, महाप्रबंधक (मानव शक्ति), राजीव रंजन शर्मा, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा), एके मलिक, मुख्य प्रबंधक (पी), समाधान प्रकोष्ठ, संजय भारती, वरिष्ठ प्रबंधक (पी-एनईई), शैली टी नाग, प्रबंधक (कार्मिक), सोमनाथ बनर्जी, उप प्रबंधक (वित्त-सीएमपीएफ), नासिर तौहीद, उप प्रबंधक (सिविल), जीएनएच/जीएनसी, संविदा कर्मियों ने शिकायत निवारण शिविर की पहल का स्वागत किया।

## निगम क्षेत्र अंतर्गत हर व्यावसायिक प्रतिष्ठान को ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य



रांची। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक फिलवियुस बारला की अध्यक्षता में राजस्व शाखा के पदाधिकारियों तथा कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में ट्रेड लाइसेंस तथा झारखंड व्यापार लाइसेंस विनियम 2017 से संबंधित समीक्षा की गई और प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर बरला ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंतर्गत ट्रेड लाइसेंस निर्गत करने को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। इसके लिए आम लोगों के बीच जागरूकता लाने का कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि रांची शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जो प्रतिष्ठान बिना ट्रेड लाइसेंस के निगम क्षेत्रांतर्गत व्यवसाय कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित करते हुए शास्ति राशि अधिरोपित करने के साथ साथ प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई करें। बैठक में अपर प्रशासक द्वारा राजस्व शाखा की टीम को ट्रेड लाइसेंस के कार्यों में गति लाने के लिए हर हाल में 22 दिनों के अंदर ट्रेड लाइसेंस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ट्रेड लाइसेंस से संबंधित कार्यों का निष्पादन झारखंड व्यापार लाइसेंस विनियम 2017 के अंतर्गत दिए प्रावधानों के अनुरूप करें। इस कार्य के दौरान यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो त्वरित समाधान के लिए अपने वरीय पदाधिकारी से संपर्क करें। सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार द्वारा एजेंसी के प्रतिनिधि को निदेश दिया गया कि जितने भी प्रतिष्ठानों के लाइसेंस की वैधता समाप्त हो गई है, उन सभी को चिह्नित कर सूची बनाकर रिन्यूअल के लिए नोटिस निर्गत करें। जितने लोग रिन्यूअल नहीं कराते हैं, उन्हें झारखंड व्यापार लाइसेंस विनियम 2017 के अंतर्गत शारित अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाए। बैठक में नगर प्रबंधक, कर

## डीएवी में 'दिवाली क्राफ्ट प्रदर्शनी सह चैरिटी मेला' का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में शनिवार को 'दिवाली क्राफ्ट प्रदर्शनी सह-चैरिटी मेला' का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-जे एसके मिश्रा ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बच्चों ने दीपावली गान गाकर एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाली कथा का मंचन करके सबका मन मोह लिया। बच्चों ने छठ पूजा के अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत व गीता के पांचवें अध्याय के श्लोकों का भी पाठ किया। आर्ट एंड क्रॉफ्ट प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक दीये, पेपर लैंप, तोरण एवं रंग-बिरंगी मोमबत्तियां सजाकर खूब विक्री की। प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि इस आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी से जो धनराशि एकत्र होगी, उससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए गर्म कपड़े, जूते-मोजे खरीदे जाएंगे, जिनका वितरण बच्चों के हाथों से ही कराया जाएगा। उन्होंने बच्चों से पर्यावरण व संस्कृति का संरक्षण करने और प्रदूषण रहित ग्रीन दीपावली मनाने का आग्रह करते हुए आतिशबाजी न करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अजंता कुमारी, अनुपमा रानी, मुक्ति सरकार, राजलक्ष्मी, सुमनश्री के साथ प्राथमिक कक्षा के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रांची में बंदर के आतंक से लोग परेशान

रांची। राजधानी रांची के सिंह मोड़ इलाके के लटमा रोड में लोग बंदर के आतंक से परेशान हैं। बंदर लोगों के घरों में घुस कर तोड़-फोड़ मचा रहा है। वह लोगों के घरों में लगे दरवाजे और खिड़कियों को भी तोड़ दे रहा है। बंदर ने अबतक मोहल्ले के कई लोगों को निशाना बनाया है। लटमा रोड नंबर 9 निवासी अजय कुमार वर्मा के घर में घुसकर बंदर घर के सदस्य को दौड़ाने लगा। इस दौरान लोगों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। इस घटना के बाद से आसपास के लोगों में बंदर को लेकर डर का साया है। क्षेत्र के निवासी घरों के दरवाजे और खिड़कियों को बंद करके रह रहे हैं। बंदर ने शुक्रवार को मोहल्ले में दो-तीन आदमी को भी अपना शिकार बनाया था, जबकि शनिवार को भी बंदर ने कई लोगों को काटा है।

## रांची समर्पण शाखा ने अनाथाश्रम के बच्चों के बीच वितरित की सोनपापड़ी




दिवाली आनंद सबके लिए

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने 'दिवाली आनंद सबके लिए' के तहत शनिवार को अनाथ आश्रम में बच्चों के बीच सोन पापड़ी के डिब्बे का वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक हैंडिकैप्ड अनाथ आश्रम बरियातू में किया गया। यह एक ऐसा अनाथालय है, जहां हैंडीकैप्ड हुए बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा दी जाती है। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि शाखा सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर दिवाली मनाई। समर्पण शाखा की सदस्यों ने बच्चों के साथ पटाखे जलाए और मिठाइयां बांटीं। बच्चे पटाखे पाकर बहुत ही खुश हुए। उन्होंने कहा, शाखा द्वारा प्रयास रहा है कि जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर खुशियां लाएं। शाखा द्वारा इस तरह के कार्य आगे भी किए जाएंगे। बताया कि कार्यक्रम में रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, चंद्रकला, दीपिका मोतीका, कविता जालान, पायल जैन मौजूद रहीं।

## हाई कोर्ट में हुई धनबाद जिले में पदस्थापित शिक्षकों की प्रोन्नति मामले की सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद जिला में पदस्थापित शिक्षकों को ग्रेड सात में प्रोन्नति नहीं दिए जाने को लेकर दाखिल नंदकिशोर सिंह एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया और कहा कि यदि प्रार्थियों को प्रमोशन देने के आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है तो अगली सुनवाई 22 नवंबर को सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व, सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने कोर्ट को बताया कि इसी तरह के एक मामले में रांची और लोहरदगा जिला के शिक्षकों को भूतक्षीय प्रभाव से ग्रेड सात में प्रमोशन दे दिया गया है, लेकिन धनबाद जिला में शिक्षकों को ग्रेड सात में प्रमोशन नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर नगरपालिका, धनबाद में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

## सेवा सदन में जल्द मिलेगी 500 रुपये में डायलिसिस की सुविधा

# कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन ने किया अस्पताल का दौरा, लिया हार्ट सेंटर का जायजा

सेवा सदन के अध्यक्ष ने सहयोग के लिए आभार प्रकट किया

अच्छे कार्यों में कभी भी धन की कमी नहीं होती : अजय मारू





नवीन मेल संवाददाता। रांची

नागरमल मोदी सेवा सदन का कोल इंडिया के पूर्व चेयरमेन प्रमोद अग्रवाल ने दौरा किया। श्री अग्रवाल ने सदन के नवस्थापित हृदय विभाग का जायजा लिया। ज्ञातव्य है कि कोल इंडिया के सीएसआर फंड से हृदय विभाग के लिए सहयोग प्राप्त हुआ है। सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुए कोल इंडिया के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। सदन परिवार की ओर से श्री अग्रवाल का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पो?द्दार ने वीडियो के माध्यम से सदन व हृदय विभाग की प्रगति को दशार्या। डॉ. विनय कुमार सिंह ने भी वीडियो के माध्यम से हृदय विभाग की बारीकियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। मौके पर सदन के पूर्व अध्यक्ष अजय मारू ने बताया कि सदन द्वारा किए गए अच्छे कार्यों में कभी भी धन की कमी नहीं होती है। जिस तरह कोल इंडिया ने अनुदान दिया, उसी तरह समाज ने भी बढ़ चढ़कर दान दिया। सदन में बहुत ही जल्द 500 रुपये में डायलिसिस की सुविधा दी जाएगी। वहीं, श्री अग्रवाल ने नागरमल मोदी सेवा सदन की उपलब्धियों की सराहना की। बताया कि सीएसआर एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा समाज एवं स्थानीय लोगों के लिए सदन के माध्यम अच्छी सुविधाएं प्रदान की जा सकती है। भविष्य में भी सहायता करने की कोशिश करेंगे। सेवा सदन के सचिव आशीष मोदी ने धन्यवाद देते हुए स्व. नागरमल मोदी का एक पोस्टल स्टाम्प भेंट स्वरूप श्री अग्रवाल को दिया। सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद महेश पोद्दार, गोवर्द्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया, उपाध्यक्षा रेखा जैन, अरूण खेमका, पुनीत पोद्दार, ललित केडिया, आलोक तुलस्यान, पवन कनोई, प्रेम मितल, राजकुमार गाड़ोदिया, गौतम मोदी एवं वरूण जालान उपस्थित थे।

## रिम्स में तैनात होमगार्ड जवानों को भुगतान पुरानी दर पर हुआ

रांची। रिम्स में होमगार्ड के तैनात जवानों को पुरानी प्रतिदिन 580 रुपये की दर से भुगतान अगस्त माह में मिलने पर जवानों में चिंता है। रिम्स के अतिरिक्त जितनी भी संस्थानों में होमगार्ड के जवान काम कर रहे हैं, वहां उन्हें 1088 रुपये प्रतिदिन का वेतन मिलता है। ऐसे में रिम्स के जवान क्षुब्ध हैं। रिम्स प्रबंधन से सवाल भी पूछे हैं। सूत्रों के हवाले से जानाकरी मिली है कि रिम्स प्रबंधन ने कहा कि अगस्त महीने का वेतन भुगतान पुरानी दर पर ही की जाएगी, क्योंकि हायर अथॉरिटी से वेतन बढ़ाने का अप्रुवल नहीं मिला है। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन से पूछा कि हायर अथॉरिटी कौन हैं? उन्होंने कहा कि मैं अभी कुछ बताने को अधिकृत नहीं हूं। मैं छुट्टी पर हूं। इधर, होमगार्ड के जवानों को आश्वासन दिया गया है कि एरियर दी जाएगी, अभी पूराने दर पर ही पेमेंट स्वीकार करें। रिम्स के तैनात जवानों का कहना है कि एक बार में चार महीने की ड्यूटी लगती है। उसके बाद किस विभाग में जाना होगा, तय नहीं। ऐसे में चार महीने की सैलेरी में एरियर कितना सैलेरी कितना। दूसरी बात अगस्त माह से ही वेतना बढ़ना है, तो इसी महीने से क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है।

## धन त्रयोदशी का त्योहार 29 अक्टूबर को

# खुशहाली, समृद्धि और सेहतमंद जीवन का प्रतीक माना जाता है धनतेरस : संजय

नवीन मेल संवाददाता। रांची



विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शनिवार को कहा कि इस वर्ष धनतेरस 29 अक्टूबर (मंगलवार) को मनाया जाएगा। धनतेरस का शुभ मुहूर्त 29 अक्टूबर 2024 को दिन में 11:00 बजे से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर 2024 को दिन में 01:10 बजे तक रहेगा। संजय सर्राफ ने कहा कि धनतेरस के देवता धन्वंतरि हैं। धन्वंतरी भगवान विष्णु के तेरहवें अवतार हैं। धनतेरस के त्योहार का मुख्य संबंध यमराज की आराधना से है। आयुर्वेद के प्रवर्तक धन्वंतरी की जयंती भी इसी दिन होती है। एक तरफ वैद्य समाज धन्वंतरी की पूजन कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है, वहीं गृहस्थ दीप जलाकर यमराज से अकाल मृत्यु टालने की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली भले ही एक दिन मनाई जाती है, लेकिन दीपोत्सव का पर्व वास्तव में 5 दिनों का होता है, यानी धनतेरस से यम द्वितीया तक। शास्त्रों में इन पांच दिनों को यम पंचक कहा जाता है। इन पांच दिनों में यमराज, वैद्यराज धन्वंतरि, लक्ष्मी- गणेश, हनुमान जी, मां काली और भगवान चित्रगुप्त की पूजा का विशेष विधान है। उन्होंने बताया, धनतेरस का त्योहार दीपावली से दो दिन पहले मनाया जाता है। यह त्योहार खुशहाली समृद्धि और सेहतमंद जीवन का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। धनतेरस को धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस का नाम धन और तेरस से बना है, जिसमें धन का मतलब संपत्ति और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर की 13वीं तिथि है। यह दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ ही कुबेर और लक्ष्मी माता की पूजा के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार समुद्र-मंथन से जो चौदह रत्न प्रकट हुए, उनमें आरोग्य के देवता धन्वंतरि के अलावा धन-समृद्धि की देवी लक्ष्मी प्रमुख हैं। पांच दिवसीय ज्योति पर्व का प्रथम दिन धन त्रयोदशी या धनतेरस भी दीपावली की तरह समृद्धि की कामना को समर्पित रहता है। इसी दिन से लक्ष्मीजी का आवाह्न शुरू हो जाता है और शाम को 5 (कुछ लोग तेरस होने के कारण 13 दीये जलाते हैं) नए मिट्टी के दीपकों में तेल भर कर उन्हें प्रकाशित कर खील से पूजा की जाती है। फिर एक दीपक आंगन में, एक रसोई में, एक तिजोरी के पास, एक तुलसी में और एक मुख्य द्वार पर रखा जाता है। बहुत लोग धनतेरस को ही लक्ष्मीजी की पूजा कर लेते हैं। संजय सर्राफ ने कहा, धनतेरस के दिन सोना, चांदी, बर्तन, गहने या अन्य कीमती सामान खरीदने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन जो भी चीज खरीदी जाती है, उससे घर में समृद्धि और धन का आगमन होता है।

## एक नजर

### जेएलकेएम प्रत्याशी पणेश्वर महतो ने किया जनसंपर्क

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी पणेश्वर महतो ने शनिवार को गोला प्रखण्ड के गोविंदपुर, नवाडीह, सोनडीमरा, उलादका, सोकला, डिमरा, सरगडि,बरलंगा, उपरबरगा, संग्रामपुर, कुम्हरदगा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया । जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए कैंची छाप पर वोट देकर विजय बनाने कि बात कही । जेएलकेएम प्रत्याशी पणेश्वर महतो ने कहा की टाइगर जयराम महतो कि पार्टी जेएलकेएम ने रामगढ़ विधानसभा से मुझे प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आप सबो से आशीर्वाद की जरूरत है और हमारी पार्टी शोषित, पीड़ित, वंचितों की आवाज बनकर निकली है ।

### ऑब्जर्वर वेंकटेशपति ने बूथों का किया निरीक्षण



**अड़की।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसके लिए बूथों का भौतिक सत्यापन एवं उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को तमाड़ विधानसभा ऑब्जर्वर वेंकटेशपति एफ ने अड़की के उग्रवाद प्रभावित सुदूरवर्ती बीरबांकी तिरला मदहातु आदि क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। इनमें मध्य विद्यालय घाघरा, प्राथमिक विद्यालय काटुई, मध्य विद्यालय चलकद और प्लस टू विद्यालय तुबिल शामिल हैं। उन्होंने बूथों में बिजली, पानी, शौचालय और मतदान कर्मियों की सुरक्षा को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हॉकी स्टिक एवं जर्सी का हुआ वितरण



**रांची।** तोरपा थाना अंतर्गत ग्राम गुड़गुड़चुंवा में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शनिवार को खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक एवं जर्सी का वितरण किया गया। इस हॉकी खेल प्रतियोगिता में 26 टीमों ने भाग लिया। तोरपा थाना प्रभारी द्वारा मैच देखने आए लोगों के बीच सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, अवैध अफीम की खेती नहीं करने, नशा पान नही करने, डायल -112/1930 से संबंधित विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इधर, तोरपा थाना अंतर्गत ग्राम टाटी में अवैध शराब बिक्री के बिरुद्ध छापामारी कर भारी मात्रा में जावा महुवा नष्ट किया गया। रनिया थाना अंतर्गत ग्राम गढ़सिदाम मुंडा टोली में महुआ शराब नष्ट किया गया।

# देवेंद्रनाथ महतो कल करेंगे अपना नामांकन दाखिल



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** राज्य में विधानसभा चुनावी सरगरमी तेज है। यह चुनाव दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण की नामांकन की तिथि विगत शुक्रवार को समाप्त हो गयी। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से नामांकन किया। श्री महतो 28 अक्टूबर को अपना नोमिनेशन प्रक्रिया को पूर्ण संपन्न करेंगे। 28 अक्टूबर को विधिवत तरीके से अन्य तीन प्रति नॉमिनेशन फाइल कर प्रक्रिया को पूर्ण संपन्न किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र के संगठन चुनाव प्रभारी कृष्णा महतो ने कहा कि सभ्य तरीके से सम्पन्न किया जाएगा। संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी सहित हजारों भारी समर्थकों के साथ नामांकन जुलूस निकाला जाएगा। जिसकी प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर लिया गया है। नामांकन रैली का रुट जारी करते हुए बताया कि राहे, सोनाहतु और सिल्ली प्रखंड के सभी लोग टुटकी मैदान सिल्ली में एकत्रित होंगे। वही अन्य संपूर्ण राज्य से आने वाले संगठन कार्यकर्ता व जनसाधारण का जूटान इइएफ मैदान टाटिसिलवे में होगा। इसके बाद सभी का एक साथ मोरहाबादी मैदान में जूटान होना तय होगा। तद उपरांत वहां से पदयात्रा करते हुए समहारनालय भवन रांची पहुंचेंगे। सिल्ली प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो के अधिवक्ता सष्टी रंजन ने बताया कि 28 अक्टूबर को अन्य तीन प्रति नॉमिनेशन विधिवत तरीके से हजारों जनता के समक्ष कुल चार प्रती नोमिनेसन को सम्पन्न किया जाएगा। बताते चले कि देवेंद्रनाथ महतो को पिछले रांची लोकसभा चुनाव मे नॉमिनेशन के दौरान हीं गिरफ्तार कर लिया गया था।

# डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान समारोह में साहित्यकारों को किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** लेखन एक तपस्या है, जिसमें जलकर लेखक कुंदन बनता है। आज जिन लेखकों को सम्मान मिल रहा है, उन्होंने अपने लंबे संघर्ष और निष्ठा से यह मुकाम हासिल किया है। डॉ अशोक प्रियदर्शी ने स्पेनिन द्वारा आयोजित डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान समारोह में अपने संबोधन में ये बातें कही। यह समारोह उसुर्लाइन इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया था, जहां इस वर्ष नीरज नीर को डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान से नवाजा गया और तीन अन्य साहित्यकारों – गीता चौबे गुंज, वीना श्रीवास्तव और शिरोमणि महतो – को स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी ने की, जबकि सिस्टर डॉ मेरी ग्रेस मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमुदाय को साहित्यिक पुस्तकों को पढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पीके झा ने पुरस्कृत साहित्यकारों के लेखन पर गहनता से प्रकाश डाला। इस अवसर पर माया प्रसाद अति विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कमल बोस और अनीता रश्मि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। पुरस्कृत साहित्यकारों को पगड़ी पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमार संजय की चार पुस्तकों का भी लोकार्पण हुआ, जिन पर मयंक मुरारी ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन उसुर्लाइन कॉलेज की शिक्षिकाओं की टीम, शिल्पी सहाय, निराली और माधुरी, ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शेफालिका सिन्हा किया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यकर्मी, छात्राएं और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। सारिका भूषण, रश्मि शर्मा, मुक्ति शाहदेव, संगीता कुजारा, अभिषेक अब्र, अंकिता सिन्हा, पंकज पुष्कर, नमिता सिन्हा, तरंग मित्तल, सिमोन जयसवाल, पिंकी अग्रवाल सहित कई साहित्यकारों की उपस्थिति में पूरा वातावरण साहित्यमय हो गया।

## न्यूज | बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच की 5वीं कार्यकारिणी की हुई बैठक

# नए सदस्यों का मंच में किया गया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के सत्र 2024-25 की पांचवी कार्यकारिणी की बैठक अग्रसेन पथ, अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। बैठक में मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने स्वागत भाषण दे कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक में मंच के सचिव द्वारा कार्यकारिणी के समक्ष बीते महीनों के कार्यो का ब्यौरा दिया गया एवं भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। कोषाध्यक्ष द्वारा बीते कार्यक्रमो के आय एवं खर्च का ब्यौरा दिया गया। कार्यकारिणी बैठक के उपरांत मंच से जुड़ने वाले 50 नये सदस्यों ने अपना परिचय दिया एवं मंच के पदाधिकरी एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा सदस्यता प्रमाण पत्र दे कर उनका स्वागत किया गया। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सुमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी के साथ कई पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से बैठक को सफल बनाया।

### सशस्त्र सीमा बल के मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अड़की।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एफ कंपनी अड़की द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कमांडेंट एसडी शेरखाने के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे चार दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण में क्षेत्र के 25 महिला-पुरुष शामिल हुए। मौके पर डिप्टी कमांडेंट सुनील कुमार, निलेश संतोष मासुले, इंस्पेक्टर नकुल चंद्र मंडल, मोती पात्र आदि मौजूद थे। समापन समारोह में डिप्टी कमांडेंट सुनील कुमार ने कहा कि मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना है। आप अपनी मेहनत और ईमानदारी से रोजगार शुरू कर सम्मानजनक तरीके से जीवन यापन कर सकते हैं। मधुमक्खी पालन से अच्छा खासा मुनाफा लेकर इसे बड़े व्यवसाय में बदलकर स्थायी आय का स्त्रोत बनाया जा सकता है। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

### संकुल साधन सेवी सड़क दुर्घटना में घायल



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल के संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता लापुंग से अपने घर बेड़ो लौटने के क्रम में एक बैल के दौड़ जाने से स्कूटी सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बारिश के बीच अंधेरा होने के कारण बैल को देख नहीं पाए और बैल की चपेट में आ गए। स्कूटी से गिरने के कारण उनके बाएं पैर में घुटने, नीचे पैर सहित बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीछे से लापुंग बीडीओ के चालक आजाद अंसारी और अनुसेवक भोला उरांव मौके पर पहुंचे। और घायल सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता को दोलैचा स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाईयां दी। प्राथमिक उपचार करने के बाद बीडीओ के चालक आजाद अंसारी एवं अनुसेवक भोला उरांव ने उन्हें बेड़ो स्थित घर पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक बेड़ो में उनका इलाज चल रहा था। उल्लेखनीय है कि लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में सभी बीआरपी सीआरपी की बैठक देर शाम तक चली। जिसके कारण लौटने में विलंब हो गई। और सीआरपी दुर्घटना का शिकार हो गए।

### चुनाव को लेकर वज्र गृह व मतदान केंद्रों का पुलिस पर्यवेक्षक ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए शनिवार को देबब्रत दास पुलिस पर्यवेक्षक, चन्दन कुमार उपायुक्त रामगढ़ एवं अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा रामगढ़ कॉलेज स्थित वज्र गृह एवं मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप सुरक्षा में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मु.)/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र रामगढ़, यातायात प्रभारी रामगढ़ एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पारस हॉस्पिटल में ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीज का हुआ सफल इलाज

# ब्लड कैंसर का इलाज संभव : डॉ गुंजेश सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पारस हॉस्पिटल धुर्वा में 35 वर्षीय ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल इलाज किया गया है। पारस हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश सिंह की देखरेख में मरीज का स्वास्थ्य अभी ठीक है।

बंगाल का रहने वाले मरीज की छाती में बहुत बड़ा ट्यूमर था और वह गर्दन तक फैल रहा था। ट्यूमर इतना बड़ा था कि उस मरीज को सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। वह मरीज जब पारस हॉस्पिल आया था, तो वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर आया था। इस बीमारी के कारण दोनों फेफड़े में पानी भर गया था। हार्ट के चारों तरफ भी पानी भरा हुआ था। पानी भरने और बड़ा ट्यूमर होने की वजह से मरीज ढंग से सांस नहीं ले पा रहा था। मरीज को दर्द भी अधिक हो रहा था। इसके बाद पारस हॉस्पिटल धुर्वा के डॉक्टरों की टीम जांच की, तो पता चला कि इस मरीज को ब्लड कैंसर है। इसके बाद मरीज का कीमोथेरपी शुरू की गई। कीमोथेरपी के जरिए कैंसर कोशिकाओं को तेजी से नष्ट किया गया। कीमोथेरपी की प्रक्रिया 10 दिनों तक चली। इसके बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया है। मरीज बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के सांस आसानी से ले पा रहा है। मरीज का इलाज करते हुए दो माह हो गए। मरीज हर 15 दिनों के बाद हॉस्पिटल आकर कीमोथेरपी ले रहा है। यह प्रक्रिया अभी छह माह तक चलेगा। फिलहाल मरीज बिल्कुल ठीक है। डॉ गुंजेश सिंह ने कहा कि ब्लड कैंसर क्यूरेबल होता है। एडवांस डिजीज के आने के बाद भी इसे क्यूर किया जा सकता है। ब्लड कैंसर का इलाज संभव है और यह आसानी से ठीक हो सकता है। यह मरीज गर्दन तक फैले बड़े मीडियास्टिनल, प्लुरल इफ्यूशन, पेरीकार्डियल इफ्यूशन और एसवीसीओ के साथ आया था। उन्हें स्टेज 4 हॉजकिन्स लिंफोमा होने का निदान किया गया था। उन्हें प्रीफेज कीमोथेरेपी और ट्यूमर लाइसिस सिंड्रोम प्रोफिलैक्सिस पर शुरू किया गया था, उसके बाद एबीवीडी कीमोथेरेपी दी गई। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि मरीज का इलाज केंद्र सरकार के स्वास्थ्य योजना के तहत पारस हॉस्पिटल धुर्वा में किया गया है। सरकारी दर पर मरीज का इलाज किया गया है।

### सीता सोरेन के प्रति अपमानजनक बयान का मामला

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया इरफान के घर का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी द्वारा भाजपा नेता सीता सोरेन पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह और रांची महानगर अध्यक्ष पायल सोनी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने इरफान अंसारी के आवास का घेराव कर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा की महिला कार्यकताओं ने इरफान अंसारी के बयान को न केवल सीता सोरेन का, बल्कि सम्पूर्ण झारखंड की मां-बहनों का अपमान करार दिया और उनके इस्तीफे की मांग की। भाजपा महिला मोर्चा ने आरोप लगाया कि अंसारी ने शुक्रवार को सीता सोरेन को रिजेक्टेड माल कहकर न केवल एक महिला नेता का, बल्कि राज्य की समस्त मां-बहनों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंईयां सम्मान की बात करते हैं, लेकिन उनकी सरकार का मंत्री एक सम्मानित महिला नेत्री के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता है, और हेमंत सोरेन के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकलता। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में महिलाओं का अपमान कोई नई बात नहीं है, लेकिन अपने ही परिवार की सदस्य सीता सोरेन जी पर की गई बेशर्म टिप्पणी पर उनका मौन शर्मनाक है। यह दशार्ता है कि जिनके पास अपने परिवार की महिलाओं के सम्मान की रक्षा का साहस नहीं है, वे राज्य की महिलाओं के हितों की सुरक्षा कैसे करेंगे? प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने इरफान अंसारी के खिलाफ नारेबाजी की और उनकी तत्काल बर्खास्तगी की मांग की। रांची जिला महानगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष पायल सोनी ने कहा, हम कांग्रेस से स्पष्ट रुख की मांग करते हैं। कांग्रेस को इरफान अंसारी जैसे लोगों का टिकट रद्द करना चाहिए और पार्टी को माफी मांगनी चाहिए।

### विद्यार्थियों ने मतदान को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

# देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना हर नागरिक का अधिकार व कर्तव्य है




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी** प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन एस एस(+2) उच्च विद्यालय सिल्ली के प्राचार्य पवन कुमार पांडे के नेतृत्व में विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान इस विद्यालय प्रांगण से चलकर प्रखंड कार्यालय तक गया और लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। विद्यार्थियों ने लोगों से कहा कि देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को मतदान करना बहुत ही जरूरी है। मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है और हमें चुनाव के दौरान मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए नितांत आवश्यक है। अभियान के दौरान सिल्ली प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीपीओ कृष्णा हेंब्रम ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया। अभियान को सफल बनाने में भारती कुमारी महतो, उषा कुमारी, मोना कुमारी, निभा कुमारी, पुष्पांजलि गाड़ी, मनोज यादव, राजू रजक, रामानुज प्रसाद, अनुज इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

# उड़न दस्ता टीम ने की वाहनों की जांच



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** उड़न दस्ता टीम के प्रमुख अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट व प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने खलारी के निर्मल महतो चौक में वाहनों का औचक जांच किया। इस क्रम में दो पहिया व चारपहिया वाहनों का डिक्की, बैग खुलवाकर जांच किया गया। किसी भी वाहन से कोई आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नहीं हुई। इस दौरान खलारी अंचल कर्मी एवं खलारी थाना पुलिस से सअनि शंकर राम व सशस्त्र बल साथ थे।

# पीएलएफआई व टीएसपीसी के खिलाफ चलाया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी थानाक्षेत्र में एसएसबी सशस्त्र बल के साथ उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने हेतु खलारी थाना पुलिस के पदाधिकारी व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने थानाक्षेत्र के डुण्डू, बमने, राय गांव होते हुए केरेडारी की सीमा पर स्थित फुलझर गांव तक विकेश तिवारी उग्रवादी दस्ता के विरूद्ध आसपास के जंगली क्षेत्र में छापेमारी एवं एरिया डोमिनेशन किया गया। इस क्रम में पुल पुलिया की भी जांच की गई।

### दी हिडेन हिंदू के लेखक अक्षत गुप्ता के किताब पर परिचर्चा

# नायकों से भरा है भारतीय साहित्य : अक्षत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भारतीय समाज में कई नायक हैं। उन नायकों को साहित्य के माध्यम से समाज के समक्ष लाना और उनको भारतीय समृद्ध विरासत परंपरा से परिचय कराना ही लेखन का लक्ष्य है। ये बातें दी हिडेन हिंदू के लेखक अक्षत गुप्ता ने कही। वे आज प्रभात प्रकाशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छे साहित्य को लोग आज भी पढ़ते हैं, प्रकाशक छापते हैं, बशर्ते हम स्तरीय लिखें। आज समय है कि हम हिंदू होने पर गर्व करें। जब लिखें, तो संकोच नहीं करें। हम भारतीय संस्कृति और परंपरा को अपने लेखन का विषय बनाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बलवीर दत्त ने कहा कि हिंदू होना स्वाभिमान की बात है, लेकिन इसे स्वहित और प्रचार का मामला नहीं बनाना चाहिए। चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि भारत की सभ्यता में साहित्य प्रचुर है। इसको वर्तमान संदर्भ और विकसित समाज के लिए उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर हरेंद्र सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनुज सिन्हा, अचल प्रियदर्शी, संजय कृष्ण, असीत कुमार, नीरज नीर, सत्य शर्मा, राजीव किशोर, राजेश शर्मा, दिवाकर प्रकाश अवस्थी, संजीव भदौरिया, राजेंद्र सिंह, मनोज नेगी, संजीव सिंह, बसंत श्रीवास्तव,विवेकानंद उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### बारिश से ठाकुरगांव में सब्जियां हुई बर्बाद

**ठाकुरगांव।** दाना चक्रवात का प्रकोप ठाकुरगांव क्षेत्र में भी देखा जा रहा है। पिछले दो दिनों से हो रही रुक-रुककर बारिश से किसानों की लगी हरी सब्जियां बर्बाद हो गई हैं। साथ ही, धान फसल भी खराब हो रही है। अधिकतर खेतों में लगे धान गिर गए हैं, जिससे फसल सड़ने का खतरा बना हुआ है। वहीं, बारिश के कारण गुरुगाई निवासी सागर सिंह व साहबीर मुंडा के कच्चा मकान गिर गया। प्रगतिशील किसान जयकुमार कुशवाहा ने बताया कि बेमौसम बारिश होने के कारण सभी प्रकार की हरी सब्जियां जिसमें मुख्य रूप से फूलगोभी, बिन, टमाटर, धनियापत्ता आदि फसल को भारी नुकसान पहुंचा हैं। वहीं, किसान वैद्यनाथ ठाकुर ने कहा कि यदि और एक से दो दिन वर्षा हुई, तो कोई भी हरी सब्जियां नहीं बचेंगी। बारिश रुकने के बाद फिर किसानों के पास कुछ भी नहीं बचेगा। यह सोचकर किसान काफी परेशान नजर आ रहे हैं।

# खलारी में स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी के प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने बताया कि स्वीप मतदाताओं को मतदान के लिए शिक्षित व जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार करने और मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए प्रमुख कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। इस अभियान में खलारी प्रखंड व अंचल के सभी कर्मचारी अपने अपने हाथों में निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप के तहत जारी मतदाता जागरूकता संबंधी तख्ती का प्रदर्शन किए। अभियान में खलारी बीडीओ संतोष कुमार, अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट, मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा देवी, बीपीओ विनय कुमार, आदित्यनाथ झा, असीत कुमार, जेई रमेश गुप्ता, हरकुलस प्रसाद, विकास कुमार, नवीन वर्मा, महंतवीर महतो, अर्चना देवी, गीता देवी, बसंती देवी, रिशु कुमारी, रूपदेव गोप, पच्चू मुंडा, सूरज महतो सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मचारी शामिल थे।

# खलारी के पहाड़ी मंदिर से शुरू हुआ जीतूचरण का चुनावी अभियान

### जीतूचरण राम ने खलारी के विभिन्न पंचायतों में स्थित मंदिरों के दर्शन कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** भारतीय जनता पार्टी के कांके विधानसभा के उम्मीदवार डा जीतूचरण राम ने खलारी के पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने चुनावी अभियान की शुरूआत की। इस दौरान भाजपा खलारी मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ थे। इसके बाद खलारी के विभिन्न पंचायतों में स्थित मंदिरों के दर्शन कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किए। इस क्रम में वे हुटाप देवी मंदिर, लपरा शिव मंदिर, हेसालोंग शिव मंदिर, धमधमिया में भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण, डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, शिव मंदिर में दर्शन, खलारी बाजारटांड़ शिव मंदिर में दर्शन एवं पूजन, केडी बाजार भ्रमण, डकरा में महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ बैठक करते हुए, सुभाष नगर, राय, बमने होते हुए वापस लौट गए। जीतुचरण के इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, महामंत्री कार्तिक पांडेय, जिप सदस्य सरस्वती देवी, अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, जितेन्द्र पांडेय, जितेन्द्र भारती, चतुर्गुण भुइंया, विकाश दुबे, शत्रुंजय सिंह, श्यामसुन्दर सिंह, नेपाल सिंह, शशिप्रसाद साहू, शशि पांडेय, सुशील अग्रवाल, आनन्द सिंह, रामसूरत यादव, राजू गुप्ता, प्रदीपकुमार सिंह, शशि उरांव, शिव चौधरी, रतनलाल, कमलेश महतो, रवीन्द्र पासवान, मनोज जायसवाल, दिलीप पासवान, लालेश्वर यादव, रामेश्वर महतो, कुलदीप लोहरा, संजीत तूरी, दिलीप गंझू, तुलसी मुंडा, ममता केसरी, नीरा देवी, आनंद झा, सरिता देवी, सुबोध रजक, शुभम सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### खड़े ट्रैक्टर में मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा- गिरिडीह मुख्यमार्ग में शुक्रवार देर रात खरखार बटीयो नदी के समीप खड़ी ट्रैक्टर में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान 20 वर्षीय कमेश्वर तुरी, पिता खांखो तुरी, ग्राम बंतोर, थाना कोडरमा निवासी के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार व्यक्ति डोमचांच से नवलशाही की ओर जा रहा था। इसी दौरान खरखार बटीयो नदी के समीप खड़ा ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल व्यक्ति को आवागमन कर रहे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंश को सूचना दी।

### बैंड प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सेक्रेड हार्ट अव्वल

**झुमरी तिलैया ।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला इंटर स्कूल बैंड कंप्टीशन में सेक्रेड हार्ट स्कूल की बैंड टीम को प्रथम पुरस्कार मिला है। इसको लेकर स्कूल निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि इसमें पाइप बैंड ग्रुप बॉयज कैटेगरी के लिए सीएच प्लस टू हाई स्कूल मैदान में शनिवार को प्रतियोगिता हुई थी। इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल ने प्रथम पुरस्कार जीत कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। विजेताओं को डीएसपी दिवाकर कुमार, पुलिस निरीक्षक सुबोध लकड़ा और पुलिस केंद्र कृष्ण कुमार ने पुरस्कृत किया। बैंड की टीम बैंड मास्टर प्रमोद कुमार, पीटीआई कुंदन राणा के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रही थी। बता दें कि तीन नवंबर को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल की टीम अपनी कला का प्रदर्शन करेगी।

### हीरू बाबू सादगी और ईमानदारी के मिसाल थे

**कोडरमा।** कोडरमा के पूर्व विधायक राजेन्द्र नाथ उर्फ हीरू बाबू सादगी और ईमानदारी के मिसाल थे और आजीवन अविवाहित रहे। इनकी कई किस्से चर्चित हैं। उन्होंने अपनी जीवन का सफर पत्रकारिता से शुरूआत की थी और तीन बार विधायक चुने गए थे। इनकी कई उलब्धियां रही है,जिसे आज भी लोग याद करते हैं। कोडरमा अनुमंडल का निर्माण बडी उपब्लधि में शुमार है। बहुत कुरेदने पर जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा हीरू बाबू के पुराने दिनों के कार्यों को याद करते हुए कई रोचक किस्से बताते हुए कहते हैं कि एक बार वे चुनाव लड रहे थे। तब आंशिक चंदा के लिए एक पूंजीपति के यहां गए। पूंजीपति उन्हें देख काफी खुश हुए और तब पांच हजार रू की राशि दी। लेकिन जरूरत के हिसाब से महज दो हजार की रखकर शेष तीन हजार रू लौटा दी और कहा कि इतनी राशि काफी है और बाकी राशि की जरूरत नहीं है।

सुदेश चंद्रवंशी भाजपा हजारीबाग के विस संचालन समिति के संयोजक बने, कहा

# बहुमत लाकर झारखंड में एनडीए की सरकार बनानी है : दर्शना सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सुदेश चंद्रवंशी को भाजपा हजारीबाग विधानसभा संचालन समिति का संयोजक बनाया गया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के द्वारा इसकी घोषणा की गई। एक परिचयात्मक बैठक प्रदीप प्रसाद के झांझरिया पुल कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें संचालक समिति के विभिन्न विभिन्न विभागों के सदस्य उपस्थित हुए। भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी प्रभारी राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह उपस्थित थी। दर्शना सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि प्रदीप प्रसाद को भारी मतों से जीत मिले इस पर हम लोगों को कार्य करना है। पूर्ण बहुमत लाकर झारखंड में एनडीए की सरकार बनानी है और भ्रष्टाचारी और निरंकुश हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। बैठक में संचालन समिति के सह संयोजक इंद्र नारायण कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता के पी ओझा, छत्तीसगढ़ से आए प्रवासी प्रभारी राथूलाल गुप्ता, दामोदर सिंह, जय नारायण मेहता, महेंद्र बिहारी, रेणुका साहू, साक्षी राणा,तनवीर अहमद, महेंद्र ठाकुर, मनमीत अकेला, राजकरण पांडे, रोशन कुमार, अरविंद सिकरवार, कुणाल दुबे, विवेक जोशी, हितेश रंजन, शैलेश चंद्रवंशी, पंकज मेहता, चंदन सिंह, सतीश कुमार, मोनू कुमार,दीपक मेहता, मनोज राम, महेश तिग्गा, सुमित लहरी, विस्तारक प्रदीप मेहता एवं विजय चौधरी, कैलाश यादव,प्रकाश कुशवाहा, कई मंडल के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## इंडियन एंडोडोंटिक सोसाइटी के 32वें राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. श्रेया सौरभ को मिला दूसरा स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग की छात्रा डॉ. श्रेया सौरभ ने चेन्नई में आयोजित इंडियन एंडोडोंटिक सोसाइटी के 32वें राष्ट्रीय सम्मेलन में दूसरा स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में पूरे भारत के छात्रों ने भाग लिया और कुछ प्रसिद्ध वक्ताओं ने भी भाग लिया। इसमें एंडोडोंटिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान किया। जिसमें छात्रा डॉ. श्रेया सौरभ दुसरा स्थान प्रदान किया। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग की छात्रा डॉ. श्रेया सौरभ को बहुत- बहुत-बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनकी उज्जवल भविष्य की कामना किया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि यह हमारे कॉलेज परिवार के लिए काफी गर्व की बात है। सकारात्मक के साथ कॉलेज परिवार निरंतर हमेशा से कार्यरत रहा है। पूरे भारत के प्रतिभावान छात्रों में दुसरा स्थान प्राप्त करना कॉलेज की उच्च स्तरीय पढाई एवं अच्छे वतावरण को निरूपित करता है। निरंतर प्रयास करेंगे कि हमारे यहां के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया अपना भविष्य स्वर्णिम बनाएं। यह उपलब्धि समर्पित सलाहकारों के अटूट समर्थन, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन के माध्यम से संभव हुई।

## न्यूज बॉक्स

### आशुभाषण प्रतियोगिता में सिमरन कुमारी व आचार्य पत्र वाचन में विपिन बिहारी ने प्रथम पुरस्कार जीता



**हजारीबाग।** विद्या भारती द्वारा आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2024 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, की बहन सिमरन कुमारी ने किशोर वर्ग के आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आचार्य पत्र वाचन में विपिन बिहारी सिंह ने प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। मालूम हो की कथा कथन बाल वर्ग में बहन एंजेल शर्मा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2024 में विद्यालय की बहन सिमरन,एंजेल एवं आचार्य विपिन बिहारी सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से विद्यालय में हर्ष का वातावरण है। गौरतलब है कि बहन सिमरन कुमारी एवं आचार्य विपिन बिहारी सिंह आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता जो उज्जैन में आयोजित है उसमें भाग लेंगे। विजेता प्रतिभागियों का आज की वंदना सभा में विद्यालय के प्रभारी राजीव रंजन ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर आचार्य बंधु-भगिनी एवं भैया -बहन उपस्थित थे।

### युवा नेता हर्ष अजमेरा ने कटकमसांडी के विभिन्न पंचायत का किया सघन दौरा



**हजारीबाग।** निर्दलीय प्रत्याशी युवा नेता हर्ष अजमेरा ने रिमझिम बारिशों के बीच शनिवार को कटकमसांडी प्रखंड में आशीर्वाद जन यात्रा कर जनता जनार्दन से सीधा संवाद किया। इस यात्रा का शुभारंभ शाहपुर पंचायत के दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। हर्ष अजमेरा ने दुर्गा मां से आशीर्वाद प्राप्त कर अपनी इस जन यात्रा का आरंभ किया और पूरे प्रखंड के लोगों से मुलाकात कर उनके आशीर्वाद और समर्थन की अपील की। इस यात्रा के दौरान श्री अजमेरा ने कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जाकर स्थानीय लोगों से संवाद किया जिसमें शाहपुर पंचायत के दुर्गा मंडप,कोनहर, डोडवा चौक, अमझार गांव, लावा कुदर चौक, आरभुसाई चौक, डोडवा, कुरागगड्डा बलिया, रेबर, होरिया, डांटो बाजार चौक, बाझा चौक, और रौशन सिंह के घर समेत कई अन्य इलाकों में जनसंपर्क किया गया। उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा, यह चुनाव हमारे क्षेत्र के लिए बदलाव का एक मौका है। अब समय आ गया है कि हम एक मजबूत और विकासोन्मुखी नेतृत्व का चयन करें। तीसरा विकल्प चुनकर हम सभी को एक ऐसा प्रतिनिधित्व मिलेगा जो हमारी जरूरतों और समस्याओं को समझेगा।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चला अभियान, 905 लीटर अवैध देशी शराब जब्त



**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के आदेश पर सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान गोला/बरलंगा थाना एवं कुज्जू/वे बोकारो/ भदानी नगर ओपी क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 350 किग्रा बरामद हुआ। जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 24,500 /- रूपया एवं जब्त 905 लीटर अवैध देशी शराब जिसका अनुमानित मूल्य करीब 63,350/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। बरामद सामान का विवरणः अवैध जावा महुआ करीब 350 कि ग्रा संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया। अवैध देशी शराब 905 लीटर।

## भाजपा के बागी उम्मीदवार बरकट्ठा विधानसभा में भाजपा की बढ़ाएंगे मुश्किलें




**बरकट्ठा।** विधानसभा चुनाव आते ही नेताओं के लोक लुभावन वादे व घोषणाएं चालू हो गई है। लोग मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहते। लोगों के मुताबिक बरकट्ठा विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा को अपने बागी उम्मीदवारों ने टेंशन बढ़ा दी है। भाजपा से त्यागपत्र देते हुए जहां जिप सदस्य सह पूर्व भाजपा नेत्री कुमकुम देवी ने लोकहित अधिकार पार्टी से चुनाव मैदान में उतर चुकी है। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता भाजपा छोड़कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में आ चुके हैं। आगे भाजपा की टेंशन बढ़ाते हुए जहां भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी भाजपा छोड़ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं वर्षों से भाजपा के साथ ईमानदारी पूर्वक लगाव रखने वाले अनुप कुमार उर्फ अनुप भाई अटल विचार मंच से चुनावी मैदान में कूद चुके हैं। स्थानीय मतदाताओं की माने तो ये चार नेता भाजपा के विरोध में बिगुल फूंक चुके हैं । राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से एक ही पार्टी के चार वरिष्ठ नेताओं का पार्टी त्याग देना और चुनावी मैदान में कूदने से भाजपा की टेंशन कम होने का नाम नहीं ले रही। वैसे देखा जाए तो बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता था। लेकिन बीते दो चुनाव से भाजपा को इस विधानसभा से जीत नसीब नहीं हुई है। हालांकि बीते दो चुनाव में जीत हासिल करने वाले उम्मीदवारों ने किसी न किसी तरह भाजपा का ही साथ निभाया। अब आने वाला समय ही बताएगा कि इस विधानसभा क्षेत्र से किसके सर पर ताज सजेगा।

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने गौ माता को गुड़ खिलाकर निकाली आशीर्वाद यात्रा

# मैं वर्षों से लोगों के दुख-सुख में साथ रहा हूं और आगे भी रहूंगा

> *आने वाले दिनों में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाने जा रही है और लोगों को सेवा करने का मौका मिलेगा*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग सदर विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने अपने दिनचर्या में पूजा करने के पश्चात गौ माता को गुड रोटी खिला कर आशीर्वाद यात्रा प्रारंभ किया। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा के दौरान हजारीबाग सदर विधानसभा के जिनगा, महेशरा, जोन्हिया, झुमरा, रामदेव खरिका, कावालू, गोपलों, तिलैया, हरली, पेट्टो, बासोबार, भटविगहा, दारूखरिका, बख्शीडीह, दारूडीह, जबरा, सुलतानी, पिपचों, चिरवां, इरगा सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया जहां क्षेत्र के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी का अभिवादन किया और एक स्वर में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का आशीर्वाद लेते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मैं वर्षों से क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख का साथी रहा हूं और यह निरंतर रहेगा। आपका प्यार और आशीर्वाद हर पल मुझे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है आगे उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 13 नवंबर को कलम निशान (भाजपा) के पक्ष में मतदान कर मुझे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद दें। आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि इंडी गठबधन सरकार से त्रस्त प्रदेश की जनता भी सुशासन की स्थापना के लिए भाजपा सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। आने वाले दिनों में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाने जा रही है आशीर्वाद यात्रा के दौरान ओ बी सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है जिसकी विदाई तय है जिसका फैसला जनता का अदालत में आ गया है और मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आगामी चुनाव में उनके शोषण और भ्रष्टाचार का जवाब एक एक लोग ईवीएम पर कमल का बटन दबा कर देगी।

### बरही-21 से कुल 19 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन पर्चा, 8 निर्दलीय, कांग्रेस से दो अभ्यर्थी

**बरही।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बरही-21 विधानसभा क्षेत्र से कल 19 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. जिसमें आठ निर्दलीय अभ्यर्थी शामिल है. जिसमे सामान्य जाति श्रेणी के दो अनुसूचित जाति के पांच और अत्यंत पिछड़ा वर्ग श्रेणी के कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है. नामांकन पत्र दाखिल करने वालो में भारतीय जनता पार्टी से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने 4, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अरुण साहू ने 2 और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से ही कांग्रेस पार्टी के एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने भी 2 सेट में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है. कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने समाजवादी पार्टी से 2, अटल विचार मंच से रामाशीष सिंह ने 2, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के महेश ठाकुर ने 3, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कृष्ण कुमार यादव ने 3, अखिल भारतीय हिंदू महासभा से पुरुषोत्तम पांडे ने 3, जयप्रकाश जनता दल से दिलीप कुमार चंद्रवंशी ने दो, पीपुल पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से शिवकुमार राम ने दो और बहुजन समाज पार्टी से संतोष रविदास ने एक सेट में अपना नामांकन प्रपत्र भरा है.

दाना साइक्लोन से किसानों के चेहरे पर छाई मायूसी, आलू पर संकट

## 48 घंटे से रुक-रुककर हो रही बारिश से सड़कों पर छाई वीरानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 12:00 बजे से लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जीटी रोड एनएच2 पर बिरानी छाई हुई है। लोग अपने रोजमर्रा के सामान के लिए भी घर से निकाल नहीं पा रहे हैं। दाना साइक्लोन के कारण तापमान में अचानक गिरावट आई है ।वहीं किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है ।ज्ञात हो कि अब तक क्षेत्र के लगभग 60 प्रतिशत किसानों ने अपने खेतों में आलू की बुआई कर ली है ।लेकिन लगातार हो रही बारिश ने उन्हें यह परेशान कर रखा है कि आलू की पैदावार ठीक से नहीं हो पाएगी। स्थानीय किसान विजय रवानी ने बताया कि आलू बुआई के बाद लगभग 48 घंटे तक धूप लगना जरूरी होता है तभी आलू की पैदावार अच्छी होती है। वहीं नौनिहाल भी इस बारिश में विद्यालय जाते देखे गए। विदित हो कि दाना साइक्लोन को लेकर मौसम विभाग और सरकार का गाइडलाइन है कि जरूरी काम हो तो ही घर से बाहर निकले ।साइक्लोन ने विधानसभा चुनाव में नामांकन कराये प्रत्याशियों पर भी असर डाला है। तापमान में आई गिरावट के कारण प्रत्याशी और वोटर भौतिक रूप से एक दूसरे से संपर्क नहीं साध पा रहे हैं।

## विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में व्याख्यान का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता केंद्रीय वर्षाश्रित उपजाऊ भूमि धान अनुसंधान केन्द्र, हजारीबाग के वरीय वैज्ञानिक डॉ प्रिया मेधा शरीक हुईं। उन्हें बुके भेंट कर कार्यक्रम में स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य वक्ता के साथ साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकाय डीन डॉ अरविंद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण के दौरान डीन डॉ अरविंद कुमार ने विषय प्रवेश कराया और विद्यार्थियों को बताया कि कृषि के क्षेत्र में जितने भी शोध हो रहे हैं उसका पेटेंट कराना अत्यंत आवश्यक है। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ प्रिया मेधा ने विद्यार्थियों को बताया कि दरअसल बौद्धिक संपदा अधिकार दिए जाने का मूल उद्देश्य मानवीय बौद्धिक सृजनशीलता को बढ़ावा देना है।

डॉ रविन्द्र राय को भाजपा का झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

# कार्यकारी अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है : प्रवीण मेहता



> *वह कुशल संगठनकर्ता हैं और उनके अनुभव का उपयोग आगामी विधान सभा चुनाव होना है और सकारात्मक परिणाम मिलनेवाला है*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुमार राय को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर शनिवार को भाजपा रामगढ़ परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और कहा कि उनके अनुभव का लाभ से झारखंड प्रदेश में एनडीए की सरकार बनाने में मददगार साबित होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि उनके कार्यकारी अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। वे कुशल संगठनकर्ता हैं और उनके अनुभव का उपयोग आगामी विधान सभा चुनाव होना है और सकारात्मक परिणाम मिलनेवाला है। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद देते हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा,अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, चन्द्रशेखर चौधरी, वरिष्ठ नेत्री इलारानी पाठक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ संजय कुमार सिंह, रणंजय कुमार, विनोद कुमार, डॉ संजय प्रसाद सिंह, प्रिया करमाली, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति, जिला मंत्री दिलीप सिंह, संजीव कुमार बबला,किरण देवी,लक्ष्मी देवी अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर , जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, कार्यालय मंत्री विनोद कुमार, गिरधारी महतो, राजेश प्रसाद, नरेश कुमार ,संजय साह सहित भारतीय जनता पार्टी जिला के सक्रिय सदस्यों ने डॉ रविन्द्र कुमार राय को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने कोषांग पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित धनबाद जिला के सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ परिसदन भवन के सभागार में समीक्षात्मक बैठक किया। इस दौरान उन्होंने पोस्टल बैलेट कोषांग के तहत किये गए कार्य, पहले रेंडमाइजेशन, स्ट्रांग रूम से संबंधित जानकारी, डिस्पैच एवं रिसीविंग स्थल की जानकारी, सभी बूथों पर एएमएफ की व्यवस्था से संबंधित जानकारी, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, सी-विजिल के तहत शिकायतों के निपटारे, विभिन्न प्रकार के आईटी एप्लीकेशन में किया जा रहे कार्य, वल्नरेबल बूथ एवं क्रिटिकल बूथ से संबंधित, कम्युनिकेशन प्लान से संबंधित जानकारी, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, पीडब्लूडी वॉटर को उपलब्ध कराने वाली सुविधाएं एवं कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से ली। प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पोस्टल बैलट से संबंधित कार्य खासकर होम वोटिंग पर विशेष ध्यान दिन उसके अलावा सभी बूथों पर एएमएफ पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें।

### बरकट्ठा विधानसभा से अनूप कुमार ने किया नामांकन दाखिल



**बरकट्ठा।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अटल विचार मंच से अनूप कुमार उर्फ अनूप भाई ने नामांकन दाखिल कर दिया। अनूप भाई अपने समर्थक के साथ रैली निकालते हुए निर्वाचन कार्यालय अनुमंडल पहुंचकर औपचारिक रूप से नामांकन पत्र जमा किया। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि बरकट्ठा के मतदाताओं से क्षेत्र के विकास और प्रगति का वादा किया हूॅ। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रवासी नेता नहीं बेटा को चुने जो उनके विकास के लिए कार्य करे। अपने चुनावी अभियान का मुख्य मुद्दा बताते हुए कहा कि चलकुशा से बरकट्ठा होते हुए इचाक हजारीबाग को रेल से जोड़ने का कार्य करूंगा, विश्व के सबसे बड़े गर्म कुंड सूर्यकुण्ड को एक राष्ट्रीय प्राकृतिक स्थल के रूप में करना है।

स्कूल में पूर्व छात्र परिषद की गोष्ठी संपन्न

## भविष्य को सुरक्षित करने के लिए तैयारियों की कल से नहीं आज से करें शुरूआत : अरुण कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूर्व छात्र परिषद की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी हुई. जिसमे मुख्य रूप से विद्या विकास समिति झारखंड प्रान्त के पूर्व छात्र संयोजक सह विनोवा भावे विश्वविद्यालय के अभियंता विभाग के सहायक व्याख्याता अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित हुए. जिनका विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमीत कुमार साव, सदस्य सह साहू समाज मुखिया सुरेश साहू व प्रधानाचार्य ने रजनीश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से स्वागत किया. मौके पर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों का हौसला वर्धन करते हुए मार्गदर्शन किया. उन्होंने कहा कि भविष्य सुरक्षित और मनोनुकूल करने के लिए भविष्य की तैयारी के लिए कल नहीं बल्कि आज से करे शुरूआत करनी होगी. विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद सभी भैया बहनों के विचार को अपनों के समक्ष रखने का मंच देती है. जिससे उन्हें उनकी शक्ति एहसास हो और आगे बढ़ सके. उन्होंने कहा कि वह भी सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर कुम्हार टोली हजारीबाग का छात्र रहे हैं. अंत में उन्होंने दीपोत्सव पर प्रकाश डालते हुए अगली बैठक में दीपोत्सव मनाने की बात कही.

# एक नजर

## बानो के हुरपी में हुए सड़क हादसे में मृत तीनों युवक के शव का हुआ पहचान

**बानो।** बानो मनोहरपुर एनएच 320जी के हाटिंगहोडे हुरपी के समीप विगत शुक्रवार की शाम सडक दुर्घटना में मृत तीनो युवक पहचान हो गयी।मृत युवकों में विलियम लुगुन कोनाप निवासी, रोशन लुगुन सेतासोया निवासी तथा, सुर्दशन केरकेट्टा तेनेंद्रा निवासी के रूप मे किया गया। सभी शव को कब्जे कर अंत्यपरीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार जेएच जीरो वन एएक्स 9900 बाइक मे सवार होकर तीन युवक हाटिंगहोडे बजार से डुमरिया पंचायत अपने अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में हाटिंगहोडे हुरपी मोड के समीप विपरित दिशा से आ रही हाइवा ट्रक के चपेट में आ गये। जिससे तीनों युवक की मौत घटनास्थल में हो गयी। घटना की जानकारी होने पर बानो पुलिस घटनासथल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लेकर शव को अंत्यपरीक्ष हेतु सिमडेगा भेज दिया। हाइवा को जब्त कर लिया गया है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बालू के अवैध कारोबार के विरुद्ध चला अभियान

**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु सभी थाना / ओपी प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है। 26 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गोबरदरहा एवं बासल थाना अंतर्गत ग्राम-बलकुदरा डूमरटॉड में अवैध बालू माफियाओं द्वारा अवैध खनन कर बालू का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा थाना प्रभारी रामगढ़ एवं बासल के नेतृत्व में अलग-अलग छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अपने-अपने क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया।

## सीएमपीएस रसोईया धमना में किया गया मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**बरही।** सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना में किया गया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन. जिसे एलजी से पांचवीं तक जूनियर व छठी से दसवीं तक सीनियर दो ग्रुप में विभक्त किए गए थे. इस दौरान बच्चों ने दिए को रंगीन कागज, रंग, मोती, घी-बाती से आकर्षक रूप से सजाने का काम किया. जो देखते ही बन रहे थे. दिया की महत्ता पर चर्चा करते हुए प्राचार्य नितेश कुमार ने कहा की दिया प्रकाश का प्रतीक है, जो जीवन के अंधकार से उजाले ओर बढ़ने का संदेश देता है. निर्देशक टुकलाल साव ने कहा कि दिया जलाने से वातावरण के सूक्ष्म कीटाणु नष्ट होते हैं. विद्यालय के ही सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि दिया सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है. कार्यक्रम के अंत में विजेताओं की घोषणा की गई. जिसमें सीनियर ग्रुप में कक्षा आठवीं से जैनब व कक्षा सातवीं से सोनम प्रवीण ने प्रथम, कक्षा 9वी से संजू कुमारी और करीना कुमारी द्वितीय, दसवीं से नंदिनी ग्रुप कक्षा व आठवीं से सोनल कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

## 40 बोरा अवैध पोड़ा कोयला लदा पिकअप जब्त तस्कर गिरफ्तार, जेल

**बरही ।** शुक्रवार की रात्रि जीटी रोड स्थित बिलौतिया मोड़ के पास से 40 बोरा अवैध पोड़ा कोयला लदा पिकअप वाहन संख्या जेएच 10सीयू-4952 जब्त करते हुए तस्कर चालक विंध्याचल यादव पिता स्व रामजन्म यादव साकिन लमारी टोला थाना पिरो जिला भोजपुर (बिहार) को गिरफ्तार किया गया. उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने प्रेस बयान जारी कर दी. जारी बयान के अनुसार उक्त कारवाई वरीय पदाधिकारी के सूचना पर की गई. सूचना मिलते ही वाहन चेकिंग लगाया गया. जांच के दौरान उक्त वाहन पर बिना कागताज के 40 बोरा अवैध पोड़ा कोयला सहित तस्कर चालक पकड़ा गया. मामले के संबंध में कोल माइंस के अंतर्गत बीएनएस की धारा - 317(5)/3(5) व (!!) के तहत कांड संख्या 434/24 दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया.

### घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे बीएलओ

# राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से भी सहयोग करने की अपील



*बीडीओ ने बताया कि बीएलओ को स्वयं घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का अपने हस्ताक्षर से वितरण करना है*

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को मतदान केंद्रों से संबंधी जानकारी के निमित्त जलडेगा प्रखंड के अंतर्गत सभी 62 बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण करने का कार्य शनिवार को प्रारंभ हुआ। जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि बीएलओ को स्वयं घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का अपने हस्ताक्षर से वितरण करना है साथ ही साथ मतदाता पर्ची प्राप्त करने वाले मतदाता से रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर या अंगूठा का निशान लिया जाना है। वहीं सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता/बूथ एजेंट को भी बीएलओ के साथ रहकर मतदाता पर्ची वितरण करने एवं पारदर्शिता पूर्ण कार्रवाई करने में बीएलओ को सहयोग की अपील की गई है।मतदाता पर्ची वितरण के साथ-साथ एएसडी का भी लिस्ट बनाना है ताकि पता चल सके कि कितने मतदाता अभी घरों में नहीं है या इस क्षेत्र को छोड़कर अन्यत्र चले गए हैं अथवा किसी की मृत्यु हो गई है। साथ ही एक मतदाता कि डबल एंट्री हुआ हो, का भी संख्या दर्ज कर प्रतिदिन प्रखंड में रिपोर्ट देना है। इसकी निगरानी बीएलओ सुपरवाइजर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जिले के वरीय पदाधिकारीयों द्वारा प्रतिदिन किया जाएगा।

## बिजली मरम्मती के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा



**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र के गरजा कसईदोहर गांव में शनिवार की सुबह गांव में आए बिजली की खराबी को ठीक करने के लिए गांव के ही यूजिंन डुंगडुग नामक युवक द्वारा मिस्त्री बनाकर ट्रांसफार्मर में चढ़कर बिजली में खराबी को ठीक करने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान अचानक बिजली करंट की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया और गिर पड़ा। तुरंत परिवार वालों ने उसे बिना किसी देर किए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रही है। बताया गया कि गांव में फ्यूज उड़ जाने की वजह से बिजली नहीं थी तो राजस्थानी युवक द्वारा बिजली काटने के बाद तुरंत उसे बनाने का प्रयास किया लेकिन इसी दौरान तुरंत बिजली आ गई और उसकी चपेट में आने से झुलस गया। इधर मामले की जानकारी बिजली विभाग को दी गई जिस पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार से स्थानीय युवकों के द्वारा बिजली बनाने का प्रयास करना पूरी तरह से गैरकानूनी है।

## जिलास्तरीय अंतर जिला बैंड प्रतियोगिता आयोजित चार विद्यालय शामिल

**बरही।** शनिवार को डायट हजारीबाग में खेलो झारखंड अंतर्गत जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें जिले के विष्णुगढ़, चरही, इचाक और पदमा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन और जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार शामिल हुए. इस प्रतियोगिता में केजीबीबी की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक बैंड की धुन बजाकर अपनी गुणवत्ता दिखाने का प्रयास किया. इस रोमांचक प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा की छात्राओं ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ की छात्राओं से मात्र एक प्वाइंट की बढ़त लेते हुए विजेता बनी. वही केजीबीवी विष्णुगढ़ को उपविजेता घोषित किया गया. विजेता टीम को डीईओ और डीएसई ने संयुक्त रूप से विद्यालय के वार्डेन के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. अधिकारियो ने प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में और भी बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया. डीईओ ने कहा कि संगीत जीवन के सभी दुखो को दूर करने का एक मात्र मर्ज है.

### कुंदुरमुंडा गांव में पहुंची प्रशासन की टीम, वोट करने के लिए किया जागरूक

# पहले करें मतदान, फिर अपने हक की करें मांग: बीडीओ





**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखंड के कुंदुरमुण्डा गांव में में जिला प्रशासन की एक टीम ने ग्रामीणों से मुलाकात कर वोट करने को लेकर किया जागरूक। इस मौके पर बताया गया कि यहां के ग्रामीण लंबे समय से बोलबा प्रखंड मुख्यालय से कुंदुरमुंडा उड़ीसा बोर्डर तक सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों का नारा था रोड नहीं तो वोट नहीं। ग्रामीणों द्वारा एक हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन उपायुक्त सिमडेगा को देकर सड़क निर्माण की मांग किया था इसके साथ ही ग्रामीणों की एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मुलाकात भी किया था। उपायुक्त के पहल पर जिला प्रशासन की एक टीम गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया और कहा कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय से उड़ीसा बॉर्डर तक की अधूरी सड़क चुनाव के बाद बहुत जल्द बनेगा। इसका जिला प्रशासन ने जिम्मेवारी लेते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया इस मौके पर उप-विकास आयुक्त संदीप दुराई बुरू, कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार, अंचल अधिकारी सुधांशू पाठक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद ने सड़क निर्माण अधूरा रहने के सारे कारणों को बताया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में वोट करें और प्रशासन से अपने हक और अधिकार को लेकर मांग करें। सभी तरह की मांगों को पूरा किया जायेगा तथा सभी समस्याओं का निपटारा भी किया जायेगा ग्रामीणों ने प्रशासन की बातों को शर्तो के आधार पर मानने के लिए राजी हुए और आगामी 13 नवंबर को वोट के महा पर्व को उत्साह पूर्वक सफल बनाने का निर्णय लिया । इस मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप दुराई बुरू, कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार, अंचल अधिकारी सुधांशू पाठक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुषमा आनन्द, थाना प्रभारी सोनू पाठक के साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## दो अलग-अलग घटनाओं में जहरीले सांप के काटने से दो लोगों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**सिमडेगा।** सिमडेगा के दो अलग-अलग स्थान में शनिवार को जहरीले सांप के काटने से दो लोगों की तबीयत बिगड़ गई जिन्हें इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है पहला मामला ठेठईटांगर प्रखंड के जिलिंगा गांव की है जहां पर 12 वर्षीय प्रेम आजाद का नामक बच्चों को देर रात जहरीले सांप ने काटा, इसके बाद उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए शनिवार की सुबह सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया जहां पर इलाज चल रही है ।बताया गया कि वह परिजनों के साथ सोया था इसी दौरान सांप ने काटा ।फिलहाल स्थिति गम्भीर बनी हुई है ।दूसरा मामला बीरु के बिरकेरा अम्बाटोली गांव में खलिहान में सोने के दौरान सांप काटने से 45 वर्षीय राजेश मांझी नामक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ गई परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रही है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में साप्ताहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

# इस प्रतियोगिता में बिरजानंद हाउस को प्रथम जबकि श्रद्धानंद को द्वितीय स्थान मिला




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में शनिवार को साप्ताहिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के वर्ग से कुछ अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को अलग-अलग हाउस वर्ग में विभाजित किया गया है जिसमें चार हाउस वर्ग हैं बिरजानंद, दयानंद, श्रद्धानंद और हंसराज। इन्हीं वर्गों में से विशेष रूप से छात्राओं का नृत्य प्रतियोगिता कराया गया। पूरे विद्यालय में छात्राओं के वर्ग में ऐसी अद्भुत प्रतिभा है जो दर्शकों को लगा कि डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में विद्यार्थी में एक अलग गुणवत्तापूर्ण प्रतिभा है। प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने भावविभोर हो करके अपने संबोधन में इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने ऐसी प्रतिभा आज तक कहीं नहीं देखा। इस प्रतियोगिता में बिरजानंद हाउस वर्ग को प्रथम स्थान मिला जबकि श्रद्धानंद हाउस वर्ग को द्वितीय, साथ ही हंसराज हाउस वर्ग को क्रमशः द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तीसरे स्थान पर दयानंद हाउस वर्ग रहा। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों, हाउस मास्टर, को. हाउस मास्टर एवं सभी सहयोगियों की प्रशंसा की और सभी विजयी हाउस वर्गों को पुरस्कृत किया। सभी दलों के साथ प्राचार्य ने फोटोशूट भी किया। साथ ही आज आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई और बच्चों के बीच इसके महत्व को बताया गया तथा अभियान से संबधित पंपलेट भी वितरित किया गया।

## अवैध बालू परिवहन करते हुए दो लोग को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**बोलबा।** विधानसभा चुनाव के बीच लगातार प्रशासन पूरी तरह से सभी क्षेत्रों में बारीकी नजर रख रही है इसी कड़ी में अवैध बालू का उठाव रोकथाम के लिए चलाए गए छापेमारी में बीती रात अवैध बालों का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया तथा इस मामले में बोला थाना में मामला दर्ज की गई ।इधर बताया गया कि इस मामले में ट्रैक्टर चालक सुनील खेस समसेरा रामटोली निवासी तथा राम साय पाकरबाहर निवासी शख्स को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया गया की नदियों में टेंडर नहीं होने के बावजूद रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध बालू कारोबारी के द्वारा धड़ल्ले से बालू का उठाव कर उसे महंगे दामों में बेचने का काम किया जा रहा है ,जिसकी सूचना प्राप्त हुई थी और सूचना के आलोक में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ,जिसके तहत दो ट्रैक्टरों को जप्त करते हुए उनके चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

## पुलिस अधीक्षक को मिली सूचना पर कोयले लदे दो ट्रक जब्त

**रामगढ़।** शनिवार को रात्रि करीब 02:20 बजे पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि बोकारो के तरफ से दो ट्रक अवैध कोयला लेकर घाटो के रास्ते से गुजरने वाले है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा वेस्ट बोकारो ओंपी प्रभारी को त्वरित करवाई करने का निर्देश दिया गया। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक करवाई हेतु बडगांव- चैनपुर मुख्य पथ पर वाहन चेकिंग किया जा रहा था ।

### अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान

# एक सप्ताह में 3250 किलो जावा महुआ को किया गया नष्ट



*विभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान में और तेजी लाया गया है*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आगामी विधानसभ चुनाव 2024 के मद्देनजर, सिमडेगा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान में और तेजी लाई गई। जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर,विभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान में और तेजी लाया गया है। अभियान के दौरान तीन हजार दो सौ पचास (3250) किलोग्राम जावा महुवा तथा चौवालिस (44) लीटर अवैध देशी शराब और उन्नीस (19) लीटर अंग्रेजी शराब विनष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया, सिमडेगा की जनता से अनुरोध है कि, अवैध शराब की रोकथाम में और नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष के मोबाईल पर निश्चित रूप से दें।

# न्यूज | बॉक्स

## मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने पर श्रम विभाग ने कंपनी को भेजा नोटिस



**बांसजोर।** प्रखंड के कोम्बाकेरा पंचायत अंतर्गत बोंगेरा गांव में मजदूरों के आह्वान पर बांसजोर प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सामरोम पौल तोपनो, ठेठईटांगर के जिला परिषद सदस्य अजय एक्का एवं शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुराग लुगुन ने मजदूरों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। मजदूरों ने बताया कि जलडेगा विलियम चौक से बांसजोर तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में काम करने वाले कई मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान अबतक नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों को समस्या हो रही है। इस संबंध में जिला परिषद सामरौम पौल तोपनो ने विभागीय अधिकारी से बात कर मजदूरी न मिलने से मजदूरों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। बताया गया श्रम विभाग द्वारा सड़क निर्माण करा रहे भारद्वाज टेक्नो इंफ्रा प्रा. लि. को नोटिस भेजा गया है एवं जल्द ही मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान करवाया जाएगा।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला थाना की पुलिस ने शादी की झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में हुरदा बाजार टोली गांव निवासी श्याम सुंदर सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए शनिवार को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए महिला थाना प्रभारी नहीं बताया कि शादी की जैसा देखकर एक युवती के साथ यौन शोषण किया था और शादी की बात कहने पर उसने इंकार कर दिया जिसके बाद युवती के द्वारा महिला थाना आकर इस मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराया। इसके बाद सिमडेगा महिला थाना में कांड संख्या 2524 धारा 376/506/323 के तहत मामला दर्ज किया गया और इस मामले में आरोपी श्याम सुंदर को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## ओड़गा अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर



**जलडेगा।** विधान सभा चुनाव को लेकर जलडेगा प्रखंड अंतर्गत ओड़गा पंचायत के ढेलसेरा में अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बनाया गया है। जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में 8 घंटे की 3 सिफ्ट में लगातार 24 घंटा सघन जांच की कार्रवाई की जा रही है। यहां से गुजरने वाली सभी छोटी -बड़ी वाहनों का निरीक्षण 24 घंटे प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अंतरराज्यीय सीमा से असामाजिक तत्वों एवं चुनाव को प्रभावित करने हेतु शराब, नगदी, ड्रग्स, उपहार की वस्तु आदि के अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु यह चेक पोस्ट बनाया गया है।

## जलडेगा बीडीओ ने लो टर्नआउट मतदान केंद्रों पर स्वीप कार्यक्रम करने का दिया निर्देश

**जलडेगा।** प्रखंड सभागार में निर्वाचन संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मतदाता पर्ची का सही ढंग से वितरण एवं रिपोटिंग, मतदान केंद्रों में एएमएफ की उपलब्धता, क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, रनर, पी-1, पी एवं पी+1 इत्यादि की व्यवस्था एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्य एवं दायित्व से संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार द्वारा लो टर्नआउट मतदान केंद्रों में स्वीप कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार के साथ में थाना प्रभारी जलडेगा जितेन्द्र कुमार सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रखंड के सभी पर्यवेक्षक, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास समन्वयक, पंचायत सेवक, जन सेवक, रोजगार सेवक, बीपीएम स्वास्थ्य विभाग, बीपीओ शिक्षा विभाग, कंम्पयूटर संचालक आदि उपस्थित है।

## विधानसभा चुनाव में बानों के 13 बूथों पर मतदान की समय सारिणी में बदलाव

**बानो।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन 2024 के तहत बानो प्रखंड अन्तर्गत कुल 89 मतदान केंद्रों पर मतदान किया जाना है, जिसमें 13 मतदान केन्द्रों पर मतदान की समय सरिणीं मे बदलाव किया गया है जिसमें 174 मतदान केंद्र आरसी प्राइमरी स्कूल हेलगढ़ा,मतदान केन्द्र 176रा प्राथमिक विधालय भूरसाबेड़ा, 180 आर सी प्राथमिक विवाधलय ओल्हान, 201 राजकीय उत्कमित मध्य विधालय सिजांग, 206 राजकीय उत्कमित मध्य विधावय बुरु होंजर, 210 राजकीय प्राथमिक विधालय बड़ोमदा, 225 राजकीय उत्कमित मध्य विधालय पांगुर,228 राजकीय उत्कमित मध्य विधालय जामुड़ सोया, 231 राजकीय प्राथमिक विधालय कोनाप,236 राजकीय प्राथमिक विधालय एकोदा, एवं 241 राजकीय उत्कमित मध्य विधावय टोनियां, प्राथमिक विधालय वितुंका मतदान केंद्र 226 व प्राथमिक विधालय टडयु मतदान केंद्र 227 सहित कुल 13 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक ही मतदान किया जाना है। बाकी 76 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जा सकेगा.उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने दिया ।

## माईकल किंडो मुन्ना हॉकी कप का हुआ फाइनल मैच होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल बनी विजेता

**कुरडेग।** प्रखण्ड के खालीजोर मिशन मैदान में शनिवार को 17 वीं माईकल किन्डो मुन्ना हॉकी कप खेल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच आर सी बालक मध्य विद्यालय डोड़मा बनाम होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरडेग के बीच खेला गया, जहाँ निर्धारित समय पर दोनों ही टीम बराबरी पर रही पेनाल्टी शूट में भी 5 -5 खिलाड़ियों के शूट में भी दोनों टीमों की ओर से कोई गोल बढ़त नहीं कर सका पुनः 3-3 खिलाड़ियों को शूट करने का मौका दिया गया जिसमें हॉली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल के खिलाड़ियों ने 2 -1 गोल बढ़त बनाकर चैम्पियन ट्राफी अपने नाम कर लिया ।

# अनुमंडल परिसर खोरीमहुआ में आयोजित रक्तदान शिविर में कई अधिकारियों ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह के तत्वाधान में अनुमंडल परिसर खोरीमहुआ में रक्तदान शिविर-सह-मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 22 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में वरीय अधिकारियों समेत कई अधिकारियों/प्रेस प्रतिनिधियों व कर्मचारियों व आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अंचलाधिकारी, अनुमंडल कार्यालय के अधिकारी समेत स्वीप कोषांग की पूरी टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। अनुमंडल परिसर में रक्तदान शिविर के साथ साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान व सेल्फी पॉइंट का भी आयोजन किया गया। जहां कई मतदाताओं ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया और अपनी सेल्फी खिंचवाई। इस दौरान सभी लोगों ने एक सुर में लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की बात कही। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी, श्री अनिमेष रंजन के द्वारा सभी मतदाताओं को निर्वाचन प्रणाली, मतदान के महत्व और मतदान तिथि सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी तथा सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। सभी ने एक सुर में नारे लगाए 20 नवंबर को वोट करेंगे देश के लिए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी अधिकारियों/कर्मियों/आम लोगों ने नैतिक मतदान की शपथ ली। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिला से स्वीप कोषांग की टीम आई है, जिसके सहयोग से धनवार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय और लो पर्सेंटेज वाले बूथ में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिससे कि हमारे मतदाता जागरूक जागरूक हो और मतदान के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा वोटर हेल्पलाइन ऐप, टॉल फ्री नंबर 1950, सी विजिल ऐप आदि की जानकारी दी। उन्होनें कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। रक्तदान शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं रक्तदान किया और लोगों से भी रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए रक्तदान करना लाभदायक है,हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया।

### जिला परिषद अध्यक्ष किरन माला बाड़ा ने लिया यू-टर्न

# चुनाव नहीं लड़ने का किया फैसला



**कार्यकता हुए निराशा**

**बसिया(गुमला)।** गुमला जिला परिषद अध्यक्ष किरन माला बाड़ा ने यू-टर्न लेते हुए विधानसभा चुनाव लड़ने से तौबा कर लिया है। किरनमाला के इस कदम से उनके समर्थक काफी निराश हैं। उल्लेखनीय है कि श्रीमती बाड़ा गुमला जिला परिषद की अध्यक्षा हैं और भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य भी हैं। इन्हें जमीनी स्तर का नेता माना जाता है और वर्तमान चुनाव में दल के प्रति उनकी निष्ठा, जमीनी पकड़ व महिला होने के नाते उनकी दावेदारी को काफी गंभीर माना जा रहा था। ऐन मौके पर उन्हें दरकिनार करते हुए सिसई से पूर्व कांग्रेसी विधायक स्व.बंदी उराँव के पुत्र, कांग्रेस कोटे से मंत्री बनी गीताश्री उराँव के पति, कांग्रेस के कद्दावर नेता स्व कार्तिक उराँव के दामाद व पूर्व आईएएस अधिकारी अरूण उरांव को भाजपा ने टिकट देकर भाजपा आलाकमान ने सबको चौंका दिया। जाहिर सी बात है कि पार्टी के इस कदम से कैडर से लेकर तमाम समर्पित कार्यकताओं में निराशा हुई। पार्टी के इस तरह के कारण श्रीमती बाड़ा ने विद्रोह का बिगुल फूंकते हुए बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने का ऐलान भी कर दिया।

### गुमला जिले में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ स्वीप रोबो जतरा कार्यक्रम

# विज्ञान और खेल के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक






**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर गुमला जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप रोबो जतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन गुमला जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में जिला स्वीप कोषांग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं, विशेष रूप से युवा और भावी मतदाताओं में जागरूकता फैलाना था। विज्ञान और तकनीकी खेल गतिविधियों के माध्यम से मतदान के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के इस अनूठे प्रयास ने झारखंड में एक नई मिसाल कायम की।

## उपायुक्त का संबोधन

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और लोकतंत्र दोनों ही देश के भविष्य के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे भावी मतदाता हैं और इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि के साथ-साथ नैतिक मतदान की जिम्मेदारी का भी बोध होता है। उन्होंने सभी युवाओं और उनके परिजनों से चुनाव में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रमुख योगदान

कार्यक्रम के सफल आयोजन में परियोजना निदेशक ITDA सह स्वीप प्रभारी वरीय पदाधिकारी, जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित रमेश कुमार, अभिनाश पाठक, दिलदार सिंह, सैफुल्ला अंसारी सहित अन्य अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। गुमला जिला प्रशासन की इस पहल को व्यापक स्तर पर सराहना मिली और यह आयोजन एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया, जिसने न केवल नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई बल्कि विज्ञान और तकनीकी गतिविधियों के प्रति भी बच्चों का रुझान जगाया।

## रोबोटिक और वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

कार्यक्रम में विभिन्न रोबोटिक और वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे युवा प्रतिभागियों में मतदान के प्रति रुचि और जिम्मेदारी का भाव विकसित हुआ। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को मतदान प्रक्रिया से परिचित कराने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

- **रोबो रेस डेमोक्रेसी (रोबोटिक दौड़ प्रतियोगिता):** इस प्रतियोगिता में बच्चों ने लोकतंत्र को दर्शाने वाली रोबोटिक दौड़ में हिस्सा लिया। प्रत्येक बाधा को पार करते हुए उन्होंने मतदान और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहरी समझ हासिल की।
- **पोलबोट (ड्रोन पिक एंड ड्रॉप चैलेंज):** इस चुनौती में ड्रोन का उपयोग कर मतदान प्रक्रिया का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया, जिसमें बच्चे यह समझ सके कि मतदान व्यवस्था का संचालन किस प्रकार होता है।

## प्रतिभागियों व अतिथियों की रही उत्साहवर्धक उपस्थिति

कार्यक्रम में गुमला सहित गिरिडीह, जमशेदपुर, जामताड़ा, रांची, लातेहार, सिमडेगा, दुमका, और पलामू जैसे विभिन्न जिलों के लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 45 टीमों ने अपनी प्रतिस्पर्धी भावना के साथ विभिन्न रोबोटिक और वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें 1000 से अधिक युवा और भावी मतदाता शामिल हुए। इन सभी ने एक साथ सबसे पहले करें मतदान, फिर करें दूजा काम का नारा लगाकर चुनाव में भागीदारी का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में 67-सिसई विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक प्रशांत शर्मा, 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक छोटे सिंह, 69-विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक दिव्य प्रकाश गिरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एरोबिक जिम्नास्टिक स्टेट चयन परीक्षण चक्रधरपुर में आज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड राज्य जिम्नास्टिक संघ द्वारा एरोबिक जिम्नास्टिक स्टेट चयन परीक्षण का आयोजन रविवार को रेलवे खेल परिसर, चक्रधरपुर में किया जाएगा। इस परीक्षण में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। झारखंड के सभी जिलों से खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है, जो इस अवसर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस चयन परीक्षण की देखरेख जितेंद्र कुमार सिंह, एनआईएस प्रशिक्षक, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा की जाएगी। आयोजन के माध्यम से राज्य के श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी झारखंड राज्य जिम्नास्टिक संघ के प्रशासनिक सचिव, दीपक कुमार साहु ने दी।

# दुमका में मतदाता जागरूकता रथ रवाना

**रांची।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार दुमका इकाई की ओर से शनिवार को दुमका जिला के समाहरणालय सूचना भवन से विधानसभा चुनाव 2024 पर एक मतदाता जागरूकता रथ की शुरूआत की गई। इस मतदाता जागरूकता वाहन को दुमका जिला के जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना एवं नगर परिषद प्रशासक श्री सुशांत खलखो द्वारा हरी झंडी दिखाई गई।

# निरंजन राय को मनाने पहुंचे गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे, बैरंग लौटे



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
धनवार विधानसभा सीट की सरगर्मी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। पहले सीट शेयरिंग को लेकर इंडी गठबंधन में टूट हुआ अब निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निरंजन राय की एंट्री ने खलबली मचा दी है। निरंजन राय की एंट्री के बाद भाजपा के नेता प्रेशर पोलिटिक्स और मान-मनौव्वल में जुट गए हैं।
दरअसल धनवार सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के चुनावी मैदान में रहने के कारण राज्य भर की निगाहें इस सीट पर टिकी हुई है। ऐसे में निरंजन राय के चुनाव लड़ने की घोषणा ने भाजपा के प्रदेश स्तर से लेकर केंद्र स्तर के नेताओं की चिंता बढ़ा दी है। आलम यह है कि भाजपा के दिग्गज नेता भी अब निरंजन राय को मनाने में जुटे हुए हैं, शनिवार की दोपहर गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे अचानक तिसरी के पपीलो गांव स्थित निरंजन राय के आवास पंहुच गए। जहाँ उन्होंने बंद कमरे में राय से घंटों बातचीत की, हालांकि निरंजन राय चुनाव लड़ने की अपनी बात पर अडिग रहे, इसके बाद सांसद निशिकांत दुबे को बैरंग लौटना पड़ा। इस दौरान भारी संख्या में निरंजन राय के समर्थक उनके आवास पर पहुंच गए और निरंजन राय के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। हालांकि इस दौरान मीडिया कर्मियों ने निशिकांत दुबे से बात करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वह निरंजन राय से केवल मिलने आए थे, साथ ही उन्होंने रविंद्र राय को भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने को पार्टी का एक अच्छा निर्णय बताया।

## कोडरमा एसपी ने किया बूथ एवं चेकपोस्ट का निरीक्षण

**रांची।** पुलिस अधीक्षक कोडरमा ने विभिन्न थाना क्षेत्र के बूथों एवं स्थापित चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। इसमें कोडरमा एवं जयनगर थाना क्षेत्र के संवेदनशील बूथ पथलडीहा एवं डुमरी शामिल हैं। यहां मतदान करने को लेकर मतदाताओं को कांफिडेंस बिल्डिंग का कार्य किया गया । स्थापित चेकपोस्ट परसाबाद, बेको - नावाडीह एवं बरियारडीह का निरीक्षण कर उपस्थित पदाधिकारी एवं बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## गढ़वा डीएसपी को हटाया जाए : भाजपा



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर मांग की कि गढ़वा के डीएसपी जो अभी वर्तमान में श्री वंशीधर नगर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी के पद पर आसीन सत्येंद्र नारायण सिंह हैं, उनको चुनाव कार्य से दूर रखते हुए उनको पद से हटाया जाए। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि सत्येंद्र नारायण सिंह जिस प्रकार अपना कार्य कर रहें हैं वो किसी भी तरह से पुलिस पदाधिकारी का काम नहीं है। भाजपा के कार्यकर्ता और समर्थकों पर जिस प्रकार ये केस मुकदमा कर रहें हैं, उससे स्पष्ट है कि किस उद्देश्य से इनको वंशीधर नगर में भेजा गया है। सत्येंद्र सिंह भाजपा के कार्यकताओं को आतंकित कर उनके खिलाफ आवेदन लेकर केस कर रहे हैं। मामले में चुनाव आयोग ने जांच का आदेश दिया है।

# वोट गिरिडीह वोटः मेरा भविष्य लोकतंत्र से जुड़ा है का नारा देते हुए बच्चों ने पढ़ाया लोकतंत्र का पाठ



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
स्वीप के तहत समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर सीसीएल डीएवी के बच्चों ने मतदाता जागरूकता के माध्यम से पूरी निर्वाचन प्रणाली और मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। मतदाता जागरूकता के माध्यम से स्कूली बच्चों ने अपने अंदाज में लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव के निमित्त मतदान प्रक्रिया और निर्वाचन प्रणाली की अनूठी पेशकश की। इस कार्यक्रम के जरिए ने बच्चों ने चुनाव कार्य में लगे प्रथम पीठासीन पदाधिकारी, मतदान कर्मी, सुरक्षा व्यवस्था, पोलिंग बूथ, ईवीएम वीवीपैट, पोस्टल बैलेट, पोलिंग एजेंट, मतदान केंद्र पर वृद्ध/वरिष्ठ मतदाता और दिव्यांग मतदाता के लिए मतदान केंद्र पर क्या क्या सुविधाएं होती है, उन्हें भी बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से बखूबी निभाया है। साथ ही इस कार्यक्रम के जरिए बच्चों ने वोटर हेल्पलाइन ऐप, टॉल फ्री नंबर 1950 की विशेषता पर भी फोकस किया। एक जगह एकत्रित होकर सभी बच्चों ने मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस दौरान सभी के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को मतदान की तिथि 20 नवंबर 2024, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली समेत अन्य जानकारी दी गई। साथ ही सभी को अपने स्तर से अन्य लोगों को भी लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## चुनाव को ले आरक्षी अधीक्षक ने लिया बूथों का जायजा



**गांडेय , गिरिडीह।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह के आरक्षी अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार ने गांडेय प्रखंड के विभिन्न बूथ केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलझरिया में बूथ केंद्र का जायजा करने के दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मूलभूत सुविधाएं का निरीक्षण किया ओर पदाधिकारियों को निर्देश देते हुआ कहा कि चुनाव से पहले मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त कर लिया जाए।

# संदेहास्पद स्थिति में होटल कर्मी की मौत, पुलिस जांच में जुटी



**तिसरी/गिरिडीह।** तिसरी थाना समीप सूर्यवंशी होटल के चौकी पर होटल के मजदूर सुरेश ठठेरा का शव संदेहास्पद स्थिति में शनिवार सुबह को मिला।जिसकी सूचना मिलते ही तिसरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेजा दिया।बता दे की तिसरी निवासी सुरेश ठठेरा 65 वर्ष पिता स्व महावीर ठठेरा थे
जानकारी के अनुसार मृतक सुरेश ठठेरा करीब एक सप्ताह से उसके सूर्यवंशी फास्ट फूड के होटल में पानी भरने का काम कर रहा था । प्रतिदिन सुबह से शाम तक काम करने के पश्चात रात्रि में सोने के लिए अपने घर चला जाता था । होटल मालिक के अनुसार शुक्रवार को मौसम खराब रहने के कारण दुकान करीब 7 बजे बंद करने के उपरांत सुरेश अपना घर चला गया था । शनिवार सुबह होटल स्थित बरामदे के चौकी पर कब वापस आया और कैसे इसकी मौत हुई पहेली बन गया है। तिसरी पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# शनि मंदिर में उमड़ा रही है महिलाओं की भीड़



**बसिया(गुमला)।** बसिया और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों आस्था की एक नई गुंज का सैलाब बह रहा है। इस सैलाब के सहयात्री वे महिलाएं बन रही हैं जिनकी एक ही संतान है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सभी शनि मंदिरों में प्रत्येक शनिवार को इन दिनों भारी भीड़ जमा हो रही है। इस भीड़ में नारियल, तेल,अगरबत्ती, फूल, अक्षत आदि के साथ वैसी महिलाएं कतारबद्ध नजर आ जाती हैं जिनकी एक ही संतान है। इस संबंध में कोई पौराणिक या आध्यात्मिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है परन्तु आस्था के इस सैलाब से किसी को कोई आपत्ति भी नहीं है। बहरहाल आज जबकि शनिवार है तब बसिया के कोनबीर मुख्यालय में पीपल वृक्ष के सानिध्य के साथ अवस्थित शनि विग्रह के पास सैकड़ों की संख्या में महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। इस संबंध में तत्संबंधी विग्रह के मुख्य पुजारी संदीप कुमार दास ने बताया कि पीपल के इस वृक्ष की पहचान मनोकामना सिद्धि के लिए पहले से बनी हुई है और विगत कुछ महिनों से महिलाओं की बेशुमार उपस्थिति के कारण हर शनिवार की सुबह को यहां का वातावरण भक्ति की विशेष धारा से अभिभूत होता रहा है।

# सोच समझकर केंद्रीय नेतृत्व ने रवींद्र राय को बनाया प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षः मरांडी



**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने डॉ रविंद्र कुमार राय को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है डॉ रविंद्र कुमार राय पहले भी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं डॉ रविंद्र कुमार राय धनवार विधानसभा के विधायक और कोडरमा लोकसभा के दो बार सांसद निर्वाचित हुए थे बाबूलाल मरांडी ने बयान देते हुए बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने सोच समझकर डॉ रविंद्र कुमार राय को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है क्योंकि मैं स्वयं प्रदेश अध्यक्ष चुनाव मैदान में हूं और मेरी व्यस्तता को देखते हुए डॉ रविंद्र कुमार राय को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# चैनपुर में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, सिक्सर और कट्टा बरामद

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त कराने के लिए पुलिस की ओर से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा रहा है। लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड में कोयल नदी किनारे एक युवक को आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक सिक्सर बरामद किया गया। युवक की पहचान शाहपुर के लालगंज के रहने वाले रेयाजुद्दीन सैयद (39वर्ष) पिता ग्यासुद्दीन सैयद के रूप में हुई है। चैनपुर पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि शाहपुर गढ़वा रोड में कोयल नदी किनारे एक युवक अवैध हथियार लेकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

# धनतेरस, दीपावली व छठ पूजा पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आगामी त्योहारी सीजन के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में गुमला के अनुमंडल पदाधिकारी को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर शहर में अत्यधिक भीड़-भाड़ होती है, जिससे लोगों की सुरक्षा और यातायात को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**पत्र में निम्नलिखित दिनों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की गई है**

1. धनतेरस (29 अक्टूबर 2024) को सुबह 12 बजे से अगले दिन तक।
2. दीपावली (31 अक्टूबर 2024) को संध्या 8 बजे से अगले दिन तक।
3. छठ पूजा (7 एवं 8 नवम्बर 2024) को छठ घाटों की भीड़ को देखते हुए दोनों दिनों संध्या 8 बजे से सुबह तक रोक लगाने का आग्रह किया गया है।

गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन तिथियों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# गोड्डा के महागामा में अलग-अलग छापेमारी में हथियार और शराब बरामद

### तीन गिरफ्तार, दो गोड्डा और एक बिहार के भागलपुर का




**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची/गोड्डा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के निदेशानुसार चंद्रशेखर आजाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), महागामा के नेतृत्व में महागामा अनुमंडल के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अवैध आग्नेयास्त्र, मादक पदार्थ, शराब की तस्करी एवं कारोबार के विरुद्ध शुक्रवार को छापेमारी की गई।
महागामा थाना पुलिस अधीक्षक, गोड्डा को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम नयानगर मोड़ के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र की खरीद-बिक्री की जा रही है। इस सूचना के आधार पर महागामा थाना अंतर्गत नयानगर मोड़ के पास गठित टीम द्वारा छापामारी कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शौकत अली उर्फ शक्ति पे. शेख मजरूल हक और अमन राज पे. अजय साहू शामिल हैं। दोनों सा. हनवारा, थाना हनवारा, जिला गोड्डा के निवासी हैं। उनके पास से एक देशी पिस्टल, दो मैगजीन और 7.65 एमएम के नौ कारतूस बरामद किए गए हैं। वहीं, हनवारा थाना अंतर्गत मिल्की चौक के पास शुक्रवार को वाहन जांच के दौरान एक टोटो से 72 (बहत्तर) बोतल भिन्न-भिन्न कंपनियों की अलग-अलग मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस मामले में शिशुपाल उम्र करीब 30 वर्ष पे. सुरेंद्र दास, ग्राम बड़हड़ी, थाना गोराडीह, जिला भागलपुर, बिहार को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से अंग्रेजी शराब-375 एमएल का 72 बोतल और एक टोटो रिक्शा बरामद हुआ है। इधर, बोआरीजोर थाना क्षेत्र में ही शुक्रवार को छापामारी कर कुल 100 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई है।

# अयोध्या में दीपावली





ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

शत्रुघ्न असमंजस में हैं। आज भैया राम आनेवाले हैं, भाभी सीता और भैया लक्ष्मण भी आने वाले हैं। सभी माताएं खुश हैं। प्रजा में उत्साह का समुद्र उमड़ पड़ा है। फिर भैया भरत ने नंदी ग्राम में अपनी कुटिया के सामने चिता क्यों सजाने का आदेश दिया है? जब से राम भैया की पादुका लेकर भैया भरत चित्रकूट से लौटे हैं, अयोध्या के महल से दूर, नंदीग्राम की इसी कुटिया में चरण पादुका को स्थापित कर स्वयं पादुका के सतह के सामने बने, नीचे के सतह में बने गड्ढे में सोते रहे हैं। सूर्य का गोला पूर्व क्षितिज से धीरे-धीरे ऊपर उठ रहा था। उसकी रश्मियाँ कुटिया में प्रवेश कर रही थी। कुटिया के पास उन्होंने एक छाया देखी। कुटिया की सफाई भरत स्वयं करते थे। सफाई करने के पश्चात उन्होंने कुटिया के द्वार के तरफ देखा था। अभी भी वह प्रतिच्छाया वैसी ही स्थिर थी। वे बाहर निकले तो उन्होंने देखा, शत्रुघ्न खड़ा है।

भैया शत्रुघ्न इतनी देर से यहाँ खड़े किसका इंतजार कर रहे हों?

भैया बहुत असमंजस में हूँ। मैं आपसे कुछ पूछने की धृष्टता कैसे कर सकता हूँ? परन्तु अगर नहीं पूछूँ, तो आज के उत्सव के लिए आपके द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों का पालन उतने उत्साह से नहीं कर सकूँगा।

शत्रुघ्न, उत्साह में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। तुम्हारे उत्साह और जोश को कायम रखने के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूँ। आज भैया राम आनेवाले हैं। लेकिन अभी तक इसकी कोई सूचना क्यों नहीं आयी?

भरत ने शत्रुघ्न की ओर अपने अवसादग्रस्त हृदय की भावनाओं को छुपाते हुए, उसके असमंजस के कारणों को जानते हुए भी पूछा था, पूछो, तुम्हारे मन में किस कारण असमंजस की स्थिति उत्पन्न हुई है?

शत्रुघ्न ने संकोच करते हुए पूछा था, भैया, इस उत्सव के समय आपने चिता सजाने का आदेश क्यों दिया?

मैं जानता था, तुम्हारे मन के असमंजस की स्थिति को। बस थोड़ी देर और। तुम्हें इसका समाधान मिल जाएगा। इतना कहकर श्री भरत चुप हो गए थे।

भरत का व्यथित अंतर्मन बार - बार सोच रहा था, लक्ष्मण कितना बड़भागी है, जो राम के चरणारविन्द से कभी अलग नहीं हुए। अगर भैया राम समय पर नहीं आते हैं, तो भरत इसी चिता में समाकर अपना अग्निसंस्कार कर लेगा।

इसीलिए भरत ने चिता सजाने का भी आदेश दे दिया था।

राम - वियोग के सागर में भरत का मन डूब रहा है। उसी समय हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धरकर इस प्रकार आ गए मानों उस अथाह सागर में उन्हें डूबने से बचाने के लिए कोई पतवार सहित नाव आ गयी हो।

राम विरह सागर मँह भरत मगन मन होत।
विप्र रूप धरि पवनसुत आई गयउ जनु पोत।।

भारत के त्याग, तप, तितिक्षा, तपस्वी का तेज और राम-विरह में बहती अश्रु धारा को देखकर हनुमान जी का सारा संशय दूर हो गया । उन्हें समाचार सुनाने में कोई संकोच नही हुआ,

रिपु रन जीति सुजस सुर गावत। सीता सहित अनुज प्रभु आवत।

भरत के यह पूछने पर कि हे तात तुम कहाँ से आये हो और इतना परम प्रिय वचन सुनाए हो, हनुमान जी अपने स्वरूप में आ जाते हैं, भरत के वचन,

कपि तव दरस सकल दुख बीते। मिले आजु मोहि राम पिरीते।।

शत्रुघ्न के सारे संशय दूर हो जाते है।

राम के आने का सुसमाचार सारी अयोध्या में मीठी सुगंध की तरह व्याप्त हो जाती है। आसमान में पुष्पक विमान दिख रहा है। सरयू के किनारे विशाल मैदान में गुरु वशिष्ठ सहित सभी ऋषि मुनि, भरत, शत्रुघ्न, माताएँ, बहुएँ, अयोध्या के वृद्ध पुरूष-स्त्रियाँ, युवा - युवतियाँ, किशोर - किशोरियाँ सबों का विशाल समूह प्रभु राम की प्रतीक्षा में अधीर हो रहे हैं।

विमान धरती पर उतरता है। राम गुरु के चरणों में शीश नवाकर, सबसे पहले माता कैकेयी से मिलते हैं।

राम अपने इस व्यवहार से माता कैकेयी को ग्लानि मुक्त करने का प्रयास करते हैं। इसके लिए उन्होंने काल-कर्म के दार्शनिक सिद्धांत का आश्रय लिया। राम अपने स्वरूप का विस्तार कर सारी प्रजा से एक साथ मिलते हैं। मिलते हुए उन्हें इतना आंनद आ रहा है, जैसे सरयू में आनंद की लहरें उठ रही हों। उन्हें अचानक एक बात मन में खटकती है। वे भरत से पूछते हैं, भैया भरत, अयोध्या की सारी प्रजा दिख रही है। किशोर और किशोरियाँ भी दिख रही हैं। क्या तुमने गोद के बालकों सहित माताओं को बाहर निकलकर आने से मना कर रखा है?

भरत भाव-विह्वल हो प्रजा की ओर इंगित करते हुए कहते है, भैया, आप के वन-गमन के पश्चात में कोई भी उत्सव यहाँ नहीं मनाया गया। सभी अयोध्यावासी तपश्चर्या में लीन थे, किसी भी क्षण आपकी छवि अपने सामने से नहीं हटने देते थे। पुरुषों और स्त्रियों के बीच कभी संपर्क हुआ ही नहीं। सभी इन चौदह वर्षों तक अखंड ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए राक्षसों के साथ आपके रण में जीतने के लिए तप, त्याग, यज्ञ, दान में लीन रहे। भैया इसीलिए आप अयोध्या की प्रजा के बीच चौदह वर्ष से कम आयु के किसी भी बालक-बालिका को नहीं देख पा रहे हैं।

भरत का वक्तव्य समाप्त होते ही राम ने अयोध्यावासियों को संबोधित करते हुए कहा, मेरे सर्व प्रिय अयोध्यावासी, अभी मुझे प्रतीत हो रहा है कि रावण और उसकी सेना से लड़ते हुए मुझे इतनी शक्ति, इतनी ऊर्जा कहाँ से मिल रही थी। वह सारी ऊर्जा मुझे आपके तप, त्याग, तितिक्षा से मिल रही थी। वहाँ दिख तो रहा था कि एक राम लड़ रहा है। वस्तुतः मैं आप सबों के अंदर बसे राम की ऊर्जा के साथ लड़ रहा था। रावण से राम नहीं, पूरी अयोध्या लड़ रही थी। जब पूरी अयोध्या किसी से लड़ेगी तो उसे कौन हरा सकता है। मैंने राक्षसों का नाश नहीं किया है, आपने उन्हें समूल, सपरिवार यमपुर पहुंचाया है। आपके इस तप से निकले तेज को नमन करता हूँ और गुरुजनों तथा भाई भरत की सम्मति से यह घोषणा करता हूँ, पूरी अयोध्या की हर वीथी, चौराहों, खेतों, खलिहानों, कुओ, तालाबों को दीपक के समूहों से और प्रकाश स्तंभों से आलोकित का दिया जाय। ऐसी दीपावली मनायी जाय, जैसी पहले कभी नहीं मनाई गई हो। सारी प्रजा में उत्साह और उमंग की तरंग उठती रही।

# रावण दहन



अंजू केशव

**बात** बेशक सालों पहले की है, लेकिन परिस्थितियों में कोई खास बदलाव आज भी नहीं दिखता बल्कि हालात बद से बदतर ही होते चले गए। तब से अब तक न जाने कितने ही रावण जल गए लेकिन आज भी, नैतिकता के नाम पर मानवता शून्य ही है। तब हम थोड़े से बड़े हुए थे और पूरी तरह बड़े हो जाने की उत्कंठा जोरों पर थी। ये उम्र का वो दौर था, जब बातें, कानों में तो बहुत आती हैं लेकिन समझ में कम ही आती हैं। उन दिनों, दशहरे के दिन का रावण दहन, एक बहुप्रतीक्षित घटना हुआ करती थी।हम भी अपनी टोली बना कर दहन-दर्शन को निकल लेते थे। एक बार इसी तरह रावण जलने के बाद, हम वापस घर आ रहे थे तो देखा कि कुछ लोग मिल कर, मोहल्ले के शरद अंकल की कुटाई कर रहे हैं। उत्सुकता वश वहाँ पहुचने पर पता चला कि मेरे खुद के भाई साहब भी पीटने वालों की टोली में मौजूद थे और मुझे देखते ही तपाक से एक झिड़की और घर जाने की हिदायत दे डाली। मैं भी बिना कुछ कहे, बिना कुछ पूछे वापस घर की तरफ हो ली। रास्ते में शर्मा अंकल, जो मेरे बाजू वाले घर में रहते थे, मिल गए। शर्मा अंकल यूँ तो काफी बुजुर्ग थे... मेरे पापा के भी अंकल थे, लेकिन बचपन से हम सब भाई-बहन भी उन्हें अंकल ही बुलाते थे। उन्हें देखकर मैं उनकी तरफ ये सोच कर भागी कि उन्हें घटनाक्रम की तरफ जाने से मना कर दूँ। अभी मैं दौड़ती हुई उनके पास पहुँची ही थी कि पड़ोस के पिंटू भैया तेजी से सायकल चलाते हुए, उनके एकदम पास पहुँच गए और लगभग उन्हें हिदायत देते हुए, उधर जाने से रोकने लगे। मना करने पर अंकल की उत्सुकता और भी बढ़ गई। ऐसा क्या हो गया उधर कि जाने से मना किया जा रहा है। जिज्ञासा नें मेरे पाँव भी जकड़ लिए और मैं भी वस्तुस्थिति जानने के लिए ठहर गई। पता चला कि नवरात्रि की पूजा करते-करते शरद अंकल कुछ ज्यादा ही थक गए और दशहरा के दिन सुरा चढ़ा कर मदहोश हुए फिर रहे हैं। उसी सुरूर मे किसी कन्या, जिसको अभी एक दिन पहले ही हाथ-पैर जोड़ कर पूजा था, से जान-पहचान करने लगे। मुझे तो बात का कुछ अर्थ समझ में आया और कुछ अर्थ मैंने खुद ही गढ़ लिया, मगर शर्मा अंकल को इस बात से बहुत ज्यादा खिन्न होते महसूस किया। पूछने पर उन्होंने भी कुछ नहीं बताया और मेरे साथ ही घर के लिए वापस मुड़ गए। रास्ते भर उनकी बड़बड़ाहट मेरे कानों में अस्फुट पड़ती रही। ना जाने वो किन रावणों को कोसते हुए दुःखी हुए जा रहे थे। पूरे तो नहीं लेकिन कुछ शब्द उनके, मुझे याद रह गए। हालांकि वो स्वतः-संवाद कर रहे थे लेकिन आवेश मे उनकी वाणी तेज हो गई थी। उनकी बातों का मर्म कुछ इस प्रकार था कि आज का रावण तो सबने जला दिया, लेकिन आज के इन रावणों से समाज की मासूमियत को कैसे बचाया जाए। मैंने भी रास्ते भर शर्मा अंकल की भंगिमाओं में तो उनका खूब साथ निभाया मगर अव्यस्क मस्तिष्क बात की अभिव्यंजना को नहीं समझ पाया। सालों बाद जब भी इस कुत्सित घटना को याद करती हूँ तो शर्मा अंकल की मनस्थिति के पन्ने खुल जाते हैं और मन विषाद से भर जाता है। कौन ऐसी बातों को याद रखना चाहता है पर मन है कि इन्हीं बातों को याद करने को तत्पर रहता है। आज सालों बाद सोचती हूँ तो पाती हूँ कि कौन सा जमाना था, जब समाज रावणों से सुरक्षित था? फर्क बस इतना है कि अब संचार साधनों की गतिविधियों और सामाजिक जागरूकता के कारण घटनाएँ बाहर आ जाती हैं, तब लोक-लाज के भय से दबी रह जाती थीं। अनायास ही मैथिली शरण गुप्त की ये पंक्तियाँ याद आ जाती हैं जो उन्होंने सौ सालों से भी ज्यादा पहले लिखी थीं कि......हम कौन थे और क्या हो गए और क्या होंगे.......। मुझे इस कविता का संदर्भ तो नहीं पता,ना ही कविवर की सोच के पीछे की मंशा को लेकर कोई अनुमान है लेकिन अक्सर ये पंक्ति सोचने पर मजबूर कर देती है कि इस परिवर्तनशील संसार में ये एक ऐसी मानसिकता क्यों है जो कभी नहीं बदलती और क्यों ये पंक्तियाँ युगों तक समसामयिक बनी रहती हैं।

## शनैः शनैः



शनैःशनैः बीतें दिन-रैना,
कट जाती जिंदगानी।
शनैःशनैः बहती पुरवईया,
जीवन मौज रवानी।
शनैःशनैः बीते बचपन भी,
आ जाती है जवानी।
शनैःशनैःबीते यौवन भी,
लाए अँखियों पानी।
शनैःशनैःप्रीत आए मन में
मन को भाए कोई मीत।
शनैःशनैः बदले रूप
तन का,
दिल गाने लगता कोई गीत।
शनैःशनैः काले घन छाए,
आए वर्षा रानी।
शीत, बसंत, ग्रीष्म भी बीतें
हर रुत आनी-जानी
खिलतीं पुष्प वाटिकाएँ
नित,
महकें फूल चमन में।
तरुओं से लिपटें लतिकाएँ,
चमके सूर्य गगन में।



पूनम सिन्हा, भाव शिखा

## चलो खुशियाँ लुटाते हैं



माधवी उपाध्याय

सुनों! बेरंग मुखड़ों पर, खुशी के
रंग लगाते हैं।
जला माटी के दीपो को, चलो
उत्सव मनाते हैं।
रहे घर उनका भी जगमग, झरे
खुशियों की फुलझड़ियाँ।
न हो आहट उदासी की, सजा
मनमीत सी लड़ियाँ।
न भूखे -पेट हो कोई, जतन ऐसा
भिड़ाते हैं।
सुनों! बेरंग मुखड़ों पर, खुशी के
रंग लगाते हैं।
लगे ईश्वर की वे सूरत,बसाते
मन में वे मूरत।
कठिनतम कर्म से अपनें, घरौंदे
नित सजाते हैं।
चलो उनके लिये हम भी, यतन
कुछ कर दिखाते हैं।
सुनों! बेरंग मुखड़ों पर, खुशी के
रंग लगाते हैं।
जलायें ज्योति अंतर की, मिटाएँ
तमस मनदर की।
सदा जन-मन सुवासित हों, हरे
कुछ पीर जन-जन की।
खरीदें हम दीये उनसे, स्वदेशी
क्रांति लाते हैं।
सूनों! बेरंग मुखड़ों पर, खुशी के
रंग लागाते हैं।



## गर्व

निलेश की नयी-नयी नौकरी लगी थी। वह खुशी से दिवाली के एक दिन पहले माँ के साथ अपनी दो छोटी बहनों के लिए घरौंदा खरीदने निकला। बहुत देखने के बाद उसे एक घरौंदा पसंद आया। घरौंदा बेचने वाली महिला से निलेश ने पूछा दीदी यह कितने की है?

यह 900 रुपए की है बाबू..!

दीदी! आप मुझे 800 रुपए में दे दो वह झट से मान गई। उसने बढ़िया से पेपर में लपेट कर निलेश को दे दिया और प्रसन्नता से निलेश को ढेर सारा आशीर्वाद दिया । रास्ते में लौटते समय माँ ने निलेश से कहा बेटा, तुम्हें और कम कराना चाहिए था न..!

निलेश ने मुस्कुराते हुए कहा, माँ! कितनी मेहनत से ये लोग बनाती हैं यह सब। फिर साल भर इस समय का इंतजार करती हैं ताकि घरौंदा बेचकर अपने घरौंदे की गाड़ी को कुछ समय अच्छे से खींच सके। फिर मैं और कम कराता तो शायद उस दीदी के आशीर्वाद से वंचित रह जाता!

..माँ के लिए वह पल गौरवान्वित होने का था।



प्रतिभा सिंह

## गीत

कंस कालिया रावण सारे,
घूमे साधू भेष में।
छल छद्मों में लिप्त सभी
हैं, बापू तेरे देश में।
अभी सत्य का भाव गिरा
है, महँगा बिकता झूठ है।
नीति धर्म ईमान वृक्ष भी,
दिखता जैसे ठूँठ है।
नफरत का अब जहर
घुला है, चहुँ दिशि परिवेश
में।
छल छद्मों में लिप्त सभी
हैं, बापू तेरे देश में।
हर विभाग सरकारी में
तो, घोटालों की बाढ़ है।
खलिहानों में अन्न नहीं
है, फसलें चरता साँढ़ है।
दशा देखकर सब खेतों
की, हैं किसान आवेश में।
छल छद्मों में लिप्त सभी
हैं, बापू तेरे देश में।
नफरत का बाजार गर्म
है, सिसक रहा अब प्यार
है।
संवेदनाएं मरी हुई हैं,दया
दुआ बीमार है।
स्वार्थ लोभ में पड़े सभी
हैं, लीन दंभ अरु द्वेष में।
छल छद्मों में लिप्त सभी
हैं, बापू तेरे देश में।
कंस कालिया रावण सारे,
घूमे साधू भेष में।।



बिनोद बेगाना



सविता गुप्ता-स्वरचित

## ओ करवा का चाँद सुन

ओ चंदा आज जल्द निकल आना
मेरी चंदा प्यासी है देखो भूल न जाना
रूपहले चाँद तुम्हें मेरी कसम है
बदली में छुपकर फिर न इतराना।
मेरे खातिर रूप सजा कर सजनी
लंबी उम्र की कामना ले कर चलनी
पूजन कर रही करवा चौथ पूजन
सज लाल जोड़े में ओढ़ कर ओढ़नी।
हर दुख चलनी से झर जाए
करवा माता कृपा बरसाए
दीये की लौ जलता ही रहे
चाँद गगन पर देखो मुस्काए।
हर सुहागन का अमर सुहाग हो
चाँदनी छिटकी सदा जीवन हो
नहीं अमा की रात जीवन आए
सजी चूड़ी, बिंदी मांग सिंदूर हो।

## पायल

पायल एक मंत्र है।
गोरी के लिए षड़यंत्र है।
पाँव की बेड़ी है।
ससुर कुल का बंधन है।
नारी के सुहाग का सांकल है।
बिन आज्ञा न जाने का।
एक सुन्दर संकेत है।
उपस्थिति के भान में,
नजर रखने का मंत्र है।
नारी को बाँध लेने का,
पूरा का पूरा यंत्र है।
पायल मधुर स्वर से,
पुरुष मन को झंकृत कर,
पास बुलाने का इशारा है।
दोनों के मिलन का एक स्वर है।
और भी बहुत कुछ है पायल।
यह तो अपने अपने एहसास की बात है।
पायल नारी के सौंदर्य का निखार है।
यह ठुमकती सी चाल है।
पुण्य प्रीत बेहाल है।
यह प्रेम का स्वर है।
यह भारत की परंपरा है।
यह हमारी संस्कृति है।
पायल पूरा का पूरा भारतीय परिवेश है।
कुल लक्ष्मी का संकेत है।
मायके का प्यार है।
ससुराल का दुलार है।
पायल तो पायल है।
हर उम्र की शोभा है।
गोरी हो या छोरी।
पिता का प्यार है।
पति का दुलार है।
बेटी का अनुराग है।
बहन का मनुहार है।
पायल तो पायल है।
हर पुरुष इससे घायल है।
क्यों की यह पायल है?



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम

# छठ और बचपन



सविता सिंह मीरा

आखिरकार माँ भगवती अपने धाम पहुँच गईं। भारी मन से लोगों ने उन्हें अश्रुपूरित विदाई दी। अब दिवाली की तैयारी, एक अजीब सी उमंग है और और कहीं दूर२२२र से उग हो सूरज देव भइल भिनसरवा.....की मधुर धुन कानों में मधुरस घोलने लगी। सारे बाजार सूप और दउरा से पट गए। हमारे घर में छठ पर्व शुरू से ही बनाई जाती थी यानी हम जब बहुत छोटे थे तब से मनाई जाती थी और हमारे खानदान का एक-एक सदस्य इस पवित्र पावन त्यौहार को करता था। माँ, बड़ी माँ, चाची, भाभी, बहन सभी। जब माँ छठ करती थी तो दीपावली के दूसरे ही दिन से छठ की तैयारी शुरू क्योंकि पापा टाटा मोटर्स उस वक्त टेल्को कहते थे हम, तो कंपनी के क्वार्टर में रहते थे जो किचन होता था उसे पूरी तरह से खाली करके किचन के समान को कहीं और शिफ्ट किया जाता था। फिर नल में पाइप लगाकर पूरे किचन की धुलाई होती थी। उसके बाद बिना नहाए कोई उसमें नहीं जाता था। पापा गेहूँ लेकर आते थे उसकी धुलाई होती थी और हमारे एरिया के सभी बच्चे नहा धोकर अपने-अपने घरों के गेहूं को छत पर जाकर सूखाते थे। यह काम भी कम रोमांचकारी नहीं होता था। उसके बाद दिन भर पापा झोला उठाए सामान लाते रहते थे। घर में लगता था कोई उत्सव है। दिवाली की लाइट निकाली नहीं जाती थी, कुछ पटाखे भी बचा के रखे जाते थे। उसे छठ पर जलाते और छठ तक दिवाली की बतियां जली रहती थी। शुरूआत होती थी नहाए खाए से। मेरे पापा के सभी दोस्तों का घर में जमावड़ा हो जाता था फिर गेहूँ पिसाई। आटा चक्की तो रात भर चलता ही रहता और आटा चक्की वाले भी इस पर्व की महत्ता को समझते थे तभी तो पूरे आटा चक्की की धुलाई करने के पश्चात ही सभी की गेहूँ के पिसाई होती थी। मेरी माँ दो मिट्टी के चूल्हे बनती थी एक खरना के लिए और दूसरा ठेकुआ बनाने के लिए।

### केलवा के पात पर उगे लन सुरुज देव.....



चूल्हा इंटा और मिट्टी से बनता था उसे लिप कर माँ तैयार करती थी, फिर पापा के दोस्त अशोक चाचा, घनश्याम चाचा, नरेंद्र चाचा, विद्या चाचा सभी अपने-अपने घरों से आम की सूखी लकड़ियाँ लाकर भर देते थे, और उनके घर के बच्चे उन सब घर की मां हमारे घर में। तीन दिन इनका जमावड़ा रहता था। इतना ही नहीं हर एक सदस्य छठ के काम को बढ़-चढ़कर करते थे। लगता ही नहीं था तो कौन किस घर का असली सदस्य है। नहाय खाय में गोल दाना चवाल, चने कि दाल, लौकी कि सब्जी, कभी बचका भुजिआ चटनी भी बनता। ये सब शुद्ध घी में ही बनता। स्वाद क्या ही कहा जाये ये सब सूर्य देव कि कृपा। फिर दूसरे दिन माँ आम का दतुवन करती और नहा धोकर निर्जला मिट्टी के चूल्हे पर दूध औटाती और शुरूआत हो जाती खीर बनने की। गुड़ के खीर की महक से अंतस में एक श्रद्धा भाव जग जाता, फिर रोटी बनती इसमे घी लगाकर माँ केले के पत्ते पर खीर रोटी रख पूजा करती और प्रसाद ग्रहण करती। मान्यता ऐसी थी कि खरना करते वक्त कुछ आवाज नहीं होनी चाहिए। माँ के प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात सभी घर वाले प्रसाद ग्रहण करते। फिर खरना बीतते ही अगली सुबह तड़के ही दूसरा चूल्हा आम की लड़कियों जला ठेकुआ बनने का काम शुरू और चारों तरफ घी की खुशबू से वातावरण पावन पवित्र हो जाता था। ठेकुआ बनने का काम खत्म हो जाता, फिर दउरा की सजाई शुरू होती थी। जितने भी समान होते हैं छठ के सब उसमें डाले जाते थे और शाम को सब निकल पड़ते थे छठ के घाट की ओर खाली पैर बिना चप्पल के। पापा पीला धोती पहनते पी ले कपड़े में दौरा को बांध सर पर रखते थे और इंख को अपने कंधे पर रख करके चलते थे। घर के सभी सदस्य खाली पैर जाते थे कोई चप्पल नहीं पहनता था और गीत बहंगी लचकत जाए के साथ घाट तक की यात्रा। घर से घाट तक में जो भीड़ और उत्साह था वह देखने लायक होती थी।पापा के सभी दोस्त उनके पूरे घर वाले बड़े उत्साह के साथ पूरा पर्व करते और घाट पर जाते। पुरे विधि विधान से संध्या अर्घ्य दी जाती। सुगवा के मरबो धनुख से गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान होता था। पहला अर्घ्य देने के बाद,दूसरे दिन सुबह तड़के 3:00 बजे ही सभी लोग घर से बाहर घाट की ओर निकल जाते थे दूसरे अर्घ्य की तैयारी करने के लिए। उगा हो सूरज देव भइले..... अप्रतिम अद्भुत अनमोल। छठ औरउस समय उत्पन्न हृदय के मनोभाव व्यक्त नहीं कर पा सकते। एक बचपन की बात याद आ गई सुबह वाले अर्घ्य के क्रम में जब पूजा हो रही थी तो हम और मेरी एक दोस्त बिंन्नी जरा घाट से इतर जाकर घूमने लगे। थोड़ी दूर जाकर दिखा एक नचनिया जो पुरुष थे लेकिन वह स्त्री वेशभूषा में थे नृत्य कर रही थी। हम दोनों नृत्य देखने में पूरी तरह से व्यस्त हो गए और हमें खबर नहीं रहा की पूजा संपन्न हो चुकी है। जब पलट के देखे तो घाट से सभी वापिस जा रहे थे और हमारे परिजन कहीं दिखे नहीं क्योंकि हम थोड़े छोटे थे किसी तरह अपने घर पहुंचे। सभी बड़े मजे लेकर ठेकुआ खा रहे थे। हमारे जो पड़ोस में चाची थीं कोई कढ़ी बड़ी दे रहा है कोई बचका लाकर दे रहा है कोई सब्जी लाकर दे रहा है। इस तरह से एक पर्व संपन्न होता था। इस पर्व की जो कसक है यह वही समझ सकते हैं जिसके घर में यह व्रत होता है। फिर दीवारों पर आयपन लगाए जाते थे जो की गुलाबी रंग का होता था तो पता चलता था कि हां इनके घर में छठ हुआ है। इस पर्व की बात ही कुछ और है रोम रोम सिहर उठता है अतुल्य अनुपम छठी मैया। चलिए सब पुनः स्वागत करें छठी माई की।

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**धुंआ ठोस हो ले रहा, आकृतियों का रूप।**
**देश पितामह भीष्म सा, खड़ा सेकता धूप।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# नौकरानी



रंजना वर्मा उन्मुक्त

मम्मी ,आपने अपनी फेवरिट साड़ी मेड को क्यों दे दी? अरे ! वैसी ही साड़ी मैंने अपनी सहेली की मेड को आज पहने देखा।... चेतना ने अपनी बेटी से कहा। तो क्या हुआ ,आपकी सहेली ने ही उसे दिया होगा। जो भी हो, जो मेड पहने, वैसी साड़ी मैं तो नहीं पहनूँगी।... चेतना बोली ।

यह क्या बात हुई मम्मी, मेड क्या इंसान नहीं है? उसे हमारे जैसा पहनने और खाने का हक नहीं है? वह कुछ भी करे, मैं उन्हें कहाँ रोकने जा रही हूँ। फिर भी उनमें और हममें कुछ तो फर्क है और देखो तो आज ही मैंने अपनी मेड को इतनी महंगी साड़ी दी और आज ही उसने छुट्टी मार ली। कह रही थी कि उसकी बहन को शादी के लिए देखने लड़के वाले आ रहे हैं। अरे, जाने दो न मम्मी। एक दिन खुद से घर का काम कर लो। यह कहकर उसकी बेटी कॉलेज चली गई। बेटी के जाने के बाद चेतना घर के सारे कामों को निपटाने में लग गई। उसे महसूस हो रहा था कि मेड के झाड़ू- पोछा, बर्तन- चौका करने से उसे कितना आराम है। सारा काम करके उसने पल भर के लिए दम भरा तो उसकी नजर किचन के स्लैब पर पड़े चने के साग पर पड़ी।हरा-हरा चने का साग का पहाड़ उसे मुंह चिढ़ा रहा था।जाड़े में चने का साग और भात खाने में जितना आनंद आता है, उससे ज्यादा कच्चा साग तोड़ने और उसे बनाने में हालत पतली हो



जाती है। घर के काम से थके- मांदे शरीर की रही-सही कसर चने की साग ने निकाल ली। घर का काम और खाना बनाते-बनाते दोपहर हो चुका था। उसने अभी तक स्नान भी नहीं किया था। तभी दरवाजे की बेल बजी। अस्त-व्यस्त कपड़े, बिखरे बाल, पस्त सा मुखड़ा लिए उसने दरवाजा खोला। सामने उसकी मेड उसकी ही दी हुई साड़ी पहनकर बनी-ठनी खड़ी थी।ढ़ंग से पहनी हुई खूबसूरत साड़ी,शैम्पू किये लहराते बाल,काजल, लिपस्टिक-बिन्दी लगाये वह कहीं से भी मेड नहीं दिख रही थी। अपने हाथो में पकड़े मिठाई का डब्बा उसे थमाते हुए वह बोली, खुशखबरी है मेमसाहब, मेरी बहन की शादी तय हो गयी है। अभी चेतना कुछ कहती कि तभी एक कोरियर वाला भी पार्सल लेकर उसी समय आ गया और पार्सल मेड को देकर, उससे कहा, मैडम यहाँ साइन कर लीजिए। मैडम मैं नहीं, ये हैं।... चेतना की मेड चेतना की तरफ इशारा करते हुए कोरियर वाले से बोली।

**–संयोजन : नरेश अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आदिवासी समाज की प्रगति के लिए आईआईटी भिलाई के प्रयास सराहनीय

**एजेंसी। रायपुर**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आईआईटी भिलाई के तृतीय एवं चतर्थ दीक्षांत समारोह में की शिरकत



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई, छत्तीसगढ़ के लिए शनिवार 26 अक्टूबर का दिन स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस संस्थान के तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर संस्थान के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपने हाथों से स्वर्ण पदक प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों, प्राध्यापकों, साथियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन आपके लिए खुद को यह याद दिलाने का दिन है कि आप एक जिम्मेदार नागरिक और सक्षम व्यक्ति के रूप में बाहर की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी भिलाई के आदिवासी समाज की प्रगति के लिए तकनीकी क्षेत्र में किए गए विशेष प्रयास सराहनीय हैं। आईआईटी भिलाई ने एग्रीटेक, हेल्थटेक और थिंकटैंक पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया है। आईआईटी भिलाई ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एम्स रायपुर के साथ सहयोग करके मोबाइल फोन ऐप्स बनाए हैं, जिससे गांव के लोगों को घर बैठे चिकित्सा संबंधी मदद मिल जाती है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इस संस्थान ने इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के साथ भी सहयोग करके किसानों के लिए समाधान बनाएं हैं, जिससे उन्हें अपने संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन और सहायता मिलती है। यह सराहनीय है कि 6 लाख किसान क्रॉप डॉक्टर नाम के मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर रहे हैं। यह संस्थान सामाजिक तौर पर प्रासंगिक अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा संबंधी प्रोजेक्ट भी चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही महुआ जैसे लघुवनोपज पर भी शोध किया जा रहा है। आईआईटी भिलाई एक समावेशी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और यहां वंचित तथा पिछड़े वर्गों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस संस्थान ने छात्राओं की संख्या और भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं।

## राष्ट्रपति ने जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना...



रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ दौरे के दूसरे दिन शनिवार सुबह रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर देशवासियों की समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना की। उनके साथ राज्यपाल रेमन डेका, मुखयमंत्री विष्णुदेव साय व मंत्रिमंडल सहयोगी और अधिकारी मौजूद रहे।

# जेल में लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू करवाने के मामले में 7 पुलिस अधिकारी निलंबित

**एजेंसी। चंडीगढ़**

### हाई कोर्ट के निर्देश पर पंजाब सरकार ने की कार्रवाई

पंजाब सरकार ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का जेल से इंटरव्यू करवाने के मामले में 7 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश पर सरकार ने यह कार्रवाई की है। गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के दो इंटरव्यू वायरल हुए थे। एसआईटी की रिपोर्ट के मुताबिक पहला इंटरव्यू 3 व 4 सितंबर 2022 को हुआ है। लॉरेंस उस समय पंजाब में खरड़ स्थित सीआईए में था। दूसरा इंटरव्यू राजस्थान की जयपुर स्थित सेंट्रल जेल में हुआ है। लॉरेंस का पहला इंटरव्यू 14 मार्च 2023 को ब्रॉडकास्ट हुआ था, जिसमें उसने सिद्धू मूसेवाला का कत्ल करवाने की बात कबूली थी। लॉरेंस का कहना था कि सिद्धू मूसेवाला सिंगिंग के बजाय गैंगवार में घुस रहा था। लॉरेंस के इंटरव्यू वर्ष 2023 में 14 और 17 मार्च को जारी किए गए थे। जिसके बाद पंजाब पुलिस पर सवाल उठे थे। इसके बाद पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दावा किया था कि इंटरव्यू बठिंडा या पंजाब की किसी भी जेल से नहीं हुआ है। हालांकि जांच में यह साफ हो गया कि लॉरेंस का इंटरव्यू खरड़ में किया गया है। जिसके बाद शुक्रवार रात पंजाब गृह विभाग के प्रमुख सचिव गुरकीरत कृपाल सिंह ने आदेश जारी कर डीएसपी गुरशेर सिंह (अमृतसर स्थित 9 बटालियन), डीएसपी समर वनीत, सब इंस्पेक्टर रीना (सीआईए खरड़ में तैनात), सब इंस्पेक्टर जगतपाल जंगू (एजीटीएफ में तैनात), सब इंस्पेक्टर शगनजीत सिंह (एजीटीएफ), एएसआई मुखत्यार सिंह और हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश को निलंबित कर दिया।

## भाजपा ने जारी की 22 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 22 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इसी के साथ भाजपा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अब तक 121 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। भाजपा की दूसरी सूची में धुले ग्रामीण से राम भद्राणे, मलकापुर से चैनसुख मदनलाल संचेती, पुणे कैंटोनमेंट से सुनील ज्ञानदेव कांबले, नाशिक सेंट्रल से देवयानी सुहास फरांडे, लातूर ग्रामीण से रमेश काशीराम कराड के नाम शामिल हैं।

# सपा के 40 प्रचारकों की लिस्ट में अखिलेश आजम और जया बच्चन के नाम शामिल

**एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)**




समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, जया बच्चन और शिवपाल सिंह यादव समेत 40 नेताओं के नाम हैं। समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मंझवा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए 40 नामों का ऐलान किया गया है। इस लिस्ट में अखिलेश यादव, रामगोपाल यादव, मोहम्मद आजम खान, डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल सिंह यादव, रामजी लाल सुमन, आदि शामिल हैं।

## गुरुग्राम में शॉर्ट-सर्किट से इमारत में लगी आग चार लोगों की मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सरस्वती एन्क्लेव इलाके में देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण किराए के कमरे में आग लगने से चार लोग जिंदा जल गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान नूर आलम (27), साहिल (22), अमन (17) और मोहम्मद मुश्ताक (22) के रूप में हुई है। यह सभी बिहार के रहने वाले हैं। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि सबसे पहले आग कमरे में लगे एक इलेक्ट्रिक उपकरण में लगी और बाद में यह पूरे कमरे में फैल गई। बता दें कि जहां आग लगी वह चार मंजिला इमारत है, और यह हादसा पहली मंजिल पर हुआ है।

## भाजपा नहीं कराएगी जाति आधारित जनगणना : डिंपल यादव



**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर अगले महीने उपचुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों के नेता एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच समाजवादी पार्टी की नेता और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा पर निशाना साधा। कहा, ये लोग जाति आधारित जनगणना नहीं कराएंगे। मेरा मानना है कि आने वाले उपचुनाव में करहल से ही नहीं पूरे प्रदेश में जहां 9 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, वहीं 10वीं सीट पर चुनाव कराने की बात यह लोग नहीं कर पा रहे है। जो वन नेशन, वन इलेक्शन की बात करते हैं वो एक विधानसभा का चुनाव नहीं कर पा रहे हैं, ये उनकी दोगली बातों को दशार्ता हैं। करहल को काफी हॉट सीट माना जा रहा है।

## महाराष्ट्र विधानसभा: कांग्रेस ने 23 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी की



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 23 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। अब तक पार्टी 71 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। चुनावी राज्य महाराष्ट्र में विपक्षी महागठबंधन महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे की कवायद सुलझा लेने के बाद पार्टी द्वारा प्रत्याशियों के नामों की लिस्ट जारी करने का दौर लगातार जारी है। 85-85 फॉमूर्ले के तहत अब पार्टी को सिर्फ 14 और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करनी है। महाराष्ट्र में विपक्षी महागठबंधन महाविकास अघाड़ी में शामिल तीन प्रमुख पार्टियों ने विधानसभा चुनाव में अपने 85-85 उम्मीदवार उतारने का फॉमूर्ला तय किया। इसमें कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं।

## प्रियंका गांधी ने उपचुनाव से पहले वायनाड की जनता के नाम लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले जनता के नाम एक पत्र लिखा है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पत्र को शेयर किया है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा है कि वायनाड के मेरे प्यारे बहनों और भाइयों। मैं अपने भाई के साथ कुछ महीने पहले चूरामाला और मुंडक्कई गई थी। मैंने वहां भूस्खलन से हुई तबाही और आपके नुकसान को बहुत करीब से देखा। फिर भी इस त्रासदी के बीच मुझे जो चीज दिखाई दी, वह था आपका असीम साहस और धैर्य। प्रियंका ने वायनाड की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपने मेरे भाई को अपना प्यार दिया है। जब उन्होंने मुझे वायनाड के लिए कांग्रेस उम्मीदवार बनने के लिए कहा तो उन्होंने अपने दिल में गर्व और दुख के साथ ऐसा किया।

## सीएम नीतीश कुमार ने छठ घाटों की तैयारियों का स्वयं किया निरीक्षण



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पटना गंगा घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद कहा, आप लोग चिंता मत कीजिए सब अच्छा होगा। प्रशासन की ओर से अच्छी तैयारी की जा रही है। यही देखने के लिए हम लोग आए हैं। हालांकि कुछ घाटों पर दलदल की स्थिति को लेकर जब सीएम से सवाल किया गया तो उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। बता दें कि आस्था का महापर्व छठ पूजा नजदीक है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल मार्ग से पटना सिटी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया साथ ही गंगा घाटों को सुरक्षित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी को विशेष दिशा निर्देश दिए। नीतीश कुमार के साथ बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृष :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मिथुन :** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं।

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे।

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे।

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग है।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## केजरीवाल के रटी रटाई स्क्रिप्ट से लोगों मे गुस्सा : हरीश खुराना

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों के नेता एक दूसरे पर जमकर कटाक्ष कर रहे हैं। इस बीच भाजपा नेता हरीश खुराना ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। हरीश खुराना ने कहा कि दिन नया लेकिन स्क्रिप्ट पुरानी है। कुछ यही हाल अरविंद केजरीवाल का है। हमने पिछले कई सालों से देखा है कि अरविंद केजरीवाल एक रटी रटाई स्क्रिप्ट करते हैं कि मुझ पर तो हमला हुआ है, मुझ पर जानलेवा हमला हुआ है, मुझे तो जान से मारने की कोशिश की गई। यह हर बार बोलते हैं।

# सामाजिक समरसता, कुटुम्ब पर्यावरण स्व और नागरिक कर्तव्य पर फोकस

**एजेंसी। ग्वालियर**



मप्र के ग्वालियर में 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित होगा संघ का प्रचारक वर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरित समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत संघ प्रचारकों का वर्ग 31 अक्टूबर से चार नवम्बर तक दीपावली पर्व के अवसर पर मध्?य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित हो रहा है। वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े विविध संगठनों में कार्यरत सैकड़ों की संख्या में प्रचारक भाग लेंगे। इस वर्ग को संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने और नई योजना की दृष्टि से भारत और हिन्?दू समाज के समग्र विकास के नजरिए से भी देखा जा रहा है। इसमें देश भर से 31 विविध संगठन के कुल 554 प्रचारक सहभागी होने वाले हैं। वर्ग का स्वरूप प्रशिक्षणात्मक और मंथन पर केंद्रित रहेगा। इस संबंध में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने शनिवार को बताया कि यह अखिल भारतीय वर्ग प्रति 4-5 वर्ष में एक बार आयोजित होता है। वर्ग में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी सहसरकार्यवाह तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होंगे। वर्ग में अपेक्षित यह सभी कार्यकर्ता समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीयता के भाव से समाज हित में सक्रिय रहते हैं। यह मजदूरों, किसानों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं ग्रामीण, वनवासी, शहरी क्षेत्र में कार्य पर चर्चा करेंगे।

## लुटियंस दिल्ली के बड़े बंगले में रहती हैं बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



2 महीने पहले ही छोड़ दिया था हिंडन बेस

प्रधानमंत्री रहते हुए शेख हसीना, ढाका के मध्य में 3,600 वर्ग मीटर में फैले एक विशाल महल में रहीं, जिसके चारों ओर सुंदर उद्यान थे तथा जिसका निर्माण मूलतः महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के आवास के लिए किया गया था। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके ढाका स्थित आवास पर धावा बोलने के बाद भारत आई थीं। पिछले दो महीने से अधिक समय से वह भारत में ही हैं। बताया जा रहा है कि शेख हसीना नई दिल्ली के लुटियंस बंगला जोन में एक सुरक्षित घर में रह रही हैं, जिसकी व्यवस्था भारत सरकार ने उनके लिए की है। सूत्रों के अनुसार, हसीना और उनके कुछ करीबी लोग 5 अगस्त की देर रात बांग्लादेश वायु सेना के विमान में सवार होकर हिंडन एयरबेस पहुंचे थे। हालांकि, उन्होंने दो दिन के भीतर ही एयरबेस छोड़ दिया। उनके आगमन के दिन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने एयरबेस पर उनसे मुलाकात की थी। खुफिया अधिकारियों ने बताया कि अब 77 वर्षीय नेता मध्य दिल्ली में इंडिया गेट और खान मार्केट के पास एक सुरक्षित बंगले में रह रही हैं। यह एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है, जहां कई पूर्व और वर्तमान सांसदों और वरिष्ठ अधिकारियों के घर हैं। सुरक्षा के उचित प्रोटोकॉल के साथ हसीना कभी-कभी लोधी गार्डन में सैर करती हैं। बताया जा रहा है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री को कई स्तरों की सुरक्षा दी गई है। चौबीसों घंटे सादे कपड़ों में सुरक्षाकर्मी मौजूद रहते हैं। वह पिछले दो महीने से ज्यादा समय से इस इलाके में रह रही हैं।

# महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र बनेगा भारद्वाज आश्रम,जहां खोजी गई विमान उड़ाने की 500 टेक्नीक

**एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ से पहले धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण योगी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी को लेकर योगी सरकार ने भारद्वाज मुनि के आश्रम के पुनर्निर्माण के लिए 13 करोड़ रुपए का बजट रखा है। यहां 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। महाकुंभ आयोजन शुरू होने से पहले सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज का भारद्वाज मुनि का आश्रम आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन रहा है। यहीं दुनिया में पहली बार विमान उड़ाने की टेक्नोलॉजी खोजी गई। पौराणिक मान्यता के अनुसार भारद्वाज मुनि ने यहीं पर विमान उड़ाने के 500 प्रकार के तरीके ईजाद किए हैं। सूर्य की किरणों से चलने वाले विमान की टेक्नोलॉजी खोजने वाले भारद्वाज मुनि पहले ऋषि हैं।

### कई राज्यों के मजदूर कर रहे कार्य

मंदिर के कॉरिडोर को अंतिम रूप देने के लिए दिन रात काम चल रहा है। निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कई राज्यों के मजदूरों को यहां लगाया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्राचीन भारतीय विमान निर्माण कला पर आधाारित महान वैज्ञानिक महर्षि भारद्वाज के आश्रम का कायाकल्प किया जा रहा है। यहां दीवारों पर भित्ति चित्र जिसमें भारद्वाज ऋषि से जुड़ी कहानियां, भगवान राम के वन गमन के चित्र, वन्य जीवों के चित्र बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, छाया में बैठने के लिए बेंच, पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन, मार्ग प्रकाश के लैंप, मुख्य द्वार का निर्माण, पार्किंग स्थल आदि निर्मित किया जा रहा है।



### लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद श्री राम ऋषि से मिलने आए

मान्यता है कि वन गमन से पहले प्रभु श्री राम माता सीता और लक्ष्मण भारद्वाज मुनि के आश्रम में रुके थे। यहीं आश्रम से ऋषि ने उनको चित्रकूट जाने की सलाह दी थी। कहा जाता है कि लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम ऋषि से मिलने उनके आश्रम दोबारा लौट कर आए थे।

### सप्त ऋषियों में सबसे ज्यादा सम्मान

संगम नगरी में महर्षि भारद्वाज का आश्रम सदियों से सनातन संस्कृति का संवाहक है। प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है। यहां की पौराणिक मान्यता है कि भारद्वाज मुनि प्रयागराज के प्रथम निवासी ऋषि थे। सप्तऋषि परिवार में भारद्वाज ऋषि का नाम सबसे ज्यादा आदर से लिया जाता है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत के अनुसार भारद्वाज आश्रम की देश और दुनिया में बहुत मान्यता है। इसकी वजह से साउथ इंडिया के काफी लोग प्रयागराज आते हैं।

## कांग्रेस दुनिया की सबसे बड़ी वादा खिलाफी करने वाली पार्टी : तरुण चुघ



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शनिवार को आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने इंडी एलायंस, आम आदमी पार्टी, हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार सहित अन्य मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस को दुनिया की सबसे बड़ी वादाखिलाफी करने वाली पार्टी बताया। महाराष्ट्र चुनाव में इंडी एलायंस पर कांग्रेस की स्थिति पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा, कांग्रेस और उनके गठबंधन के भीतर उथल-पुथल मची हुई है। जैसे जब जहाज डूबने वाला होता है, तब सबसे पहले चूहे भागते हैं, उसी तरह भ्रष्ट, वंशवादी और तुष्टिकरण करने वाली कांग्रेस का गठबंधन लगातार टूट रहा है। कांग्रेस के संवेदनहीन नेतृत्व के कारण गठबंधन के सहयोगी पछता रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा के दौरान भाजपा पर हमला कराने के आम आदमी पार्टी के आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा, अरविंद केजरीवाल के पाप बोल रहे हैं और जनता जवाब मांग रही है, 10 साल का हिसाब मांग रही है।




## न्यूज़ीलैंड ने रचा इतिहास

# भारत 12 वर्षों में पहली बार टेस्ट सीरीज हारा



### 06 विकेट 106 रन

**पुणे, (आईएएनएस)।** बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सैंटनर (106 रन पर 6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने भारत को दूसरे टेस्ट में शनिवार को तीसरे दिन 113 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बनाने के साथ भारतीय जमीन पर अपनी पहली सीरीज जीत हासिल कर ली।भारत को 359 रनों का लक्ष्य मिला था लेकिन भारतीय टीम 60.2 ओवर में 245 रन पर सिमट गयी। भारतीय टीम 12 वर्षों के बाद घर पर टेस्ट सीरीज़ हार गई है। पुणे टेस्ट के तीसरे दिन अच्छी शुरुआत के बावजूद भारतीय बल्लेबाज़ी मिचेल सैंटनर की फिरकी का जवाब नहीं दे पाई और मेजबान टीम को 113 रनों से हार का सामना करना पड़ा। न्यूज़ीलैंड की यह भारतीय सरज़मीं पर पहली टेस्ट सीरीज़ जीत है। इस जीत के साथ न्यूज़ीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज़ में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। तीसरे दिन रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की जोड़ी द्वारा न्यूज़ीलैंड को सस्ते में समेटे जाने के बाद भारत को 359 रनों का लक्ष्य मिला था। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने आक्रामक अप्रोच के साथ बल्लेबाज़ी शुरू की और शुरुआत में ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीय बल्लेबाज़ों ने पहली पारी में अपनी ग़लतियों से सीख ली है। रोहित और जायसवाल दोनों ने कदमों का इस्तेमाल किया और स्पिन को जवाब देने के लिए स्वीप शॉट भी खेले हालांकि रोहित जल्द ही आउट हो गए लेकिन पहले सत्र की समाप्ति तक भारत एक विकेट के नुक़सान पर 81 रन तक पहुंच चुका था। जायसवाल अर्धशतक के क़रीब थे और शुभमन गिल के साथ मिलकर भारत की रन गति छह रन प्रति ओवर से अधिक की रन गति की ओर ले गए थे।

भारत को मैच में ड्राइविंग सीट पर आने के लिए सिर्फ़ एक अच्छे सत्र की दरकार थी लेकिन दूसरा सत्र नाटकीय तौर पर न्यूज़ीलैंड के पक्ष में चला गया और इसके सूत्रधार सैंटनर बने। गिल के पवेलियन लौटने के बाद जायसवाल भी अधिक देर तक नहीं टिक पाए। दोनों ही बल्लेबाज़ डिफ़ेंस करने के प्रयास में स्लिप में लपके गए। अब यहां से मैच को आगे ले जाने की ज़िम्मेदारी विराट कोहली और ऋषभ पंत के ऊपर थी। हालांकि पंत हड़बड़ी का शिकार हुए और रन आउट हो गए। यह विकेट भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने के लिए पर्याप्त था। तीन विकेट ले चुके सैंटनर ने ही बैकवर्ड प्वाइंट से एक बढ़िया थ्रो स्ट्राइकर एंड पर फेंक कर पंत के लिए पवेलियन का मार्ग प्रशस्त किया। इसके बाद भारत की रन गति भी धीमी पड़ने लगी और स्पिन भी काफ़ी हरकत करने लगी थी। कोहली भी ज़्यादा देर टिक नहीं पाए और आगे की गेंद को पीछे खेलने के क्रम में पगबाधा हो गए। उन्होंने रिव्यू लिया लेकिन अंपायर्स कॉल के चलते उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। हालांकि डीआरएस कीवी टीम के लिए भी आज अधिक मेहरबान नहीं रहा और जायसवाल के ख़िलाफ़ दो बार पगबाधा की अपील पर लिया गया डीआरएस असफल रहा था। पिछले टेस्ट में शतक लगाने वाले सरफ़राज़ ख़ान इस बार सैंटनर की लूप में फंस गए और डिफ़ेंस से चूकते हुए बोल्ड हो गए। यहां से अब भारत पर 12 साल बाद घर में सीरीज़ हारने का ख़तरा मंडराने लगा था, जिसे कुछ देर तक अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने बचाए रखा।

# पाकिस्तान ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया



**रावलपिंडी(हि.स.)।** नोमान अली और साजिद खान के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराकर तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 2-1 से जीत ली। इस जीत के साथ ही तीन साल से अधिक के इंतजार के बाद, पाकिस्तान ने आखिरकार घरेलू धरती पर टेस्ट श्रृंखला जीत की मिठास का स्वाद चखा।

मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लिश टीम ने जैमी स्मिथ (89) और बेन डकेट (52) के अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 267 रन बनाए। पहली पारी में पाकिस्तान के लिए साजिद खान ने 6 और नोमान अली ने 3 विकेट लिए, जबकि 1 विकेट जाहिद महमूद को मिला।

जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में सऊद शकील (134) के बेहतरीन शतक और नोमान अली (45) और साजिद खान (नाबाद 48) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 344 रन बनाए और 77 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की तरफ से रेहान अहमद ने 4, शोएब बशीर ने 3, गस एटकिंसन ने 2 और जैक लीच ने 1 विकेट लिया।

दूसरी पारी में इंग्लिश बल्लेबाजी नोमान (6-42) और साजिद खान (4-69) की फिरकी के आगे पूरी तरह से ढ़ह गई और पूरी टीम 112 रन पर सिमट गई। जिससे पाकिस्तान को सीरीज जीतने के लिए केवल 36 रन की जरूरत थी।

पाकिस्तान ने 36 रनों का लक्ष्य सैम अयूब (08) का विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तानी कप्तान शान मसूद ने जैक लीच की लगातार चार गेंदों पर चार चौके लगाए और शोएब बशीर के अगले ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर पाकिस्तान की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी।

नोमान और साजिद ने इंग्लैंड के 20 में से 19 विकेट चटकाए, जबकि पाकिस्तान ने मैच में अपने एकमात्र तेज गेंदबाज आमिर जमाल

## दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के बाद बांग्लादेश की कप्तानी छोड़ सकते हैं नजमुल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** बांग्लादेश के सभी प्रारूपों के कप्तान नजमुल हुसैन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद कप्तानी करने की संभावना नहीं है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फरवरी 2024 में नजमुल को एक साल के लिए सभी प्रारूपों का कप्तान नियुक्त किया था और उम्मीद थी कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की अगुआई करेंगे। हालांकि, नजमुल ने बोर्ड को अपने पद से इस्तीफा देने की सूचना दे दी है और अब बोर्ड अध्यक्ष फारूक अहमद की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं, जो फिलहाल विदेश में हैं और जल्द ही उनके आने की उम्मीद है। क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने से इसकी पुष्टि करते हुए कहा, "हां, उन्होंने हमें बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के बाद टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार नहीं हैं।" बीसीबी के एक शीर्ष निदेशक उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## पंजाब किंग्स ने हैडिन और जोशी को बरकरार रखा




**नई दिल्ली (हि.स.)।** रिकी पोंटिंग ने पंजाब किंग्स में अपने सहयोगी स्टाफ की टीम बनाने में पहला बड़ा कदम उठाया है, जिसमें उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेम्स होप्स को शामिल किया है, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स में अपने कार्यकाल के दौरान उनके साथ काम किया था। होप्स 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन सत्र में एक खिलाड़ी के रूप में फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा भी थे। 46 वर्षीय पोंटिंग के अनुबंध को दिल्ली कैपिटल्स ने नवीनीकृत नहीं किए जाने के बाद विस्तार की पेशकश की थी। हालांकि, होप्स, जिन्होंने 84 वनडे और 12 टी20आई में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया, ने अपने पूर्व कप्तान पोंटिंग के साथ काम करना जारी रखने का फैसला किया, जिन्होंने फ्रैंचाइज़ी के साथ चार साल का अनुबंध किया है।

होप्स के हस्ताक्षर से दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज चार्ल लैंगवेल्ट के बाहर होने का संकेत मिलता है, जिन्होंने 2023 और 2024 सीज़न के लिए ट्रेवर बेलिस के तहत टीम के तेज़-गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था। इससे पहले, दक्षिण अफ़्रीकी ने 2020 सीज़न के दौरान फ्रैंचाइज़ी के लिए गेंदबाजी कोच की भूमिका भी निभाई थी।

इसके अतिरिक्त, पोंटिंग ने ब्रैड हैडिन को बनाए रखने का विकल्प चुना है, जो पिछले कुछ वर्षों से फ्रैंचाइज़ी के साथ सहायक कोच के रूप में काम कर रहे हैं। शुरुआत में ट्रेवर बेलिस द्वारा लाए गए हैडिन ने पहले सनराइजर्स हैदराबाद में भी ऑस्ट्रेलियाई के साथ काम किया था। वह फ्रैंचाइज़ी के बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे।


पोंटिंग ने भारत के पूर्व स्पिनर और मुख्य चयनकर्ता सुनील जोशी को भी रिटेन किया है।

## एलेक्स डी मिनौर वियना ओपन के सेमीफाइनल में



**विएना(हि.स.)।** एलेक्स डी मिनौर ने जैकब मेनसिक को 6-7(2), 6-3, 6-4 से हराकर विएना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदें बरकरार रहीं। 25 वर्षीय खिलाड़ी, जो वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में नौवें स्थान पर है, ने कड़ी मेहनत की और दो घंटे 34 मिनट में जीत दर्ज की। मेनसिक ने सबसे पहले गियर बदला, शुरुआती सेट टाई-ब्रेक में चला गया। उन्होंने आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का इस्तेमाल किया और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से गलतियाँ करवाकर पहला सेट 7-6(2) से अपने नाम किया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने पहले सेट में 24 विनर्स लगाए, जिसमें नौ ऐस शामिल थे। डी मिनौर ने दूसरे सेट के छठे गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक अर्जित करके जवाब दिया और सेट को 6-3 से जीतकर मैच को बराबर कर दिया।

## एफआईए ने नॉरिस पेनल्टी की समीक्षा करने की मैकलारेन की अपील को खारिज किया



**मेक्सिको सिटी (हि.स.)।** फॉर्मूला 1 की शासी संस्था ने यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स के दौरान लैंडो नॉरिस को दिए गए दंड की समीक्षा करने के मैकलारेन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। खिताब के प्रतिद्वंद्वी मैक्स वेरस्टैपेन को ट्रैक से बाहर करने के लिए जारी की गई पांच सेकंड की पेनल्टी ने नॉरिस को अंतिम रेस स्टैंडिंग में तीसरे से चौथे स्थान पर खिसका दिया। मेक्सिको सिटी ग्रैंड प्रिक्स सप्ताहांत से पहले गुरुवार को पुष्टि की गई कि वॉकिंग संगठन ने पिछले बार ऑस्टिन में तीसरे स्थान के लिए संघर्ष करते समय ट्रैक से बाहर वेरस्टैपेन को ओवरटेक करने के लिए नॉरिस को मिली पांच सेकंड की पेनल्टी के लिए अनुरोध किया था। इसके बाद शुक्रवार को एक सुनवाई हुई, जिसमें टीम के प्रतिनिधि को स्टीवर्ड के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेना आवश्यक था।

## भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हुईं अमेलिया केर

**नई दिल्ली(हि.स.)।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर अमेलिया केर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीरीज के पहले मैच में अपनी बायीं क्वाड्रिसेप की मांसपेशी में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हो गई हैं। उस मैच में, अमेलिया को 4-42 के अपने स्पेल के दौरान चोट लगी थी और वह नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी थीं, जहां वह 25 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम 227 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40.4 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा कि 24 अक्टूबर को हुए मैच के बाद सुबह अमेलिया को स्कैन के लिए ले जाया गया था। स्कैन में ग्रेड वन क्वाड्रिसेप टियर का पता चला, जिसके ठीक होने में लगभग तीन सप्ताह लगेंगे। हेड कोच बेन सॉयर ने कहा।, "हम मेली के लिए वाकई बहुत दुखी हैं। चोट लगना हमेशा ही किसी खिलाड़ी के लिए चुनौतीपूर्ण समय होता है और हम जानते हैं कि वह इन खेलों में नहीं खेल पाने से कितनी निराश है। हर कोई जानता है कि मेली इस टीम का कितना अहम हिस्सा है, इसलिए हम निश्चित रूप से उसे मिस करेंगे, लेकिन हम उसके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## क्रिप्टोकरेंसी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा जोखिमः आरबीआई गवर्नर

**वाशिंगटन/नई दिल्ली(हि.स.)**



रिजर्व बैंक ऑफ अंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शांतिकांत दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। शक्तिकांत दास ने जोर देकर कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है।

आरबीआई ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी के पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में आयोजित मैक्रो वीक 2024 कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में इस राय का हूं कि ये ऐसी चीज है जिसे फाइनेंशियल सिस्टम पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। यह ऐसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति से नियंत्रण खो सकता है। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझ होनी चाहिए, क्योंकि लेनदेन क्रॉस-कंट्री है।

## सरकार ने कॉरपोरेट आयकर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली (हि.स.)।** आयकर विभाग ने शनिवार को आकलन वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जारी एक परिपत्र में कहा कि 31 अक्टूबर की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी। सीबीडीटी के मुताबिक आकलन वर्ष 2024-25 के लिए नई समय-सीमा अब 15 नंवबर, 2024 है।

# कोई भी गांव बिना बिजली के नहीं: वित्त सीतारमण

### 2014 में भारत के कई गांवों में बिजली के लिए बुनियादी ढांचे का अभाव था

**वाशिंगटन/नई दिल्ली,(हि.स.)**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि निजी क्षेत्र को भारत में व्यापार करने से रोकने वाली कोई बाधा नहीं है। कई गैर-भारतीय निजी बीमा कंपनियां पहले भारत में काम कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को वाशिंगटन, डीसी में सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) के अध्यक्ष और सीईओ जॉन जे. हेमरे के साथ फायरसाइड चैट के दौरान यह बात कही। अपनी टिप्पणी में सीतारमण ने याद दिलाया कि भारत सरकार ने 2021 के बजट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि ऐसे चार क्षेत्र हैं, जहां सरकार मौजूद रहेगी। हालांकि, इसमें किसी ऐसे क्षेत्र का उल्लेख नहीं किया गया, जहां निजी क्षेत्र शामिल नहीं हो सकता। ग्रामीण विद्युतीकरण में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए सीतारमण ने कहा कि भारत के हर गांव में अब बिजली की सुविधा है। 2014 में भारत के कई गांवों में जिनमें राज्य की राजधानियों के पास के गांव भी शामिल हैं, बिजली के लिए बुनियादी ढांचे का अभाव था। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि आज भारत का कोई भी गांव बिजली से वंचित है। इसलिए अगर मुझे 2014 की स्थिति याद है, तो भारत के कई हिस्सों में कई ऐसे गांव थे, कुछ तो राज्य की राजधानी, प्रांतीय मुख्यालय के बहुत करीब थे, जहां बिजली के तार लगाने के लिए खंभा तक नहीं था।

### निर्मला सीतारमण ने जर्मनी के वित्त मंत्री से की मुलाकात

**वाशिंगटन/नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने वाशिंगटन, डीसी में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की 2024 की सालाना बैठक के मौके पर जर्मनी के वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि क्रिश्चियन लिंडनर ने मुलाकात के दौरान सीतारमण को मोदी सरकार में दोबारा वित्त मंत्री बनने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने वित्तीय प्रबंधन, फिनटेक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और प्रबंधन



के संबंध में वैश्विक निवेशकों के लिए भारत में निवेश करने के प्रवेश द्वार के रूप में आईएफएससी और गिफ्ट सिटी में अवसरों पर चर्चा की।

## ऐपल को पछाड़ दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी एनवीडिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया ने एप्पल को पछाड़कर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी का खिताब अपने नाम कर लिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) चिप्स की मजबूत मांग से संचालित रिकॉर्ड स्टॉक रैली के बाद एनवीडिया का मार्केट कैप बढ़कर 3.53 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया। यह एप्पल के मार्केट कैप 3.52 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है। चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी के शेयरों में शुक्रवार यानी 25 अक्टूबर को लगभग तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। जबकि एप्पल के शेयरों में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे iPhone निर्माता का मार्केट कैप 3.54 ट्रिलियन डॉलर हो गया।

जून में माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल के आगे निकलने से पहले एनवीडिया कुछ समय के लिए दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। इन 'तकनीकी तिकड़ी' कंपनियों का मार्केट कैप कई महीनों से एक दूसरे को टक्कर दे रहा है। माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 3.20 ट्रिलियन डॉलर था और इसका स्टॉक 1.3 प्रतिशत ऊपर था। सिलिकॉन वैली चिपमेकर एआई कंप्यूटिंग में उपयोग किए जाने वाले प्रोसेसर का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। यह उभरती हुई तकनीक पर हावी होने के लिए माइक्रोसॉफ्ट, अल्फाबेट, मेटा प्लेटफॉर्म और अन्य दिग्गजों के बीच दौड़ में सबसे बड़ी विजेता बन गयी है।

## निवेशकों के लिए कठिन रहा बीता हफ्ता

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता मुश्किलों भरा रहा। बीएसई के सेंसेक्स और एनएसई के निफ्टी दोनों ही सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स में क्रमशः 2.7 प्रतिशत और 2.2 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। आने वाले समय में घरेलू आर्थिक स्थितियां बाजार के पक्ष में दिख रही हैं। मार्केट विशेषज्ञों के अनुसार, हाल ही में जारी मजबूत क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) डेटा और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा वित्त वर्ष 25 के लिए मजबूत आर्थिक वृद्धि पूर्वानुमान के साथ आंकड़े बड़े पैमाने पर बाजार के पक्ष में हैं। भारत के विनिर्माण उद्योग ने अक्टूबर में वृद्धि की गति फिर से हासिल कर ली है और इस तेजी को फैक्ट्री उत्पादन और सेवा गतिविधियों में तेज वृद्धि से समर्थन मिला है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा नवीनतम एचएसबीसी 'फ्लैश' पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार, भारत की निजी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था ने अक्टूबर में मजबूत वृद्धि जारी रखी।

## भारत और जर्मनी एडवांस्ड मैटेरियल्स में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए राजी

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारत और जर्मनी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए कटिंग-एज तकनीक और उन्नत सामग्रियों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह और जर्मन के मंत्री बेट्टिना स्टार्क-वाटजिंगर द्वारा किया गया। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने हाल में दोनों देशों के बीच सहयोगात्मक सफलताओं पर प्रकाश डाला था। उन्होंने इस बयान में "अपशिष्ट से संपदा" और टिकाऊ पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में 2+2 संयुक्त परियोजनाओं के शुभारंभ की अपील के साथ ही 'स्थायित्व के लिए एआई' में प्रस्तावों के लिए भी प्रतिबद्धता जाहिर की। मंत्री ने कहा कि ये पहल और संयुक्त घोषणा-पत्र, भारत के प्रधानमंत्री और जर्मनी की चांसलर द्वारा आयोजित आगामी भारत-जर्मन अंतर-सरकारी बैठक में मुख्य परिणाम के रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे।

## एक नजर

### जेपी जनता दल प्रत्याशी ने क्षेत्र भ्रमण कर मांगा समर्थन

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को जय प्रकाश जनता दल प्रत्याशी श्याम बिहारी राय ने विधानसभा सभा क्षेत्र के कई गांव में लोगों से मिल कर जय प्रकाश नारायण के सपनों को साकार करने की बात करते हुए जेपी जनता दल प्रत्याशी को भारी से भारी मतों से जीताने की अपील की। क्षेत्र भ्रमण के बाद पत्रकारों से बातचीत में जेपी जनता दल प्रत्याशी श्याम बिहारी राय ने कहा कि वह एक वकील होंने के साथ समाजिक व्यक्ति हूं। मौके पर रास बिहारी प्रसाद,मनी शंकर शर्मा, राधिका रमण प्रसाद सिंह समेत कई उपस्थित थे।

### झारखंड युवा विकास पार्टी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**विश्रामपुर।** झारखंड युवा



विकास पार्टी प्रत्याशी जागृति दुबे ने शनिवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान के लिए सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस बार भ्रष्टाचार मुक्त विश्रामपुर के लिए मतदान करें।अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए मतदान करें। मतदान से ही विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। आरोप प्रत्यारोप में नहीं जाना चाहतीं, लेकिन खुद ही सोचें कि क्षेत्र का अपेक्षित विकास क्यों नहीं हुआ। इसका दोषी कौन है। मौके पर कई लोग मौजूद थे। पार्टी प्रमुख रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे ने समर्थकों के साथ भी जागृति दुबे के पक्ष में जनसंपर्क चलाया।

### चुनाव आयोग की प्रेक्षक टीम ने स्ट्रांग रूम डिस्पैच और रिसीविंग केंद्र का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत पलामू जिले के लिए नियुक्त सभी सामान्य, व्यय और पुलिस प्रेक्षकों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सभी निवार्ची पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारियों की उपस्थिति में गणेश लाल कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग सेंटर, मतगणना केंद्र और वज्र गृह (स्ट्रांग रूम) का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने विधानसभावार स्ट्रांग रूम के लिए चिन्हित कक्षों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली।

# मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को शनिवार को क्षेत्र में रवाना किया गया। रथ को बीडीओ राजीव कुमार सिंह,सीओ राकेश तिवारी व नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रथ प्रखंड के सभी गांवों और नगर परिषद के सभी वार्डों में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबको शामिल होकर मतदान करना चाहिए। मतदान हमारा मौलिक अधिकार है, जिसका उपयोग जरूरी है। बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मताधिकार के प्रयोग से ही एक स्वच्छ जनप्रतिनिधि का चयन होता है और राज्य में एक नई सरकार का गठन होता है। सीओ राकेश तिवारी ने सभी लोगों से मतदान करने का अपील किया। मौके पर प्रखंडकर्मी, अंचलकर्मी व नप कर्मी मौजूद थे।

### पदाधिकारियों ने निकाला कैंडल मार्च, मतदान करने की अपील की

**विश्रामपुर** जिला निर्वाचन पदाधिकारी व स्वीप कोषांग के निर्देश पर विश्रामपुर नगरीय प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार शाम नप मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला गया। स्थानीय गांधी चौक से मार्च की शुरूआत हुई। नगर भ्रमण के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत,सीओ राकेश तिवारी व थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने नगरवासियों को मतदाता शपथ दिलाया। सोमा खंडौत ने बताया कि मतदाताओं के बीच व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो सके।मार्च मे सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार,सुबोध केशरी,रमेश कुमार, दीपक चंद्रवंशी,रवि कुमार, सुमित प्रसाद सहित सभी नप कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका,पीडीएस दुकानदार सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# प्रेक्षकों ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के सुचारू संचालन को लेकर पलामू पहुंचे प्रेक्षकों ने 26 अक्टूबर 2024 को समाहरणालय सभागार में चुनाव की तैयारियों की गहन समीक्षा की। इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, और जिले के सभी पांचों विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रेक्षकों को एक-एक कर उनके क्षेत्रों में अब तक की गई चुनावी तैयारियों से अवगत कराया। उपायुक्त ने प्रत्येक मतदान केंद्र, आईएसआर, बुरका क्लैड पोलिंग स्टेशन, कर्मियों की आवागमन सुविधा सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, बैठक में सभी विधानसभा क्षेत्रों में मूलभूत



सुविधा, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण, मतदान सामग्री की व्यवस्था, पोस्टल बैलेट, मीडिया मॉनीटरिंग, स्वीप गतिविधियों, मतदान दलों, और सी-विजिल एप से जुड़ी शिकायतों का समाधान करने के विषय पर जानकारी दी गई। प्रेक्षकों ने जिले में शस्त्र जमा कराने के अनुपालन की जानकारी ली, साथ ही अंतरराज्यीय और अंतरजिलीय चेक नाकों की स्थिति की भी समीक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि उन मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है जहाँ पिछली बार मतदान प्रतिशत कम था, उन क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में पांकी के सामान्य प्रेक्षक ओम प्रकाश बुनकर, डालटनगंज के प्रेक्षक मनीष कुमार, विश्रामपुर के प्रेक्षक पटेल आनंद बाबूलाल, छत्तरपुर के प्रेक्षक पदुम सिंह अलमा, हुसैनाबाद के प्रेक्षक टी.के. शिबू और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान में रुचि कम होने के पीछे की समस्याएं

**मेदिनीनगर।** फीडबैक के दौरान नागरिकों ने मतदान में रुचि कम होने के कई कारण बताएं हैं। पतरा खुर्द गांव के रमेश रजवार ने बताया कि उनका मतदान केंद्र 4 किमी दूर है, जिससे वह वोट देने नहीं जा पाते। कंचनपुर गांव के लवकुश कुमार ने कहा कि हाल ही में एक जागरूकता वाहन उनके घर के पास आया था। उन्होंने बताया कि 2024 में उनका 18 वर्ष पूरा होगा और इस बार वे वोटर आईडी बनाकर मतदान अवश्य करेंगे। वहीं, कंचनपुर गांव की निर्मला देवी ने बताया कि उनकी पंचायत कुरमीपुर है और वह सभी चोवाचट्टान में वोटिंग करती हैं। उनके पास वोटिंग कार्ड है, लेकिन मतदाता सूची में नाम न होने के कारण वह मतदान नहीं कर पातीं। अनूप कुमार, जो चोवाचट्टान के निवासी हैं, ने कहा कि उनकी उम्र फिलहाल 17 वर्ष है, इसलिए उनका वोटर आईडी नहीं बना है। ऐसे में उनके लिए मतदान करना संभव नहीं है।

**फीडबैक से स्पष्ट हुआ मुख्य समस्या :** कई नागरिकों ने मतदान केंद्र की दूरी को बड़ी समस्या बताया है। नागरिकों ने यह भी शिकायत की कि बार-बार अनुरोध करने पर भी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) उनके वोटर आईडी बनाने या उसमें सुधार करने में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पलामू प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजोगाड़ी, रामसागर, ओरिया, और नीलांबर-पीतांबरपुर के मतदान केंद्रों पर जाकर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता की जांच की। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर सभी मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर रैंप, व्हीलचेयर, पीने के पानी, शौचालय, बिजली कनेक्शन, और अन्य आवश्यक सुविधाएं बेहतर रूप में उपलब्ध हों। इसके अलावा आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर पुरुष और महिला शौचालय अलग-अलग सुनिश्चित करने, शुद्ध पेयजल, और स्वच्छता के प्रति भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के अंचल अधिकारी-सह-प्रभारी सुनील कुमार सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्वीप के तहत इलेक्शन स्पोर्ट्स फेस्ट मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप के तहत जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को शहर के शिवाजी मैदान में इलेक्शन स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों खिलाड़ी और मतदाता भाग लेने पहुंचे।

हालांकि, कार्यक्रम में अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना थी, लेकिन अपेक्षा के मुताबिक कम संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 5 बजे से हुई, जिसमें क्रिकेट, पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, स्पून रेसिंग, मटका फोड़, टग ऑफ वार, डार्ट गेम सहित अन्य खेलों के आयोजन किए गए। प्रतिभागियों और टीमों को विभिन्न खेलों में जीतने पर कॉफी मग और पुरस्कार दिए गए।



### लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : नगर आयुक्त

इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों और मतदाताओं को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने सभी 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं से चुनाव में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे बच्चों से भी आग्रह करें कि अपने माता-पिता, भाई-बहन और दादा-दादी को मतदान के लिए प्रेरित करें। नगर आयुक्त ने खिलाड़ियों से कहा कि वे सभी स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत खुद को ब्रांड एंबेसडर समझें और अधिक से अधिक मतदान कराने की जिम्मेदारी लें। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में पलामू का वोटिंग प्रतिशत काफी कम रहा था, और इस बार सभी को प्रयास करना होगा कि पलामू का वोटिंग प्रतिशत पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ हो। इसके अलावा, उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने और मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। स्पोर्ट्स फेस्ट के माध्यम से लोगों से आगामी 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की गई।

# मतदाता जागरूकता को लेकर संत मरियम विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संत मरियम विद्यालय में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने दर्जनों आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति प्रेरित किया। रंगोलियों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मतदान कितना महत्वपूर्ण है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने बताया कि बच्चों के लिए इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यह था कि वर्तमान में पूरे झारखंड में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और साथ ही कई






धार्मिक महापर्व भी हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व को विशेष महत्व देने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा बनाए गए रंगोलियों के माध्यम से सभी युवाओं और अभिभावकों से निवेदन किया गया कि वे आगामी 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अवश्य हिस्सा लें और अपने मत का प्रयोग करें।

इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एस. बी. साहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला सिंह, रिजवाना परवीन, रौशन राज समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

### कैडेट्स ने किया तालाब की सफाई और पौधरोपण

**मेदिनीनगर।** शनिवार को झारखंड बटालियन एनसीसी 44 मेदिनीनगर की छोटी इकाई वाई एस एन कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने जल निकायों की सफाई कार्यक्रम के तहत बेलवाटिका स्थित तालाब के किनारे सफाई की। महाविद्यालय की प्रभारी प्रचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता की अगुवाई में इस दौरान पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्या ने कहा कि वर्तमान समय में अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है ताकि हमारी धरती हरी-भरी रह सके। महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संगीता कुजूर ने कैडेट्स के बीच नींबू, कटहल, जामुन, अनार और आंवला के 70 फलदार पेड़ बांटे और उनके उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कैडेट्स को अपने-अपने घरों में इन पौधों को लगाने और उनकी अच्छी देखभाल करने की सलाह दी।

## न्यूज बॉक्स

### गोल्हना में देवी मंदिर को भव्य स्वरुप देने में जुटे धर्म प्रेमी



**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत अंतर्गत गोल्हना गांव में नया देवी मंदिर निर्माण का स्वरुप देने का प्रयास शुरू किया गया है। शनिवार को इस मंदिर के छत की ढ़लाई कार्य भी पूरा करने में मजदूर और धर्म प्रेमी जुटे हैं। जिसमें धर्मप्रेमी संजय सिंह, सुमेन्दर सिंह, अंकू सिंह राणा, शैलेन्द्र सिंह, गोरख सिंह ने अहम योगदान करके माता रानी के जयकारों के साथ ढ़लाई कार्य में निर्माण सामग्री छत पर मजदूरों तक पहुंचाने में सहयोग किया। उपस्थित ग्रामीणों में बच्चन सिंह (वार्ड सदस्य), राहुल सिंह, विरेन्द्र सिंह, टिंकू सिंह, धीरज सिंह, मनोज सिंह, छोटू सिंह, बलवंत सिंह, नागेन्द्र सिंह, अरुण सिंह, धीरेन्द्र सिंह, संजीत, अभिषेक, नीरज, अभिमन्यु, सागर सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पुनित कार्य के श्रमदान में उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि इस कार्य से देवी मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर आकर्षक व भव्य स्वरुप दिखेगा।

### अंशु अग्रवाल के द्वितीय पुण्यतिथि पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**हुसैनाबाद।** युवा समाजसेवी सह मानसरोवर मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर अंशु अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि



शनिवार को मनाई गई। दर्जनों लोगों ने उनके तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने अपने मित्रों के साथ हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती क्षेत्र महूदण्ड पंचायत में गरीब परिवार के बीच कॉपी ,कलम और टार्च का वितरण किया ।साथ ही जपला रेलवे स्टेशन में पौधारोपण भी किया गया।मौके पर युवा समाजसेवी के मित्र पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा कि समाज के अग्रणी लोगों का व्यक्तित्व हमेशा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होता है। अंशु अग्रवाल शहर के युवाओं के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए भी एक मिशाल थे। वह सभी धर्मो लोगों को अपने साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे। युवा पीढ़ी के लोग उनका व्यक्तित्व से सिख लेकर अपने जीवन का विकास कर सकेंगे। मौके पर रविंद्र गुप्ता, बिकास बेंगरा,संजय पासवान,सुजीत कुमार,अमर कुमार,नागेंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### सूर्या ने जन आशीर्वाद यात्रा कर दर्जनों गांव का किया दौरा



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में भाजपा नेता सूर्या सिंह ने जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत कर दी है। उन्होंने पोखरिया, दादरा, बनियाडीह, शिवा बिगहा, शिवा बिगहा टोला, कामत रजवार टोला, कामत राजपूत टोला, उरांव टोला, बराही, कुड़वा , खरड़ीहा, काजी बिगहा, शेखपुरा, बेलबीघा, नावाडीह, कजरात, अघेरिया, बेलबिघा, रेडिया व बहेरा का दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। सूर्या ने ग्रामीणों को कहा कि एक तरफ कमलेश कुमार सिंह विकास, रोजगार, जिला बनाने, घुसपैठियों से राज्य को मुक्त कराने, देश व राज्य की संस्कृति के साथ साथ हिंदुत्व की रक्षा की बात करने वाली भाजपा है। दूसरी ओर जात पात की राजनीति करने वाले है। उन्होंने आम लोगों को कहा कि दोनों में उन्हें फर्क देखने की जरूरत है। सूर्या ने कहा कि कमलेश कुमार सिंह दो बार विधायक रह चुके हैं। इन्होंने क्षेत्र का विकास किया है, सभी जानते हैं। जबकि कमलेश कुमार सिंह के पहले गांव में सड़क नहीं, घर में बिजली नहीं, अस्पताल में सुविधा नहीं, स्कूल में शिक्षक नहीं थे। आज हुसैनाबाद की तस्वीर बदलने का कम कमलेश कुमार सिंह ने किया है। सूर्या ने आम लोगों से हुसैनाबाद हरिहरगंज के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया है।

### भाजपा मंडल की बैठक में प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत मोहम्मदगंज लल्लू विश्वकर्मा के मकान में मोहम्मदगंज मंडल



के सभी मंडल के शक्ति केंद्रों के संयोजक व सह संयोजक का बैठक आयोजित की गई। सर्वसम्मति से लोकप्रिय विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से हुसैनाबाद विधानसभा में प्रवास कर रहे पूर्व विधायक उत्तर प्रदेश के लाल बहादुर चौधरी, जिला मंत्री सोमेश सिंह, मोहमदगंज मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, महाराज सिंह, उर्दवार मंडल निवर्तमान मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, सीवी रमन सिंह, नर्मदेश्वर सिंह, महेंद्र सिंह, राजकुमार मेहता, रुद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, नगीना सिंह, ज्यौदीन खां, उदय मेहता, रामबालक साव, पुरण पासवान, कौशलेंद्र शर्मा, उपेंद्र सिंह जी एवं भारतीए जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ईडी ने बिचौलिए की 163 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में 163.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने शनिवार को एक बयान में बताया कि यह जब्ती पश्चिम बंगाल के विभिन्न सरकारी स्कूलों के लिए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणियों में गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में चल रही जांच के संबंध में है। ईडी अधिकारियों ने जिन संपत्तियों को जब्त किया है, वे मामले में मुख्य बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय, उनकी पत्नी और रॉय से जुड़ी एक कॉर्पोरेट इकाई के नाम पर थीं।

## जम्मू-कश्मीर का विलय महाराजा हरि सिंह की वजह से ही संभव हुआ: कवींद्र



**जम्मू।** 26 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर रियासत का भारत में विलय हुआ था। जिसे पूर्ण विलय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता ने महाराजा हरिसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, कि 26 अक्टूबर को पूर्ण विलय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में जगह-जगह इस तरह के आयोजन हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महाराजा हरि सिंह जी को श्रद्धांजलि दी गई। ये सब महाराजा हरि सिंह की वजह से ही संभव हो पाया। देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने जो किया वो इतिहास बन गया। उन्होंने आगे कहा, वरना उस समय के कुछ राजनेताओं की गलतियों की वजह से कश्मीर को अलग करने की कोशिश की गई थी। ये हमारी जीत है। राज्य में 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार हो गया।

## 1200 एकड़ जमीन पर वक्फ बोर्ड का दावा!

> ▸ तेजस्वी सूर्या का कांग्रेस से सवाल, क्या कर्नाटक को पाकिस्तान बनाने जा रहे

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सूर्या ने कहा कि वक्फ, अल्पसंख्यक मामले एवं आवास मंत्री जमीर अहमद खान के निर्देशानुसार विजयपुरा जिले के अधिकारी किसानों की 1200 एकड़ जमीन को वक्फ बोर्ड में शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर राष्ट्रीय स्तर पर लंबी चर्चा के बीच, बेंगलुरु दक्षिण के भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस से पूछा कि क्या वे कर्नाटक को पाकिस्तान बनाने जा रहे हैं। सूर्या ने कहा कि इस बात का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि यह जमीन वक्फ बोर्ड की है। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि मैं जमीर अहमद खान, सिद्धारमैया और राज्य सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या वे कर्नाटक को पाकिस्तान बनाने का इरादा रखते हैं। बिना किसी आधार के, सैकड़ों वर्षों से इन जमीनों पर खेती करने वाले इन हिंदू किसानों का अपमान किया गया है और आप मुसलमानों को जमीन सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री जमीर ने कुछ जिलों का दौरा किया और उपायुक्तों को वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्तियों को 15 दिनों में पंजीकृत करने का निर्देश दिया।

### इजरायल का ईरान पर हमला: आईडीएफ ने कहा-

# ऑपरेशन पूरा, तेहरान ने अगर बढ़ाया तनाव तो दिया जाएगा जवाब

**एजेंसी। तेल अवीव (आईएएनएस)**



इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर 'सटीक और टारगेटेड हमले' सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की। इसके साथ ही तेहरान को चेतावनी दी कि अगर उसने तनाव बढ़ाने की गलती की तो जवाब दिया जाएगा आईडीएफ के अनुसार, शनिवार सुबह इजरायली वायु सेना (आईएएफ) के सहयोग से तीन चरणों में ये हमले किए गए। यह कार्रवाई 1 अक्टूबर को तेहरान बैलिस्टिक मिसाइल अटैक का जवाब था। इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने कहा, आईडीएफ ने अपना मिशन पूरा कर लिया है। अगर ईरानी शासन ने नए सिरे से तनाव बढ़ाने की गलती की, तो हम जवाब देंगे। साथ ही कहा कि आईएएफ के विमान ऑपरेशन से सुरक्षित वापस आ गए हैं। आईडीएफ ने कहा, जो लोग इजरायल को धमकी देते हैं और क्षेत्र में तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं, उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। आज की कार्रवाई इजरायल राज्य और उसके नागरिकों की आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से रक्षा करने की हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दशार्ती है। आईडीएफ ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर वायुसेना ने ईरान में उन मैन्युफैक्चरिंग साइट्स को निशाना बनाया, जहां पिछले वर्ष इजरायल पर दागी गई मिसाइलों का निर्माण किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि ये मिसाइलें इजरायली नागरिकों के लिए 'प्रत्यक्ष और तत्काल खतरा' हैं। इसके अलावा, इस अभियान में सतह से हवा में मार करने वाली ईरानी मिसाइलों को भी निशाना बनाया गया, जिसका उद्देश्य ईरानी एयर स्पेस में इजरायल की ऑपरेशनल फ्रीडम को सीमित करना था। बता दें ईरान ने अप्रैल और अक्टूबर में दो हमलों के दौरान इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें दागी थीं। आईडीएफ ने ईरान पर इजरायल को निशाना बनाने और क्षेत्र को अस्थिर करने के लिए मध्य पूर्व में प्रॉक्सी के जरिए 'आतंकवादी गतिविधियों को फंड करने और निर्देशित करने' का आरोप लगाया। यह हमला अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के मध्य पूर्व दौरे से लौटने के बाद हुआ। उन्होंने इजरायली अधिकारियों से संघर्ष को बढ़ाने से बचने की अपील की थी।

## तमिलनाडु के चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट स्कूल रहेंगे बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने राज्य के चार जिलों में शनिवार को भारी बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई है। बारिश और तूफान के मद्देनजर स्कूलों को बंद रखा गया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने जिन क्षेत्रों में भारी बारिश की आशंका जताई है, उनमें थेनी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और मदुरै शामिल हैं। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद इन जिलों में सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही जिला कलेक्टरों ने तेनकासी और थूथुकुड़ी में स्कूलों में स्पेशल क्लासेस नहीं चलाने का भी निर्देश दिया है। इसी तरह मदुरै के जिला कलेक्टर ने सभी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी है।

## मैं सांप्रदायिक तनाव नहीं चाहती करें कड़ी कार्रवाई : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

चक्रवात दाना से प्रभावित सात जिलों में स्थिति का आकलन करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से बात करते हुए उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस से राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया था कि कुछ बदमाश आगामी काली पूजा, दिवाली और छठ पूजा समारोहों के दौरान अशांति पैदा करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि उन्होंने इसमें शामिल लोगों की पहचान उजागर नहीं करने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने खुफिया प्रयासों को मजबूत करने और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की मौजूदगी बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। बनर्जी ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी उत्सव के माहौल का फायदा उठाकर अशांति पैदा न कर सके। पुलिस किसी भी उकसावेबाज के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी, लेकिन मैं मीडिया से आग्रह करती हूं कि इसे सनसनीखेज न बनाएं। बनर्जी ने बंगाल में चक्रवात दाना से संबंधित एक मौत की पुष्टि की और बताया कि लगभग 2.16 लाख लोगों को निचले इलाकों से निकाला गया है।

# पीएम के नेतृत्व में पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के रिश्तों में हुआ सुधार: जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पदभार संभालने के बाद से पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। पुणे स्थित फ्लेम यूनिवर्सिटी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कूटनीतिक कोशिशों पर प्रकाश डाला, जिससे उन देशों के साथ संबंध मजबूत हुए, जो ऐतिहासिक रूप से भारत के साथ कम जुड़े थे। इनमें एक उदाहरण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का है, जहां 2015 में पीएम मोदी ने यात्रा की थी यह दिवंगत इंदिरा गांधी के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहला दौरा था। जयशंकर ने कहा कि यूएई की निकटता के बावजूद, उससे जुड़ने के लिए बहुत कम प्रयास किए गए। विदेश मंत्री के मुताबिक भारत का अपने पड़ोसियों के साथ एक जटिल इतिहास रहा है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों ने देशों को नई दिल्ली के साथ अपने रिश्तों पर फिर से सोचने को प्रेरित किया है, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर। जयशंकर ने कहा, देश अपने रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि कई पड़ोसी देशों ने अपने फायदे के लिए चीन की ओर रुख किया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की उभरती हुई आर्थिक शक्ति है और आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सैनिकों की वापसी है और दूसरा मुद्दा तनाव कम करना है। उन्होंने कहा, ह्लअगर मैं इसे थोड़ा पीछे ले जाऊं, तो 2020 से सीमा पर स्थिति खराब रही, जिसका चीन के साथ रिश्तों पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ा। सितंबर 2020 से हम समाधान खोजने के तरीके पर चीनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। समाधान के विभिन्न पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सैनिकों की वापसी है, क्योंकि सैनिक एक-दूसरे के बहुत करीब हैं और किसी घटना की संभावना काफी है। इसलिए यह मुद्दों का पहला सेट है। विदेश मंत्री ने कहा, इसके बाद तनाव कम करना है। फिर एक बड़ा मुद्दा यह है कि आप सीमा का प्रबंधन कैसे करते हैं और सीमाओं पर कैसे बातचीत करते हैं।

## बढ़ते प्रदूषण से दिल्ली व कई शहर बने नरक बुजुर्ग व गर्भवती सतर्क रहें

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कई जगह प्रदूषण का स्तर 500 तक पहुँच गया है । जबकि 100 से ज़्यादा होने पर प्रदूषित माना जाता है। वायु प्रदूषण के इस ख़तरनाक बढ़ाव को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को सुबह व शाम को घर से बाहर घूमने, व्यायाम करने या किसी भी खेल गतिविधि से दूर रहने की सलाह दी है। यह भी कहा है कि घर से बाहर निकलते समय प्रदूषण का स्तर जरूर देखें। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने इस संबंध में सभी राज्यों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए जागरूकता पर अधिक से अधिक जोर देने के लिए कहा है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि इन दिनों वायु प्रदूषण का स्तर काफी जोखिम भरा है। दिल्ली के अलावा आसपास के कई शहरों से प्रदूषण बढ़ने की खबरें सामने आ रही हैं।ऐसे में स्थानीय प्रशासन व सरकार को मिलकर प्रदूषण के खिलाफ रोकथाम उपायों पर ध्यान देना चाहिए। पराली जलाने जैसी घटनाओं पर लोगों को जागरूक करना चाहिए। निजी वाहनों के बजाय सरकारी परिवहन सेवाओं का इस्तेमाल करनाचाहिए। वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं आ रही हैं। लोगों को सूखी खांसी, काला कफ, सांस लेने में तकलीफ और अस्थमा की दिक्कत आ रही है। इनसे बचने के लिए घर से बाहर कम से कम निकलें। जिन इलाकों में प्रदूषण का स्तर ज्यादा है, वहां बाहर की अधिकांश गतिविधियां कम से कम करें। बुजुर्ग और गर्भवती को विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ प्रदूषण की रोकथाम को लेकर सक्रिय कदम उठाए जाएं।

## आक्रमणकारियों और मैकाले ने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली पर हमला किया : मोहन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि आक्रमणकारियों ने तक्षशिला और नालंदा में असाधारण शिक्षण संस्थानों को नष्ट कर दिया, जबकि लॉर्ड मैकाले जैसे ब्रिटिश प्रशासकों ने देश की पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को बर्बाद करने की कोशिश की। यादव ने राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक भारतीय शिक्षा अपनी मजबूत नींव के साथ आक्रमणकारियों और मैकाले के विनाश के प्रयासों का सामना कर सकी। उन्होंने कहा, ब्रिटिश शासन के दौरान लॉर्ड मैकाले ने पारंपरिक भारतीय शिक्षा प्रणाली को बर्बाद करने की पूरी कोशिश की। थॉमस बैबिंगटन के नाम से जन्मे लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में अंग्रेजी और ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली की शुरूआत की थी।

### एजुकेशन/करियर

**कोर्स**
- सर्टिफिकेट इन फिजिकल एजुकेशन
- बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन
- डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन
- मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन



# फिजिकल एजुकेशन में बना सकते है अपना करियर

फिजिकल एजुकेशन का मतलब है शारीरिक शिक्षा यानी शरीर से जुड़ी हर एक चीज़ की जानकारी होना। इसमें आपको व्यायाम, साफ-सफाई, योग और जिमनास्टिक जैसी चीज़े सिखाई जाती हैं। लेकिन इसका सबसे ज़रूरी काम हेल्दी बॉडी और हेल्दी माइंड के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इसी वजह से यह कोर्स हमारे एजुकेशन सिस्टम का ज़रूरी हिस्सा बन चूका है। साथ ही इससे फिटनेस पर लोगों की जानकारी भी बढ़ती है। फिजिकल एजुकेशन एक ऐसा फील्ड बन चुका है जिसमें अब आपको अपने करियर के लिए काफी स्कोप मिलेगा। लेकिन इसमें अपने करियर की शुरुआत करने के लिए आपको फिजिकल एजुकेशन का कोर्स करना पड़ेगा। देखा जाए तो, आज के समय में एक फिजिकल एजुकेशन टीचर या प्रोफेसर की काफी डिमांड है। अगर आपकी रुचि अकादमिक विषयों में नहीं है, और खेल-कूद या फिटनेस में ज़्यादा रुझान है तो आप फिजिकल एजुकेशन का कोर्स करके इसमें अपना करियर सवार सकते हैं। इस फील्ड में आपको करियर के अच्छे स्कोप मिलेंगे। आप इस प्रोफेशनल कोर्स को करने के बाद फिजिकल एजुकेशन टीचर, फिटनेस इंस्ट्रक्टर या फिर एक स्पोर्ट्स टीचर के तौर पर गवर्नमेंट या प्राइवेट सेक्टर में आसानी से जॉब ले सकते हैं।

**भारतीय विश्वविद्यालय**
- लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय
- शारीरिक शिक्षा संस्थान,
- ग्वालियर
- एसईएस कॉलेज ऑफ
- फिजिकल एंड कॉलेज ऑफ
- एजुकेशन, जलगांव
- वाईएमसीए कॉलेज ऑफ
- फिजिकल एजुकेशन, चेन्नई
- शारीरिक शिक्षा कॉलेज, पुणे
- इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा और
- खेल विज्ञान संस्थान, दिल्ली
- वाईएमसीए कॉलेज ऑफ
- फिजिकल एजुकेशन, बैंगलोर
- सविता देवी महाविद्यालय, मेरठ
- शारीरिक शिक्षा के बालीपाल कॉलेज,बालासोर
- ज्योतिबा कॉलेज ऑफ
- फिजिकल एजुकेशन, नागपुर



**करियर स्कोप**
- ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट
- ह्यूमन काइनेटिकस स्पेशलिस्ट
- स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर
- रेफ़री/अंपायर
- चिरोप्रेक्टर
- एथलेटिक ट्रेनर
- हेल्थ एजुकेटर
- जेरियाट्रिक हेल्थ स्पेशलिस्ट
- एडप्टिव फिजिकल एजुकेशन स्पेशलिस्ट
- फिजिकल एजुकेशन टीचर
- रिक्रिएशन वर्कर
- फिजिकल थेरेपिस्ट
- स्पोर्ट्स मैनेजमेंट
- गेरोन्टोलॉजी
- हेल्थ रिसर्चर
- एथलेटिक कोच
- फिटनेस स्पेशलिस्ट-पर्सनल ट्रेनर, फिटनेस डायरेक्टर
- एक्सरसाइज साइंस
- एक्सरसाइज फिजियोलॉजिस्ट
- स्पोर्ट्स मेडिसन